
Postal Regn No./C.G./RYP DN/48/2022-24 website- www.dvpnews.in रायपुर (छ.ग.) एवं झांसी (उ.प्र.) से एक साथ प्रकाशित राष्ट्रीय हिन्दी पत्र

# दैनिक विश्व परिवार

● अंक : 05 ● वर्ष : 12 ● रायपुर, मंगलवार 11 जून 2024 ● पृष्ठ : 08 ● मूल्य : 3 रूपए ● संस्थापक : कीर्तिशेष- श्री कैलाश चन्द्र जैन

**सुविचार**



अहिंसा का जीवित स्वरुप भी तीर्थकरों के जीवन में देखने को मिलते हैं।

A live vision of nonviolence is reflected in the lives of all teerthankars.

आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज

### प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के तीसरे कार्यकाल का धमाकेदार आगाज

## पहला फैसला किसानों के नाम, 20000 करोड़ की सम्मान निधि की फाइल पर किए हस्ताक्षर



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तीसरी बार अपना कार्यभार ग्रहण कर लिया है। सोमवार को प्रधानमंत्री कार्यालय पहुंचे मोदी का स्वागत कर्मचारियों ने ताली बजाकर किया। इसके बाद उन्होंने सबसे पहले किसानों से संबंधित फाइल पर हस्ताक्षर किए। उन्होंने किसानों निधि की 17वीं किस्त जारी कर दी है। किसान निधि जारी होने से 9.3 करोड़ किसानों को लाभ होगा और लगभग 20,000 करोड़ रुपये वितरित किए जाएंगे। अब तक किसानों को 16 किस्तें जारी हो चुकी हैं।

नरेंद्र मोदी ने रविवार को राष्ट्रपति भवन में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में प्रधानमंत्री के रूप में तीसरी बार शपथ ली थी। उनके साथ 71 और सांसदों ने भी मंत्री पद की शपथ ली। इसी के साथ ही मोदी जवाहरलाल नेहरू के बाद तीसरी बार शपथ लेने वाले दूसरे प्रधानमंत्री बन गए हैं। मोदी सरकार 3.0 में 30 कैबिनेट मंत्री, 5 राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) और 36 राज्य मंत्रियों ने शपथ ली।

शपथ लेते ही मोदी ने अपने नाम कई बड़े रिकॉर्ड किए हैं। वे लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने वाले पहले गैर-कांग्रेसी नेता बन गए हैं इसके अलावा वे स्वतंत्र भारत के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के अलावा एकमात्र ऐसे व्यक्ति बन गए हैं, जिन्होंने अपने नेतृत्व में लगातार 3 लोकसभा चुनाव जीतकर सरकार बनाई है। वे आजादी के बाद से 3 बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने वाले तीसरे व्यक्ति भी बन गए हैं।

ज्ञात हो कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) की तीसरी सरकार में वह सर्वसम्मति से प्रधानमंत्री पद के लिए चुने गए हैं। उनके साथ कई अन्य मंत्रियों और राज्य मंत्रियों ने शपथ ली ।बता दें कि 18वीं लोकसभा के लिए हुए चुनाव में 543 में से एनडीए को 292 सीटें मिली हैं, जबकि इंडिया गठबंधन को 234 सीटें मिली हैं।

### मोदी 3.0 कैबिनेट का बड़ा फैसला, पीएमएवाई के तहत बनेंगे 3 करोड़ नए घर

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** मोदी कैबिनेट 3.0 की पहली बैठक में बड़ा फैसला लिया गया है। इस फैसले के तहत 3 करोड़ ग्रामीण और शहरी घरों के निर्माण के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना (पीएमएवाई) के अंदर सहायता दी जाएगी। 2015-16 में मोदी सरकार की तरफ से घरों के निर्माण के लिए पात्र ग्रामीण और शहरी परिवारों को सहायता प्रदान करने के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना की शुरुआत की गई थी। अभी तक 10 वर्षों में आवास योजनाओं के तहत पात्र गरीब परिवारों के लिए कुल 4.21 करोड़ घर बनाए गए हैं। पीएमएवाई के तहत निर्मित सभी घरों को केंद्र सरकार और राज्य सरकारों की अन्य योजनाओं के साथ ही अन्य बुनियादी सुविधाएं जैसे शौचालय, एलपीजी कनेक्शन, बिजली कनेक्शन, जल के लिए नल कनेक्शन आदि प्रदान की जाती है। ऐसे में मोदी 3.0 कैबिनेट की बैठक में लोगों की आवास आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए 3 करोड़ अतिरिक्त ग्रामीण और शहरी परिवारों को घर बनाने के लिए सहायता प्रदान करने का निर्णय लिया गया है। इन घरों का निर्माण शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में किया जाएगा।

## मोदी कैबिनेट में विभागों का हुआ बंटवारा; अमित शाह ही संभालेंगे गृह, राजनाथ के हाथ में रक्षा

### जेपी नड्डा को मिला स्वास्थ्य मंत्रालय, नितिन गड़करी रिपीट तो शिवराज, खट्टर को मिली बड़ी जिम्मेदारी



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई में बनी राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की सरकार में मंत्रियों के विभागों का बंटवारा कर दिया गया है। नागपुर से सांसद नितिन गडकरी को फिर से सड़क परिवहन मंत्रालय की जिम्मेदारी दी गई है। अमित शाह को दोबारा गृह, राजनाथ सिंह को रक्षा मंत्रालय और एस जयशंकर को विदेश मंत्रालय सौंपा गया है। मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को कृषि मंत्रालय की जिम्मेदारी मिली है।

भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा को स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री और रसायन और उर्वरक मंत्री बनाया गया है। इससे पहले वे 2014 में भी मंत्री बनाए गए थे। निर्मला सीतारमण पर बतौर वित्त मंत्री दोबारा भरोसा जताया गया है। हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर को आवास और शहरी मामलों के मंत्री और बिजली मंत्री, धर्मेंद्र प्रधान को शिक्षा मंत्री और पीयूष गोयल को वाणिज्य और उद्योग मंत्री नियुक्त किया गया है।

एचडी कुमारस्वामी को भारी उद्योग और स्टील मंत्रालय, जीतन राम मांझी को सुक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग मंत्रालय, राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह को पंचायती राज, मत्स्य, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय, गिरिराज सिंह को कपड़ा मंत्रालय, अश्विनी वैष्णव को रेल, आईटी, सूचना एवं प्रसारण, ज्योतिरादित्य सिंधिया को टेलीकॉम और उत्तर-पूर्व क्षेत्र के विकास का मंत्रालय, भूपेंद्र यादव को पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, गजेंद्र सिंह शेखावत को कला पर्यटन और संस्कृति मंत्रालय की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

अन्नपूर्णा देवी यादव को महिला और बाल विकास मंत्री बनाया गया है। अब तक स्मृति ईरानी इस मंत्रालय को संभाल रही थीं, लेकिन वे चुनाव हार गई हैं। किरेन रिजिजू को संसदीय कार्य और अल्पसंख्यक मामलों का मंत्री, हरदीप सिंह पुरी को पेट्रोलियम मंत्री, मनसुख मंडाविया को श्रम और रोजगार और खेल मंत्री, जी किशन रेड्डी को कोयला और खान मंत्री, चिराग पासवान को खाद्यप्रसंस्करण मंत्री और सीआर पाटिल को जल शक्ति मंत्री बनाया गया है।

राव इंद्रजीत सिंह को सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय, योजना मंत्रालय और संस्कृति मंत्रालय में राज्य मंत्री बनाया गया है ।जितेन्द्र सिंह को विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), प्रधानमंत्री कार्यालय राज्य मंत्री, कार्मिक, लोक शिकायत एवं पेंशन मंत्रालय राज्य मंत्री, परमाणु ऊर्जा विभाग राज्य मंत्री तथा अंतरिक्ष विभाग राज्य मंत्री की जिम्मेदारी मिली है। अर्जुन राम मेघवाल को कानून एवं न्याय मंत्रालय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) बनाया गया है।

एनडीए के सहयोगियों में कुमारस्वामी, जीतन राम मांझी, ललन सिंह, चिराग पासवान और किंजरापु राममोहन नायडू को कैबिनेट मंत्री बनाया गया है ।जाधव प्रतापराव गणपतराव को आयुष मंत्रालय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) और स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री बनाया गया है। जयंत चौधरी को कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) तथा शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री नियुक्त किया गया है। सहयोगी पार्टियों के 4 अन्य नेताओं को भी राज्य मंत्री बनाया गया है।

शपथ ग्रहण के बाद पीएम मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा कि वह अपने मंत्रिपरिषद के साथ मिलकर काम करते हुए देश के 140 करोड़ लोगों की सेवा करने और देश को विकास की नई ऊंचाइयों पर ले जाना चाहते हैं. उन्होंने कहा, मंत्रियों की यह टीम युवा और अनुभव का बेहतरीन मिश्रण है. हम लोगों के जीवन में सुधार के लिए कोई कोर-कसर नहीं छोड़ेंगे. पीएम मोदी पंडित जवाहरलाल नेहरू के बाद लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने वाले दूसरे व्यक्ति हैं.

### यहां देखें पूरी लिस्ट...

| नाम | रैंक | मंत्रालय |
|---|---|---|
| अमित शाह | कैबिनेट मंत्री | गृह मंत्रालय |
| राजनाथ सिंह | कैबिनेट मंत्री | रक्षा मंत्रालय |
| नितिन गडकरी | कैबिनेट मंत्री | सड़क परिवहन मंत्रालय |
| जेपी नड्डा | कैबिनेट मंत्री | स्वास्थ्य मंत्रालय |
| धर्मेंद्र प्रधान | कैबिनेट मंत्री | शिक्षा मंत्रालय |
| जीतन राम मांझी | कैबिनेट मंत्री | एमएसएमई मंत्रालय |
| राजीव रंजन सिंह | कैबिनेट मंत्री | पंचायती राज मंत्रालय |
| सर्बानंद सोनोवाल | कैबिनेट मंत्री | पोर्ट और शिपिंग का पुराना मंत्रालय |
| डॉ वीरेंद्र कुमार | कैबिनेट मंत्री | सामाजिक न्याय एवं कल्याण मंत्रालय |
| राममोहन नायडू | कैबिनेट मंत्री | नागरिक उड्डयन मंत्रालय |
| प्रल्हाद जोशी | कैबिनेट मंत्री | उपभोक्ता मंत्रालय |
| जुएल ओरांव | कैबिनेट मंत्री | जनजातीय कार्य मंत्रालय |
| गिरिराज सिंह | कैबिनेट मंत्री | कपड़ा मंत्रालयअश्वनी वैष्णव |
| अश्वनी वैष्णव | कैबिनेट मंत्री | सूचना प्रसारण मंत्रालय एवं रेल मंत्रालय |
| ज्योतिरादित्य सिंधिया | कैबिनेट मंत्री | दूरसंचार मंत्रालय |
| गजेन्द्र सिंह शेखावत | कैबिनेट मंत्री | संस्कृति एवं पर्यटन राज्य मंत्री |
| अन्नपूर्णा देवी | कैबिनेट मंत्री | महिला एवं बाल विकास मंत्रालय |
| किरेन रिजिजू | कैबिनेट मंत्री | संसदीय कार्य मंत्री |
| हरदीप सिंह पुरी | कैबिनेट मंत्री | पेट्रोलियम मंत्रालय |
| डॉ मनसुख मंडाविया | कैबिनेट मंत्री | श्रम मंत्रालय |
| चिराग पासवान | कैबिनेट मंत्री | खाद्य प्रसंस्करण उद्योग |
| सीआर पाटील | कैबिनेट मंत्री | जल शक्ति मंत्रालय |
| राव इंद्रजीत सिंह | राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार | संस्कृति एवं पर्यटन राज्य मंत्री |

## प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने दी बधाई

**रायपुर (आरएनएस)।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को लगातार तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने पर छत्तीसगढ़ की तीन करोड़ जनता की ओर से हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने अपने बधाई संदेश में कहा है कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के कुशल एवं मजबूत नेतृत्व में एनडीए का तीसरा कार्यकाल विकसित भारत के विराट संकल्पों की सिद्धि का परिचायक बनेगा। साथ ही आने वाला समय भारत की नई उपलब्धियों की पूर्णता का साक्षी होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि डबल इंजन की सरकार से छत्तीसगढ़ के विकास को नई ऊंचाईयां मिलेगी। मुख्यमंत्री श्री साय ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मंत्री परिषद में शामिल सभी सदस्यों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

### मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने नई दिल्ली में पत्रकारों से की चर्चा, कहा-

## मात्र सौ दिनों में हमारी सरकार ने मोदी की गारंटी के सभी प्रमुख वादों को प्राथमिकता से पूरा किया



**रायपुर/दिल्ली (विसं)।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने रविवार को नई दिल्ली में पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में भारतीय जनता पार्टी की सरकार को मुश्किल से 6 महीने हुए हैं। 6 महीने में हम लोगों को कम काम करने का अवसर मिला। इसके बाद लोकसभा चुनाव की घोषणा हो गई। आचार संहिता लागू हो गई, लेकिन आचार संहिता लागू होने से पहले मात्र सौ दिनों में हमारी सरकार ने मोदी की गारंटी के सभी प्रमुख वादों को प्राथमिकता से पूरा किया है। जिसका बेहतर परिणाम हमें लोकसभा में मिला। मोदी जी सहित हमारी सरकार पर भी लोगों का विश्वास बढ़ा है। आगामी समय में गारंटी के बचे हुए वादे को सांय-सांय पूरा करेंगे।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि विधानसभा के चुनाव में हमें छत्तीसगढ़ की जनता का भरपूर आशीर्वाद मिला। छत्तीसगढ़ के मतदाताओं ने मोदी की गारंटी, भारतीय जनता पार्टी, हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी पर विश्वास किया और चौथी बार हम लोगों ने सरकार बनाई। पहले की तीन बार की जो भाजपा सरकार थी, उससे भी ज्यादा आशीर्वाद भाजपा को मिला। 54 सीटें और 46त्न से ज्यादा वोट पार्टी को मिला। जनता के भरोसे पर खरा उतरते हुए हमने 100 दिनों में मोदी की गारंटी के प्रमुख वादे को पूरा किया।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि कांग्रेस सरकार में 18 लाख लोग पिछले पांच साल में प्रधानमंत्री आवास से वंचित हो गए थे। चुनाव प्रचार के दौरान प्रधानमंत्री जी का भी कहना था कि अगर छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बनती है, तो जो मुख्यमंत्री होगा वह सबसे पहले प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत करने का काम करेगा।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि मुझे बताते हुए गौरव हो रहा है कि 13 दिसंबर 2023 को हम लोग शपथ लिए और 14 दिसंबर को ही 18 लाख प्रधानमंत्री आवास की स्वीकृति दे दी। 25 दिसंबर 2023 को पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी जी की जयंती, सुशासन दिवस के अवसर पर हम लोगों ने 12 लाख से ज्यादा किसानों को 2 साल का बकाया का बोनस देने का काम किया।

## मतदाताओं का आभार जताने आज रायबरेली जाएंगे राहुल, प्रियंका

**रायबरेली (आरएनएस)।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी और उनकी बहन प्रियंका गांधी वाड्रा मंगलवार को रायबरेली में एक कार्यक्रम को संबोधित करेंगे। दोनों मतदाताओं का आभार जताने के लिए यहां पहुंच रहे हैं।

पार्टी सूत्रों ने बताया कि यह कार्यक्रम पहले अमेठी में होना था, लेकिन बाद में इसे बदल कर रायबरेली कर दिया गया। कांग्रेस की अमेठी जिला इकाई के प्रमुख प्रदीप सिंघल ने बताया कि मतदाताओं का आभार जताने के लिए यह कार्यक्रम मंगलवार को रायबरेली के भुएमऊ गेस्ट हाउस परिसर में आयोजित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि भीषण गर्मी से बचने के लिए कार्यक्रम स्थल बदला गया है।

सिंघल ने बताया कि इस कार्यक्रम में राहुल गांधी और प्रियंका गांधी के साथ अमेठी से नवनिर्वाचित सांसद किशोरी लाल शर्मा भी मौजूद रहेंगे।

## बांग्लादेश की पीएम शेख हसीना से दिल्ली में सोनिया, राहुल और प्रियंका ने की मुलाकात



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** कांग्रेस नेता सोनिया गांधी ने सोमवार को बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना से मुलाकात की। सोनिया गांधी और शेख हसीना के बीच मुलाकात नई दिल्ली में हुई।

इस मुलाकात में कांग्रेस सांसद राहुल गांधी और कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा भी मौजूद रहीं। कांग्रेस ने मुलाकात की आधिकारिक जानकारी देते हुए बताया कि कांग्रेस संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी, पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी और पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने दिल्ली में सोमवार दोपहर बांग्लादेश के प्रधानमंत्री शेख हसीना से मुलाकात की है। कांग्रेस ने मुलाकात की तस्वीरें भी साझा की। मुलाकात के दौरान सोनिया गांधी ने गर्मजोशी से शेख हसीना को गले लगाया।

गौरतलब है कि बांग्लादेश की प्रधानमंत्री भारत की नई सरकार के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने दिल्ली आई थीं। वह रविवार शाम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनकी कैबिनेट के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुईं। नरेंद्र मोदी ने रविवार शाम तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ ली है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने उन्हें राष्ट्रपति भवन के प्रांगण में आयोजित समारोह में प्रधानमंत्री पद की शपथ दिलाई।

शपथ ग्रहण समारोह में सात देशों के नेता, अक्षय कुमार, शाहरुख, रजनीकांत जैसे फिल्म स्टार तो दूसरी और श्रमिक व सफाई कर्मचारी भी अतिथि थे। शपथ ग्रहण समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर कई विदेशी मेहमान राष्ट्रपति भवन के प्रांगण में मौजूद थे। इनमें नेपाल, बांग्लादेश और भूटान के प्रधानमंत्री व मालदीव के राष्ट्रपति शामिल थे। सेशेल्स के उप-राष्ट्रपति, अहमद अफीफ व मॉरीशस के प्रधानमंत्री प्रविंद कुमार जगन्नाथ भी यहां पहुंचे। नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल रविवार को नरेंद्र मोदी व उनकी कैबिनेट के शपथ ग्रहण समारोह के साक्षी बने।

## मारे गए तीर्थयात्रियों के परिजनों को 10 लाख रुपये की सहायता राशि मंजूर

**जम्मू (आरएनएस)।** जम्मू-कश्मीर सरकार ने सोमवार को रियासी आतंकी हमले में मारे गए तीर्थयात्रियों के परिजनों को 10 लाख रुपये की अनुग्रह राशि मंजूर की। एलजी मनोज सिन्हा ने एक्स पर लिखा, रियासी आतंकी हमले में शहीद हुए तीर्थयात्रियों के परिजनों को 10 लाख रुपये की अनुग्रह राशि दी जाएगी। घायलों को 50,000 रुपये दिए जाएंगे। घायल तीर्थयात्रियों का जम्मू और रियासी के विभिन्न अस्पतालों में इलाज चल रहा है। रविवार को रियासी जिले के पोनी इलाके के येरयाथ गांव में उत्तर प्रदेश के तीर्थयात्रियों को ले जा रही एक बस पर आतंकवादियों ने हमला कर दिया जिसमें 10 तीर्थयात्री मारे गए और 33 घायल हो गए।

बस शिव खोरी मंदिर से कटरा शहर वापस आ रही थी, तभी आतंकवादियों ने उस पर गोलीबारी की। इसके बाद चालक ने बस पर नियंत्रण खो दिया। बस गहरी खाई में गिर गई, जिससे 10 तीर्थयात्रियों की मौके पर ही मौत हो गई और 33 अन्य घायल हो गए। एलजी सिन्हा ने कहा कि जिला प्रशासन ने सभी आवश्यक सहायता प्रदान करने के लिए एक नियंत्रण कक्ष बनाया है।

## चक्रधरपुर रेल मंडल में आरसीसी स्लेब का लांचिंग हेतु ब्लॉक के कारण कुछ गाड़ियों का परिचालन रहेगा प्रभावित

**रायपुर (विश्व परिवार)।** दक्षिण पूर्व रेलवे के चक्रधरपुर मंडल के अंतर्गत काँसबहाल-राजगंगपुर सेक्शन में स्थित समपार संख्या 221 में आरसीसी स्लेब का लांचिंग का कार्य ब्लॉक लेकर किया जाएगा। इसके फलस्वरूप दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से चलने/गुजरने वाली कुछ यात्री गाड़ियों का परिचालन प्रभावित रहेगा। जिसका विवरण इस प्रकार है-

**रदद होने वाली गाडियां**- दिनांक 12 जून 2024 को टाटानगर व नेताजी सुभाष चंद्र बोस(इतवारी) से रवाना होने वाली गाडी संख्या 18109/18110 टाटानगर-नेताजी सुभाष चंद्र बोस(इतवारी)-टाटानगर एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

**देरी से रवाना होने वाली गाडियाँ**- दिनांक 11 जून 2024 को एलटीटी से रवाना होने वाली गाडी संख्या 22511 एलटीटी-कामाख्या एक्सप्रेस 07 घंटे देरी से रवाना होगी। दिनांक 11 जून 2024 को योग नगरी ॠषिकेश से रवाना होने वाली गाडी संख्या 18478 एक्सप्रेस 03 घंटे 45 मिनट देरी से रवाना होगी। दिनांक 11 जून 2024 को सीएसएमटी से रवाना होने वाली गाडी संख्या 12261 सीएसएमटी-हावड़ा दुरन्तो एक्सप्रेस 04 घंटे देरी से रवाना होगी। दिनांक 12 जून 2024 को हावड़ा से रवाना होने वाली गाडी संख्या 12262 हावड़ा-सीएसएमटी दुरन्तो एक्सप्रेस 07 घंटे देरी से रवाना होगी।

**गंतव्य से पहले समाप्त/प्रारम्भ होने वाली गाड़ी**- दिनांक 11 जून 2024 को आरा से रवाना होने वाली 13288 आरा-दुर्ग साउथ बिहार एक्सप्रेस राउरकेला स्टेशन में समाप्त होगी तथा 12 जून 2024 को 13287 दुर्ग-आरा साउथ बिहार एक्सप्रेस के रूप में राउरकेला स्टेशन से प्रारम्भ होगी। इस प्रकार दिनांक 12 जून 2024 को 13288/13287 आरा-दुर्ग-आरा साउथ बिहार एक्सप्रेस, दुर्ग9राउरकेला-दुर्ग के मध्य रद्द रहेगी।

## 6 स्थानों पर वेडिंग जोन बनाया जाएगा

**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में 6 स्थानों पर वेडिंग जोन बनाया जाएगा। इसके लिए रायपुर ट्रैफ्क्कि पुलिस अव्यवस्था दुरुस्त करने की कवायद कर रही है। इसके लिए 6 स्थानों पर वेडिंग जोन बनाया जाएगा। बताया जा रहा है कि पहले चरण में मॉडल स्वरूप 6 अलग-अलग जगहों पर वेंडिंग जोन के लिए भूमि चिन्हित की गई है। इन वेंडिंग ज़ोन के टेंडर पंजीकृत विज्ञापन एजेंसियों के माध्यम से रेवन्यू शेयरिंग मॉडल की तर्ज पर मॉडल वेंडिंग जोन बनाये जाएगा। नगर निगम की टाउन वेंडिंग कमेटी ने स्वीकृति दे दी है। विज्ञापन एजेंसियों के माध्यम से रेवन्यू शेयरिंग पर आधारित होगा जिसमें तीन स्थलों के लिए टेंडर जारी कर दिए गए हैं। नगर निगम कमिश्नर अबिनाश मिश्रा ने बताया कि प्रथम चरण में 6 स्थलों जब्बार नाला के पास पॉम बलाजियों के सामने खम्हारडीह, पुजारी पार्क के पास टिकरापारा, कारी तालाब के पास आमापारा, आमानाका फ्लाई ओव्हर के नीचे स्थित शासकीय भूमि, बूढ़ातालाब के पास एवं पंडरी में महालक्ष्मी कपड़ा मार्केट के पीछे की भूमि को वेंडिग जोन के रूप में विकसित किये जाने हेतु चिन्हित किया गया है।

## चुनाव आयोग ने किया सात राज्यों की 13 विधानसभा सीटों पर उपचुनाव का एलान

### 10 जुलाई को मतदान और 13 को आएंगे नतीजे




**नई दिल्ली (आरएनएस)।** चुनाव आयोग ने सोमवार को पश्चिम बंगाल की चार सीटों सहित सात राज्यों की 13 विधानसभा सीटों पर उपचुनाव की तारीखों का एलान कर दिया। उपचुनाव मौजूदा सदस्यों की मृत्यु या इस्तीफे के कारण रिक्त सीटों पर कराए जाएंगे।

जिन विधानसभा सीटों पर उपचुनाव होने हैं, उनमें बिहार की रूपौली, पश्चिम बंगाल की रायगंज, रानाघाट दक्षिण, बागदा और मानिकतला, तमिलनाडु की विक्रवंडी,मध्यप्रदेश की अमरवाड़ा, उत्तराखंड की बद्रीनाथ और मंगलौर, पंजाब की जालंधर पश्चिम और हिमाचल प्रदेश की देहरा, हमीरपुर और नालागढ़ शामिल हैं।

चुनाव की अधिसूचना 14 जून को जारी की जाएगी। नामांकन पत्र दाखिल करने की अंतिम तिथि 21 जून है। नामांकन की जांच 24 जून को होगी और नामांकन पत्र वापस लेने की अंतिम तिथि 26 जून है। उपचुनाव 10 जुलाई को होंगे और मतों की गिनती 13 जुलाई को होगी। चुनाव आयोग ने कहा कि उपचुनाव 15 जुलाई से पहले पूरे होने हैं।

## सर्चिंग के दौरान 9 नक्सली गिरफ्तार

**बीजापुर (आरएनएस)।** सुरक्षाबलों को नक्सलियों के खिलाफ बड़ी कामयाबी मिली है. सर्च ऑपरेशन के दौरान जवानों ने दो अलग-अलग थाना क्षेत्रों से 9 नक्सलियों को गिरफ्तार किया है. यह कार्रवाई डीआरजी, कोबरा 205, सीआरपीएफ 196 बटालियन की संयुक्त टीम ने की है. जानकारी के अनुसार, बीजापुर में चलाये जा रहे माओवादी विरोधी अभियान के तहत क्षेत्र में सघन सर्चिंग किया जा रहा है. इस दौरान उसूर, नैमेड थाना क्षेत्रान्तर्गत कडेर और आवापल्ली के जंगलों में डीआरजी, कोबरा 205, सीआरपीएफ 196 बटालियन की संयुक्त टीम ने 09 माओवादियों मिलिशिया को गिरफ्तार किया गया. पकड़े गए माओवादी लंबे समय से माओवादी संगठन में सक्रिय रूप से कार्यरत थे. पकड़े गए 09 माओवादी क्षेत्र में मार्ग अवरुद्ध करने, ढ्ढश्वष्ठ प्लांट करने, शासन विरोधी पम्पलेट, बैनर लगाने, हत्या, आगजनी जैसे घटना में शामिल है. सभी के विरुद्ध थाना उसूर और नैमेड में वैधानिक कार्रवाई के बाद उन्हें न्यायिक रिमांड पर न्यायालय में पेश किया गया है.

दैनिक

# विश्व परिवार

रायपुर/दुर्ग-भिलाई/बलौदाबाजार

रायपुर, मंगलवार 11 जून 2024

www.dvpnews.in
vishwapariwarraipur@gmail.com



## शिशु मंदिर नवापारा में प्रशिक्षण वर्ग में शारिरिक अभ्यास करते प्रशिक्षार्थी




**नवापारा राजिम ( विश्व परिवार )।** सरस्वती शिशु मंदिर नवापारा में सात दिवसीय आचार्य संकल्पना प्रशिक्षण वर्ग 2024 में प्रशिक्षार्थियों को विद्या भारती के पांच मूलभूत विषय के तहत प्रमुख रूप से नियमित शारिरिक शिक्षा दी जा रहीं जिससे विद्यार्थियो को पढ़ाई से साथ ही उन्हें मानसिक रूप से नई ऊर्जा उत्साह और स्वस्थ जीवन शैली के लिए तैयार किया जा सके।

प्रशिक्षक नामदास लहरे प्रधानाचार्य राजिम ने बताया की शारीरिक शिक्षा का उद्वेश्य एक बलवान अच्छे खिलाड़ी साहसी निडर और सक्रिय बालक बालिका का निर्माण करना हैं जो कर्मठ होकर देश और धर्म की रक्षा कर सकें।विद्या भारती के सभी विद्यालयों में छात्रों के शारिरिक विकास के लिए प्रयास एवं व्यवस्था की जाती है। इसी अवधारणा के तहत विशेषज्ञों ने कक्षा के अनुरूप शारीरिक शिक्षा का पाठ्यक्रम बनाया है। शारीरिक शिक्षा का विशेष प्रशिक्षण देने के लिए केंद्र स्थापित किए गए हैं जिसमे प्रशिक्षित होकर नए शिक्षको को हम शिक्षित करते हैं। इससे शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक और आध्यात्मिक विकास का मार्ग प्रशस्त होता है। इस वर्ग में प्रशिक्षार्थियों को नियमित एक घंटा शारिरिक गतिविधी का अभ्यास करवाया जा रहा है जिसमे समता व्यायाम योग और खेल सम्मिलित है प्रशिक्षक नामदास लहरे राजिम,मनोज साहू महासमुंद, अश्वनी निषाद खरोरा, रूपेश साहू कसेकेरा, उत्तम साहू राजिम, के मार्गदर्शन में शारिरिक क्रिया सफलता पूर्वक संचालित हो रहीं हैं। रायपुर विभाग समन्वयक रामकुमार वर्मा, मानिक लाल साहू राजिम विभाग समन्वयक प्रांत प्रशिक्षण प्रमुख के दिशा निर्देशन में आठ जून से प्रारंभ यह वर्ग पंद्रह जून शाम तक चलेगी,जिसमें विद्यार्थी के सर्वांगीण विकास के लिए विभिन्न नवाचारी प्रयोग शामिल हैं वंदना,संवाद सत्र,शिक्षण सत्र नई शिक्षा नीति भारत माता की आरती,सभी के लिए समय सारणी निर्धारित हैं। श्री राम जानकी शिक्षण समिति के अध्यक्ष विनोद शर्मा, सचिव वीरेंद्र कुमार साहू, उपाध्यक्ष प्रफुल्ल दुबे, प्राचार्य गौरीशंकर निर्मलकर प्रशिक्षण वर्ग की संपूर्ण चिंतन कर प्रशिक्षार्थियों को पूर्ण सुविधा देने के लिए प्रयासरत हैं जिससे उन्हे किसी प्रकार समस्याओं का सामना न करना पड़े।


### कार्यालय, कार्यपालन अभियंता
### परियोजना क्रियान्वयन इकाई क्र.-1
### छत्तीसगढ़ ग्रामीण सड़क विकास अभिकरण, रायपुर

Phone no. 0771-4916130 E-mail ID- cg-rai@pmgsy.nic.in

क्र. 785/ले.अ./छगग्रासविअ/2024 रायपुर, दिनांक 07/06/2024

**// निविदा की सूचना //**

छत्तीसगढ़ ग्रामीण सड़क विकास अभिकरण में रखी शासकीय वाहन क्रमांक सी.जी. 02-2534 (टाटा इंडिका), एवं सी.जी. 02-1171 (महिन्द्रा मार्शल) को विक्रय किया जाना है। इस हेतु निविदा दिनांक 20.06.2024 को दोपहर 3:00 बजे तक कार्यालय में आमंत्रित की जाती है।

इच्छुक निविदाकार वाहन के अवलोकन एवं विस्तृत जानकारी के लिए कार्यालयीन समय में कार्यालय से जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

**वाहन का विवरण**

| वाहन क्रमांक | वाहन का प्रकार | ऑफसेट प्राईस | जमानत राशि |
|---|---|---|---|
| सी.जी. 02-2534 | टाटा इंडिका | रू. 45000/- | रू. 5000/- |
| सी.जी. 02-1171 | महिन्द्रा मार्शल | रू. 75000/- | रू. 8000/- |

**कार्यपालन अभियंता**
**परियोजना क्रियान्वयन इकाई क्र.-1**
**छ.ग. ग्रामीण सड़क विकास अभिकरण**
**रायपुर (छ.ग.)**

SAMVAD- 40309/ 4


## विधायक रोहित साहू ने हर्षोल्लास के साथ मनाया अपना जन्मदिन

**राजिम ( विश्व परिवार )।** किसी जनप्रतिनिधि का राजिम क्षेत्र में जन्मदिन का यह पहला अवसर है, जब राजिम विधानसभा क्षेत्र के हजारों लोगों ने अपनी उपस्थिति देकर जन्मदिन के गवाह बने हैं। वह राजिम विधानसभा क्षेत्र के विधायक रोहित साहू का है। शनगर के कृषि उपज मंडी प्रांगण में सुबह 12 बजे से केक काटने के साथ ही बधाई देने का सिलसिला प्रारंभ हुआ, जो रात 8 बजे तक निरंतर चला। राजिम विधानसभा क्षेत्र के जिला पंचायत, जनपद सदस्य, ग्राम पंचायत के सरपंच, वार्ड पंच, भाजपा संगठन के पदाधिकारी गणों, कार्यकर्ताओ के अलावा सामाजिक पदाधिकारी ने भी पहुंचकर ज़ गुलदस्ता भेंट कर बधाई दिए। रोहित साहू को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष किरणदेव, जिले के प्रभारी मंत्री दयालदास बघेल, विधायक गणों इंद्र कुमार साहू, ईश्वर साहू, नवनिर्वाचित सांसद रुपकुमारी चौधरी, पूर्व सांसद चुन्नीलाल साहू, पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय, सहित अनेक विधायकों ने बधाई दी है। रोहित साहू ने आज सुबह सर्व प्रथम भगवान श्री राजिवलोचन, श्रीकुलेशवर नाथ महादेव, मां महामाया देवी, बाबा गरीबनाथ महादेव मंदिर पहुंचकर सपरिवार दर्शन पूजन किये। और राजिम विधानसभा के क्षेत्रवासियों के लिए सुख समृद्धि की कामना किए। तत्पश्चात श्री साहू ने यादव धर्मशाला में पौधे रोपे।


### कार्यालय जोन क्रमांक-10, नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

**:: निविदा आमंत्रण सूचना ::**

क्रमांक 01/न.पा.नि./जोन-10/24-25 रायपुर, दिनांक 10.06.2024

दिनांक 16.03.2024 से लोकसभा निर्वाचन 2024 में आदर्श आचार संहिता लागू होने के कारण कार्यों की निविदा स्थगित की गई थी। दिनांक 06.06.2024 को आदर्श आचार संहिता के समाप्ति पश्चात् पुनः निविदा क्र. एवं तिथियों को संशोधित किया जाता है।

**मैनुअल पद्धति निविदा आमंत्रण की जाती है :-**

01. निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन तिथि - **20.06.2024** कार्यालयीन समय 5:00 बजे तक
02. निविदा प्राप्त करने की तिथि - **21.06.2024** कार्यालयीन समय 5:00 बजे तक
03. निविदा जमा करने की तिथि - **01.07.2024** कार्यालयीन समय 3:00 बजे तक
04. निविदा खोलने की तिथि - **01.07.2024** कार्यालयीन समय 5:00 बजे तक

**कार्य का विवरण निम्नानुसार है :-**

| क्र. | कार्य का नाम | आगणित राशि (लाख में) | अमानती राशि | निविदा प्रपत्र मूल्य | ठेकेदार की श्रेणी | प्रपत्र एवं एस.ओ.आर. का विवरण | समयावधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | ले.अरविंद दीक्षित वार्ड क्र.56 अंतर्गत 03 नग हैण्ड पम्प सम्बर्सिबल पम्प लगाने कार्य। (जल कष्ट मद) | 1.90 | 2000/- | 300/- | 'डी' एवं इससे ऊपर | प्रपत्र 'अ' (पी.डब्ल्यू.डी. इले. दिनांक 01.06.2020 संशोधित एस.ओ.आर. ) | 01 माह |
| 02 | रानी दुर्गावती वार्ड क्र.50 अंतर्गत सांई विहार कालोनी में इंटरकनेक्शन का कार्य। (सड़क बाधा मद) | 0.68 | 1500/- | 300/- | 'डी' एवं इससे ऊपर | प्रपत्र 'अ' (पी.एच.ई दिनांक 01.06.2020 संशोधित एस.ओ.आर. ) | 01 माह |
| 03 | डॉ.राजेन्द्र प्रसाद वार्ड क्र.52 अंतर्गत व्ही.आई.पी. रोड में अंदर की ओर मार्ग पर जी.एस.बी. प्रदाय एवं बिछाने का कार्य। (संधारण मद) | 1.31 | 2000/- | 300/- | 'डी' एवं इससे ऊपर | प्रपत्र 'अ' (पी.डब्ल्यू.डी. रोड दिनांक 01.01.2015 संशोधित एस.ओ.आर. ) | 01 माह |
| 04 | डॉ.राजेन्द्र प्रसाद वार्ड क्र.52 अंतर्गत महात्मा गांधी नगर गली नं. 02 एवं 03 में पाईप लाईन विस्तार कार्य। (जल कष्ट मद) | 8.00 | 6000/- | 750/- | 'डी' एवं इससे ऊपर | प्रपत्र 'अ' (पी.एच.ई दिनांक 01.06.2020 संशोधित एस.ओ.आर. ) | 02 माह |
| 05 | रानी दुर्गावती वार्ड क्र.50 अंतर्गत मौलश्री विहार में डिवाईडर उन्नयन एवं पेटिंग का कार्य।(सामान्य मद) | 6.81 | 5100/- | 750/- | 'डी' एवं इससे ऊपर | प्रपत्र 'अ' (पी.डब्ल्यू.डी. भवन दिनांक 01.01.2015 संशोधित एस.ओ.आर. ) | 02 माह |
| 06 | जोन क्र.10 अंतर्गत जल विभाग हेतु सम्बर्सिबल पम्प प्रदाय का कार्य। (जल कष्ट मद) | 1.90 | 2000/- | 300/- | 'डी' एवं इससे ऊपर | प्रपत्र 'अ' (पी.एच.ई दिनांक 01.06.2020 संशोधित एस.ओ.आर. ) | 01 माह |
| 07 | बाबू जगजीवन राम वार्ड क्र.53 अंतर्गत विभिन्न स्थानों में सड़क नाली अन्य मरम्मत कार्य।(सड़क बाधा मद) | 1.98 | 2000/- | 300/- | 'डी' एवं इससे ऊपर | प्रपत्र 'अ' (पी.डब्ल्यू.डी. भवन दिनांक 01.01.2015 संशोधित एस.ओ.आर. ) | 01 माह |
| 08 | जोन क्र.10 अंतर्गत जल विभाग हेतु डी. ज्वाइंट एवं मेकनिकल ज्वाइंट प्रदाय का कार्य।(संधारण मद) | 0.86 | 2000/- | 300/- | 'डी' एवं इससे ऊपर | प्रपत्र 'अ' (पी.एच.ई दिनांक 01.06.2020 संशोधित एस.ओ.आर. ) | 01 माह |
| 09 | जोन क्र.10 अंतर्गत जल विभाग हेतु सम्बर्सिबल पम्प हेतु केबल प्रदाय का कार्य। (जल कष्ट मद) | 0.62 | 1200/- | 300/- | 'डी' एवं इससे ऊपर | प्रपत्र 'अ' (पी.डब्ल्यू.डी. भवन दिनांक 01.01.2015 संशोधित एस.ओ.आर. ) | 01 माह |
| 10 | जोन क्र.10 अंतर्गत जल विभाग हेतु कंट्रोल पेनल प्रदाय का कार्य।(जल कष्ट मद) | 1.56 | 2000/- | 300/- | 'डी' एवं इससे ऊपर | प्रपत्र 'अ' (पी.डब्ल्यू.डी. इले. दिनांक 01.06.2020 संशोधित एस.ओ.आर. ) | 01 माह |
| 11 | बाबू जगजीवन राम वार्ड क्र.53 अंतर्गत महात्मा गांधी नगर में नैना ब्यूटी पार्लर गली तक सी.सी. रोड मरम्मत कार्य। (संधारणमद) | 1.91 | 2000/- | 300/- | 'डी' एवं इससे ऊपर | प्रपत्र 'अ' (पी.डब्ल्यू.डी. रोड दिनांक 01.01.2015 संशोधित एस.ओ.आर. ) | 01 माह |
| 12 | बाबू जगजीवन राम वार्ड क्र.53 अंतर्गत वर्धमान नगर जे-ब्लॉक में पाईप लाईन विस्तार कार्य।(सामान्य मद) | 2.00 | 2000/- | 300/- | 'डी' एवं इससे ऊपर | प्रपत्र 'अ' (पी.डब्ल्यू.डी. भवन दिनांक 01.01.2015 संशोधित एस.ओ.आर. ) | 01 माह |
| 13 | ले.अरविंद दीक्षित वार्ड क्र.56 अंतर्गत पुराना राजेन्द्र नगर में चबुतरा निर्माण कार्य। (पार्षद निधि) | 2.50 | 2500/- | 750/- | 'डी' एवं इससे ऊपर | प्रपत्र 'अ' (पी.डब्ल्यू.डी. भवन दिनांक 01.01.2015 संशोधित एस.ओ.आर. ) | 02 माह |
| 14 | ले.अरविंद दीक्षित वार्ड क्र.56 अंतर्गत वृद्धावन उद्यान में चेयर पार्षद निधि से प्रदाय करने कार्य। (पार्षद निधि) | 1.00 | 2000/- | 300/- | 'डी' एवं इससे ऊपर | प्रपत्र 'स' (नॉन एस.ओ.आर. ) | 01 माह |
| 15 | डॉ.राजेन्द्र प्रसाद वार्ड क्र.52 अंतर्गत महात्मा गांधी नगर शिव मंदिर गार्डन में चबुतरा निर्माण कार्य। (पार्षद निधि) | 1.00 | 2000/- | 300/- | 'डी' एवं इससे ऊपर | प्रपत्र 'अ' (पी.डब्ल्यू.डी. भवन दिनांक 01.01.2015 संशोधित एस.ओ.आर. ) | 02 माह |

1. नगर पालिक निगम, रायपुर द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु लोक निर्माण विभाग छ.ग. शासन, रायपुर में एकीकृत पंजीयन प्रणाली से सक्षम श्रेणी में पंजीकृत तथा कार्य के अनुभवी ठेकेदारों से तीन लिफाफा पद्धति जमा करना है।
2. लिफाफा (अ) में अमानती राशि का एफ.डी.आर. व शपथ पत्र एवं चाही गई समस्त दस्तावेज।
3. लिफाफा (ब) में निविदा प्रपत्र भरकर सीलबंद करना होगा।
4. (अ)+(ब) एक अन्य तीसरे लिफाफा (स) में भरकर ही स्पीड पोस्ट के द्वारा प्राप्त किया जावेगा।
5. सर्वप्रथम लिफाफा (स) खोलने के पश्चात् लिफाफा (अ) खोला जावेगा जिसमें अमानती राशि का एफ.डी.आर. एवं अन्य चाही गई दस्तावेज होने पर ही निविदा प्रपत्र की लिफाफा (ब) खोली जावेगी तथा लिफाफे में अ, ब, स अंकित होगा अनिवार्य है।
6. निविदा जमा करने की तिथि एवं खोलने के तिथि में किसी वजह से अवकाश घोषित होता है तो वह कार्यालयीन दिवस में किया जावेगा।
7. सक्षम श्रेणी का ई-रजिस्ट्रेशन, बैक सालवेंसी, अंतिम तीन साल का आईटीआर, पेन कार्ड, जीएसटी रजिस्ट्रेशन एवं अंतिम तीन माह का जी.एस.टी.आर., अमानती राशि का एफ.डी.आर. के साथ जमा करना अनिवार्य होगा।
8. तीन वर्ष के आयकर की बाध्यता नए फर्मों के लिए बाध्यकारी नहीं होगी।
9. किसी भी निविदा को स्वीकार अथवा अस्वीकार करने का अधिकार नगर निगम रायपुर के पास सुरक्षित है।
10. निविदा संबंधी अन्य शर्तें एवं जानकारियाँ कार्यालय अवधि / दिवस में प्राप्त की जा सकती है।
11. ठेकेदार को **From A** में दिये गये सभी शर्ते के अनुसार कार्य किये जाना अनिवार्य है।

**घरों से निकलने वाले गीला और सूखा कचरे को सफाई मित्र (वाहन) को देवें**

**जोन आयुक्त,**
**जोन क्रमांक-10**
**नगर पालिक निगम, रायपुर**



### कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव, जिला- रायपुर (छ.ग.)

Email :birgaonmcp@gmail.com,
Website : www.nagarnigambirgaon.com

**-: निगम अभिलेखों में नामांतरण की सूचना :-**

**नामांतरण प्रकरण क्र. 152 दिनांक 10.06.2024**
**वार्ड का नाम- रानी लक्ष्मी बाई वार्ड**
**वार्ड क्र. 7 वर्ष- 2024-25**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नानुसार भवन/भूमि जो कि निगम के संपत्ति कर मांग पंजी में वार्ड क्रमांक 7 मांग **पंजी क्र. 192 युआईडी 12846** अनुसार अधिभोगी का नाम श्री/श्रीमती **संतोष लोधी/ दशरथ लोधी** से दर्ज है, श्री/श्रीमती **बिसतीन बाई साहू/ राधेश्याम साहू** अधिभोगी के द्वारा रजिस्ट्री/ लिखत द्वारा/ वंशानुक्रम/ बिक्रीनामा आधार पर अधिभोग प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त अधिभोग परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर/अथवा दिनांक **10-07-2024** तक प्रकरण क्रमांक सहित कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव में लिखित दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई दावा-आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी। दावा-आपत्ति प्राप्त नहीं होने की स्थिति में अधिभोगी के द्वारा देय राशि भुगतान उपरांत अधिभोगी के पक्ष में नामांतरण की कार्यवाही की जावेगी।

**सहायक राजस्व अधिकारी**
**नगर पालिक निगम, बीरगांव**
**जिला-रायपुर ( छ.ग. )**



### कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव, जिला- रायपुर (छ.ग.)

Email :birgaonmcp@gmail.com,
Website : www.nagarnigambirgaon.com

**-: निगम अभिलेखों में नामांतरण की सूचना :-**

**नामांतरण प्रकरण क्र. 153 दिनांक 10.06.2024**
**वार्ड का नाम- मां शीतला वार्ड**
**वार्ड क्र. 16 वर्ष- 2024-25**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नानुसार भवन/भूमि जो कि निगम के संपत्ति कर मांग पंजी में वार्ड क्रमांक 16 मांग **पंजी क्र. 1042 युआईडी 34554** अनुसार अधिभोगी का नाम श्री/श्रीमती **यशुला हटीले/ छोटेलाल हटीले** से दर्ज है, श्री/श्रीमती **1. जितेन्द्र हटिले 2. अजय हटिले 3. रामकुमार हटिले/ छोटेलाल हटिले** अधिभोगी के द्वारा रजिस्ट्री/ लिखत द्वारा/ वंशानुक्रम/ बिक्रीनामा आधार पर अधिभोग प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त अधिभोग परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर/अथवा दिनांक **10-07-2024** तक प्रकरण क्रमांक सहित कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव में लिखित दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई दावा-आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी। दावा-आपत्ति प्राप्त नहीं होने की स्थिति में अधिभोगी के द्वारा देय राशि भुगतान उपरांत अधिभोगी के पक्ष में नामांतरण की कार्यवाही की जावेगी।

**सहायक राजस्व अधिकारी**
**नगर पालिक निगम, बीरगांव**
**जिला-रायपुर ( छ.ग. )**



### कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव, जिला- रायपुर (छ.ग.)

Email :birgaonmcp@gmail.com,
Website : www.nagarnigambirgaon.com

**-: निगम अभिलेखों में नामांतरण की सूचना :-**

**नामांतरण प्रकरण क्र. 154 दिनांक 10.06.2024**
**वार्ड का नाम- माधव राव सप्रे वार्ड**
**वार्ड क्र. 19 वर्ष- 2024-25**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नानुसार भवन/भूमि जो कि निगम के संपत्ति कर मांग पंजी में वार्ड क्रमांक 19 मांग **पंजी क्र. 761 युआईडी 34715** अनुसार अधिभोगी का नाम श्री/श्रीमती **शंकरलाल खत्री/ कमल कुमार खत्री** से दर्ज है, श्री/श्रीमती **रिकी जायसवाल/ सतीश जायसवाल** अधिभोगी के द्वारा रजिस्ट्री/ लिखत द्वारा/ वंशानुक्रम/ बिक्रीनामा आधार पर अधिभोग प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त अधिभोग परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर/अथवा दिनांक **10-07-2024** तक प्रकरण क्रमांक सहित कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव में लिखित दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई दावा-आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी। दावा-आपत्ति प्राप्त नहीं होने की स्थिति में अधिभोगी के द्वारा देय राशि भुगतान उपरांत अधिभोगी के पक्ष में नामांतरण की कार्यवाही की जावेगी।

**सहायक राजस्व अधिकारी**
**नगर पालिक निगम, बीरगांव**
**जिला-रायपुर ( छ.ग. )**


## जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र में आर्मी भर्ती हेतु कौशल परीक्षा पूर्व तैयारी

**जगदलपुर ( विश्व परिवार )।** भारतीय सैन्य अग्निवीर थल सेना भर्ती 2024 का कम्प्यूटर जनित परीक्षा परिणाम सेना भर्ती कार्यालय द्वारा घोषित कर दिया गया है। कम्प्यूटर जनित परीक्षा में उत्तीर्ण आवेदकों का कौशल (शारीरिक दक्षता) परीक्षा माह दिसम्बर 2024 के प्रथम सप्ताह में जिला रायगढ़ में संभावित है। बस्तर जिले के इच्छुक आवेदक कौशल (शारीरिक दक्षता) परीक्षा पूर्व तैयारी करना चाहते हैं वे 30 जून 2024 तक, जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र, आड़ावाल जगदलपुर में अथवा कार्यालयीन ईमेल आई.डी. ddirempl@gmail.com या आवेदक स्वयं उपस्थित होकर नाम दर्ज करवा सकते हैं। कौशल (शारीरिक दक्षता) परीक्षा की विस्तृत जानकारी हेतु सेना भर्ती वेबसाइट www.joinindianarmy.nic.in पर मिल जाएगी।


### कार्यालय सम्पदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-02, शंकर नगर रायपुर (छ.ग.), फोन नं.- 0771-4903223

Email Id: eocghbzone02@gmail.com

**आम-सूचना**

सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि अटल आवास योजनांतर्गत **मुनगी फेस-02,** जिला-रायपुर में स्थित भवन क्रमांक-166, **श्रीमती कीर्ति सिंह पति श्री रविन्द्र कुमार सिंह,** के नाम से एकमुश्त/स्ववित्तीय आधार पर आबंटित है। आबंटी द्वारा उक्त भवन की लीजडीड दिनांक **26.03.2014** पंजीकृत कराने उपरान्त भवन की पूर्ण राशि जमाकर दिनांक **09.06.2014** को आधिपत्य आदेश प्राप्त कर लिया है, वर्तमान में उक्त आबंटी का संबंध विच्छेद (तलाक) हो जाने के कारण **श्रीमती कीर्ति सिंह पति श्री रविन्द्र कुमार सिंह,** निवासी-आर.डी.ए. कॉलोनी, नूतन स्कूल के पास, टिकरापारा, रायपुर, जिला-रायपुर (छ.ग.) के द्वारा उक्त भवन को **श्रीमती कीर्ति माहेश्वरी पिता श्री प्रेम नारायण माहेश्वरी** के नाम से कार्यालयीन रिकार्ड के दस्तावेजों पर अपना सरनेम व पिता का नाम दर्ज किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत की गई है। मण्डल अधिवक्ता के अभिमत के अनुसार **श्रीमती कीर्ति माहेश्वरी पिता श्री प्रेम नारायण माहेश्वरी** का सरनेम व पिता का नाम दर्ज किया जा रहा है।

अतः उक्त भवन में **अपना सरनेम व पिता का नाम दर्ज किये जाने** हेतु किसी, व्यक्ति शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक अथवा वित्तीय संस्था, को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

**सम्पदा अधिकारी,**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,**
**सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-02, रायपुर ( छ.ग. )**



### कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-2)

शहीद समारक भवन, फाफाडीह, रायपुर
Email ID - rmczone2@gmail.com

पत्र क्रं./12021/न.पा.नि./जोन क्रं.-2/2024
रायपुर दिनांक : 10-06-2024

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 12021**
**वार्ड का नाम- 14- रमण मंदिर वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 14 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.- **RPR223A00190** जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती **MRS. MOUSAMI KAMDAR** पिता/पति, श्री/श्रीमती **PRATIK KAMADAR** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **SHRI SURENDRA SINGH HANSPAL** पिता/पति, श्री/श्रीमती **S/O JAGJEET SINGH HANSPAL** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें
**श्री आर.के. डोंगरे**
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रमांक- ( 2 )**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**



### कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-2)

शहीद समारक भवन, फाफाडीह, रायपुर
Email ID - rmczone2@gmail.com

पत्र क्रं./12022/न.पा.नि./जोन क्रं.-2/2024
रायपुर दिनांक : 10-06-2024

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 12022**
**वार्ड का नाम- 14- रमण मंदिर वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 14 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.- **RPR223A00207** जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती **MR. KISHORE KUMAR** पिता/पति, श्री/श्रीमती **MEDHAJI MOTA** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **SMT. DHARAMLATA MITTAL** पिता/पति, श्री/श्रीमती **W/O SHRI RAMESH MITTAL** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें
**श्री आर.के. डोंगरे**
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रमांक- ( 2 )**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**



### कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-2)

शहीद समारक भवन, फाफाडीह, रायपुर
Email ID - rmczone2@gmail.com

पत्र क्रं./12017/न.पा.नि./जोन क्रं.-2/2024
रायपुर दिनांक : 10-06-2024

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 12017**
**वार्ड का नाम- 36 - हवलदार अब्दूल हमीद वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 36 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.- **RPR436H00026** जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती **DHANPAT RAI** पिता/पति, श्री/श्रीमती **MAKHAN LAL** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **श्री राजपाल अग्रवाल** पिता/पति, श्री/श्रीमती **पिता- श्री धनपत राय गुप्ता** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत दानपत्र**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें
**श्री आर.के. डोंगरे**
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रमांक- ( 2 )**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**



### कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-2)

शहीद समारक भवन, फाफाडीह, रायपुर
Email ID - rmczone2@gmail.com

पत्र क्रं./11999/न.पा.नि./जोन क्रं.-2/2024
रायपुर दिनांक : 10-06-2024

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र. क्र. 11999**
**वार्ड का नाम- 28 - हवलदार अब्दूल हमीद वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 28 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.- **RPR223M00022** जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती **MRS. SHARDA BEN ASRA** पिता/पति, श्री/श्रीमती **MULJIBHAI ASRA** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **1. सुरेश आशरा 2. महेश आशरा 3. भरत आशरा 4. परेश आशरा एवं 5. सुभाष आशरा** पिता/पति, श्री/श्रीमती **सभी के पिता- स्व. श्री मूलजी भाई आशरा** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें
**श्री आर.के. डोंगरे**
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रमांक- ( 2 )**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**



### कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-1)

संतोषी नगर, खमतराई पानी टंकी, रायपुर
E-mail ID - rmczone1@gmail.com

पत्र क्र./11740/ न.पा.नि./जोन क्र.-1/2024
रायपुर, दिनांक 10-06-2024

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र. क्र. 11740**
**वार्ड का नाम- 5 - बंजारी माता मंदिर वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 5 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR105D00538** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **BHARAT SAHU** पिता/पति, श्री/श्रीमती **MAKANLAL SAHU** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **CHHABI RAM SAHU** पिता/पति, श्री/श्रीमती **BHARAT SAHU** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत दानपत्र**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री हितेन्द्र यादव**
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रमांक- ( 1 )**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**



### कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-1)

संतोषी नगर, खमतराई पानी टंकी, रायपुर
E-mail ID - rmczone1@gmail.com

पत्र क्र./11873/ न.पा.नि./जोन क्र.-1/2024
रायपुर, दिनांक 10-06-2024

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र. क्र. 11873**
**वार्ड का नाम- 18 - बालगंगाधर तिलक वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 18 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR110B00137** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **NEELKANTH PAL** पिता/पति, श्री/श्रीमती **LATE. BHAU RAM PAL** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **SHIV KUMAR PAL** पिता/पति, श्री/श्रीमती **LATE. BHAU RAM PAL** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत दानपत्र**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री हितेन्द्र यादव**
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रमांक- ( 1 )**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**



### कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-6)

आई.एस.बी.टी. चतुर्थ तल, रावणभाठा, रायपुर
Email ID - rmczone6@gmail.com

पत्र क्रं./11978/न.पा.नि./जोन क्रं. 6/2024
रायपुर दिनांक : 10-06-2024

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 11978**
**वार्ड का नाम- 59 - मोरेश्वर राव गद्रे वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 59 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.- **RPR651C0282D** जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती **DUTTA BUILDCON PVT LTD BY P.V.S. NAGESH** पिता/पति, श्री/श्रीमती **DUTTA BUILDCON** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **PRAVIN KUMAR SINGH** पिता/पति श्री/श्रीमती **LATE. MANIMUNNA SINGH** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रमांक- ( 6 )**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

# रेत का अवैध खनन बेखौफ जारी बरसात पूर्व कर रहें हैं भंडारण



**दंतेवाड़ा।** खनिज विभाग के संरक्षण में रेत माफिया धड़ल्ले से अवैध खनन में जुटे हुए हैं। दंतेवाड़ा के जारम एक में युद्धस्तर पर रेत परिवहन और भंडारण जारी है। पंचायत के कंधे पर बंदूक रखकर तस्कर मालामाल हो रहे हैं। खदानों में जिस तरह से जेसीबी मशीने लगी है करोड़ों का खेला किया जा रहा है। सरकार किसी की भी रहे इनपर कोई असर नहीं पड़ता। यूं तो दंतेवाड़ा जिले के चारों ब्लाकों में ह्यबरसात पूर्व रेत का भंडारण किया जा रहा है। उल्लेखनीय यह है कि एक पीटपास बनाकर सैकड़ों गाड़ियों को पास कर दिया जाता है। खनिज विभाग के कर्मी भी इस हमाम में शामिल होते है। करोडो की रायल्टी चोरी के साथ बरसात के दिनों में तिगुनी कीमत पर रेत को बेचते हैं। खनिज विभाग से प्रश्न पूछने पर जानकारी नहीं होने की बात कहते जांच करने का तुर्रा फेंक दिया जाता है। दशकों से खनिज विभाग और रेत माफियाओं के गठबंधन को जिला झेल रहा है। दबंगों के इस खेल में कोई हाथ डालने की हिमाकत नहीं करता इसी बात का जमकर फायदा ये तस्कर उठाते हैं।दंतेवाड़ा कटेकल्याण मार्ग पर अनेक खदाने हैं जहां बगैर पीटपास के रेत परिवहन किया जा रहा है।जारम रेत खदान में सैकड़ों ट्रैक्टर और हाईवा इस काम में दिन रात लगी हैं। खानापूर्ति के लिए कुछ छोटी मछलीयों पर कार्यवाही भी होती है लेकिन बड़ी मछलीयां अपना काम करते रायल्टी पर डाका डालते रहते हैं। देखना होगा कि इन रेत माफियाओं पर नई सरकार और जिला प्रशासन कितना साहस से कार्यवाही कर पाता है या फिर बहती गंगा में हाथ धोने में लग जाता है।

# नाईक को अपेक्स इंडिया विजिनरी लीडर अवार्ड एवं परियोजना को एचआर, सीएसआर और ग्रीन लीफप्लेटिनम अवार्ड




**दंतेवाड़ा।** नई दिल्ली के शांगरी-ला-इरोज होटल में आयोजित 8वां अपेक्स इंडिया फाउंडेशन का एचआर अवार्ड-2023 समारोह संपन्न हुआ। समारोह के मुख्य अतिथि भारत सरकार के सांसद मनोज तिवारी तथा विशिष्ट अतिथि भारत सरकार,श्रम व रोजगार मंत्रालय के डा. अवनीश सिंह महानिदेशक डीजीएफएएसएलआई (सेवानिवृत्त) विशेष रूप से उपस्थित थे। अपेक्स इंडिया फाउंडेशन,नई दिल्ली द्वारा एनएमडीसी की परियोजना बीआईओएम, किरंदुल कॉम्प्लेक्स के मुख्य महाप्रबंधक पद्मनाभ नाईक को अपेक्स इंडिया विजिनरी लीडर अवार्ड से उनके कुशल नेतृत्व एवं मार्गदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। इसी तरह किरंदुल परियोजना को एचआर एक्सीलेन्स प्लेटिनम, सीएसआर एक्सीलेन्स प्लेटिनम एवं ग्रीन लीफ एक्सीलेन्स प्लेटिनम अवार्ड से सम्मानित किया गया।यह अवार्ड मेटर और माइनिंग सेक्टर में एचआर (मानव संसाधन) कार्मिक, सीएसआर (नैगम सामाजिक दायित्व) और पर्यावरण विभाग को उनके क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्यो के लिए सम्मानित किया गया है। उपरोक्त सभी अवार्ड दिल्ली से प्राप्त होने पर पद्मनाभ नाईक को बी के माधव उप महाप्रबंधक (कार्मिक) ने अपने करकमलों से सौंपा।इस अवसर पर अवनीश शर्मा,सहायक महाप्रबंधक (पर्यावरण),शैलेन्द्र सोनी सहायक महाप्रबंधक (कार्मिक), विवेक रक्षा, प्रबंधक (सीएसआर), अमित कुमार फुलझेले, प्रबंधक/एसओटी व अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।अवार्ड प्राप्त होने पर नाईक ने हर्ष व्यक्त करते हुए सभी को हार्दिक बधाई दी।

# बाबा साहेब सेवा संस्था की बैठक आयोजित, विभिन्न विषयों पर हुई चर्चा

- कहा समाज के सभी वर्गों को संगठित कर समाज बचाना है तो वृक्ष लगाने होंगे




**कोण्डागांव।** जिला मुख्यालय कोंडागांव में अंबेडकर चौक कोर्ट के सामने बाबा साहेब सेवा संस्था कार्यालय कोंडागांव में बैठक आयोजित किया गया। जिसमें विभिन्न विषय पर चर्चा की गई। इस बैठक में जिले की सभी तहसीलों में बाबा साहेब सेवा संस्था के ब्लॉक अध्यक्ष व पदाधिकारी का गठन करने के साथ ही चयनित स्थानों में पौधारोपण की बात प्रस्तावित की गई। जिलाध्यक्ष मुकेश मार्कण्डेय ने कहा कि, संस्था का मूल उद्देश्य बिना किसी भेदभाव के समाज के सभी वर्गों को संगठित कर राष्ट्र की सेवा करना तथा रचनात्मक गतिविधियों के माध्यम से सामाजिक सदभाव और राष्ट्रीय एकता की भावना का विकास करना है। इसी कड़ी में पर्यावरण को संरक्षित करना भी समाज के लिए महत्वपूर्ण है। इसलिए संस्था के सभी सदस्य जिले के चयनित स्थानों पर पौधा रोपण करने के साथ ही उनकी देखभाल भी करेंगे। इस बैठक के दौरान संस्था के संरक्षक तिलक पांडे, पंचू सागर, अध्यक्ष मुकेश मार्कडेय, सदस्य पुष्कर सिंह मंडावी, रमेश पोयाम, ओमप्रकाश नाग, देवानंद चौरे, वीरेन्द्र नेताम, मंगउ देवांगन, भुवन लाल मार्कडेय, बीरज नाग, संदीप कोर्राम, हितेंद्र श्रीवास, लखेश बेर, सिद्धार्थ महाजन, सत्येंद्र भोयर, नीरज उइके, अनुज कुमार व संस्था के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## बादल अकादमी के 11 अनियमित पदों पर सेवा देने 18 से 21 जून तक होगी वॉक-इन-इंटरव्यू

**जगदलपुर।** आमचो बस्तर हेरिटेज सोसायटी, जिला-बस्तर अन्तर्गत संस्थाएं-बस्तर एकेडमी ऑफ डांस आर्ट एण्ड लिटरेचर (बादल) के 11 अनियमित पदों पर वॉक-इन-इंटरव्यू के माध्यम से सेवा लिया जाना है। जिसकी विस्तृत जानकारी वेबसाइट https://bastar.gov.in पर उपलब्ध है। इच्छुक उम्मीदवार 14 जून 2024 तक सुबह 10:30 से शाम 05 बजे तक कार्यालय आमचो बस्तर हेरिटेज सोसायटी बादल आसना जगदलपुर, जिला-बस्तर (छत्तीसगढ़) में निर्धारित शुल्क जमा कर आवेदन प्राप्त कर सकते हैं। जिसके तहत भाषा संकाय सहायक अतिथि शिक्षक गोंडी,भतरी एवं धुरवी के लिए 18 जून,अतिथि शिक्षक भरतनाट्यम, संगतकार तबला एवं संगतकार मृदंगम हेतु 19 जून,अतिथि शिक्षक थियेटर एवं चित्रकला हेतु 20 जून और अतिथि शिक्षक योग, आवासीय प्रभारी एवं भृत्य के लिए 21 जून 2024 प्रातः साढ़े 10 बजे से कार्यालय आमचो बस्तर हेरिटेज सोसायटी बादल आसना जगदलपुर में वॉक-इन-इंटरव्यू होगी।

# सुप्रजा के तहत एक दिवसीय प्रशिक्षण सम्पन्न





**धमतरी।** कलेक्टर नम्रता गांधी के मार्गदर्शन में आयुष विभाग, पंचायत, स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आज सुप्रजा के तहत विकासखण्ड स्तरीय एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। जिले के धमतरी, कुरूद, मगरलोड और नगरी में आयोजित इस प्रशिक्षण में आयुष विभाग के मास्टर ट्रेनर्स, एनआरएलएम बिहान के बीपीएम, एरिया कोऑर्डिनेटर, एडीईओ तथा महिला एवं बाल विकास विभाग को पर्यवेक्षकों को सुप्रजा के अंतर्गत गर्भ संस्कार, गर्भिणी परिचर्चा, गर्भस्थापक एवं गर्भस्थ शिशुओं के सम्पूर्ण विकास की जानकारी विस्तार से दी गई। साथ ही प्रशिक्षुओं को सुप्रजा के महत्व एवं व्यापक प्रचार प्रसार के लिए गर्भ स्थापक औषधियों का जीवन्त प्रदर्शन भी किया गया।

## नगर पंचायत बस्तर का सम्पूर्ण क्षेत्र नजूल घोषित

**जगदलपुर।** राज्य शासन द्वारा जारी दिशा-निर्देश के तहत कलेक्टर विजय दयाराम के. द्वारा जिले अंतर्गत नगर पंचायत बस्तर के सीमाओं के सम्पूर्ण क्षेत्र को नजूल घोषित किया गया है। ज्ञात हो कि छत्तीसगढ़ भू-राजस्व संहिता 1968 की धारा 2 में दी गई नगरीय क्षेत्र की परिभाषा के अनुसार किसी ग्राम को स्थानीय निकाय घोषित करने अथवा उसकी सीमाओं में सम्मिलित करने से ग्राम की आबादी तथा अन्य महत्वपूर्ण खुली भूमि नजूल हो जाती है। राज्य शासन के द्वारा प्रकाशित अधिसूचना के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य नगरपालिका अधिनियम 1961 (कमांक 37 सन् 1961) की धारा 29 की उपधारा (1) में प्रदत्त शक्तियों के अधीन नगर पंचायत बस्तर के 15 वार्डो की सीमाओं के अन्तर्गत सम्पूर्ण क्षेत्र को राजस्व पुस्तक परिपत्र के खण्ड चार के प्रावधानों के अन्तर्गत नजूल घोषित किया गया है। नजूल क्षेत्र घोषित होने के कारण राजस्व पुस्तक परिपत्र के खण्ड चार 1 के प्रावधानों के अनुसार नगर पंचायत बस्तर का नजूल अभिलेख निर्माण एवं आबादी स्थल पर स्थित भूखण्डों के भू-भाटक के निर्धारण एवं पुनरीक्षण की कार्यवाही संपादित की जावेगी।

# जुनावनी के जंगल में मिली महिला की अधजली लाश

**जगदलपुर।** बस्तर जिले के बकावंड जनपद में स्थित रिजर्व फारेस्ट के जुनावनी जंगल में एक महिला की अधजली लाश मिली है जिसकी सूचना पुलिस को दी गई है। प्राप्त जानकारी अनुसार आज सुबह जुनावनी जंगल की ओर कुछ महिलाएं गई थी तो एक महिला की जली लाश देख कर उनके होश उड़ गए। इस बात की जानकारी महिलाओं ने अपने घरों में दी जिसके बाद उसकी सूचना बकावण्ड़ थाने में की गई जिसके आधार पर महिला की लावारिस लाश को अपने कब्जे में ले लिया है किंतु उसकी शिनाख्त नहीं हो पा रहा है लेकिन महिला के शव को प्रथम दृष्टया देखने से ऐसा प्रतीत होता है कि मार कर उसके शव को जला दिया गया है जिससे उसकी शिनाख्त न हो।

## जिले के सात खिलाड़ियों का नेशनल टूर्नामेंट में चयन हुआ

**नारायणपुर।** फ़ीट इंडिया चौंपियन ट्रॉफी ताइक्वांडो चौंपियनसिप 7 से 8 जून 2024 को महाराष्ट्र आमगांव गोंदिया में होने जा रहा है, जिसमें अभूझमाड़ के नारायणपुर से सात खिलाड़ियों का नेशनल टूर्नामेंट में चयन हुआ है। इस टूर्नामेंट में जाने के लिए खिलाड़ियों हेतु कलेक्टर बिपिन मांझी एवं सहायक आयुक्त बद्रीश सुखदेवे द्वारा 32 हजार 200 रूपये दिया गया है। कोच आर. बलरामपूरी द्वारा बताया गया कि तीन साल से नारायणपुर में बच्चों को ताइक्वांडो, कीकबोक्ससिंग, मार्शल आर्ट की ट्रेनिंग दिया जा रहा है, जिसमे 450 मेडल खिलाड़ियों द्वारा प्राप्त किया गया है। 4 खिलाडी पुरे बस्तर से पहली बार एसजीएफआई में नेशनल खेला गया है, जिसमें खिलाड़ी विशाल भौमिक, अंजलि कौंगे, दिनु गावड़े, सुमन सलाम, दिव्या कौंगे, मुस्कान साहू, स्वेता भौमिक शामिल हैं।

## केवीके में खरीफ फसल के बुआई के पूर्व बीज को उपचारित के सम्बंध में कार्यशाला

**सुकमा।** विगत दिवस को ग्राम चिपुरपाल, ब्लॉक छिंदगढ़ में खरीफ फसल की तैयारी व सीड कम फर्टिलाइजर डील से कतार बोनी विषय पर ग्रामीण किसानों के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। कृषि विज्ञान केंद्र, सुकमा के विषय वस्तु विषेशज्ञ, श्री राजेन्द्र प्रसाद कश्यप ने ग्रामीणों को उन्नत कृषि के बारे में विस्तृत जानकारी दी। इसके लिये उन्होंने प्रमाणित या आधार श्रेणी के बीजों का चयन के साथ साथ बुआई के पूर्व बीज को फफूंदनाशक दवा से उपचारित करने की सलाह किसान भाइयों को दी। कृषि करने के आधुनिक कृषि उपकरणों से अवगत कराते हुए फसलों की कतारबद्ध बुआई करने की जानकारी दी। विशेषज्ञ ने किसानों को समूह अग्रिम पंक्ति फसल प्रदर्शन (क्लस्टर फ्रंट लाइन प्रदर्शन), फ्रंट लाइन प्रदर्शन व ऑन फार्म ट्रायल के तहत धान, मक्का, अरहर, तिल, सरसों फसल लगाने के लिए किसानो को अवगत कराया। इस अवसर पर कीट विज्ञान के विषय वस्तु विशेषज्ञ डॉं योगेश कुमार सिदार ने भी ग्रामीणों को धान कि फसल लगाने से पूर्व खेत की साफ-सफाई, खेत की जुताई एवं मेड़ों की मरमम्त करने की सलाह दी व धान मे नर्सरी अवस्था मे लगने वाले कीडे और बीमारियों के प्रबंधन के बारे में उत्तम जानकारी दी।

# केंद्रीय विद्यालय किरंदुल में 'रिड्यूस ई-वेस्ट' पर जागरूकता कार्यक्रम



**किरन्दुल।** केंद्रीय विद्यालय किरंदुल में 05 जून से 12 जून तक ग्रीष्मकालीन शिविर का आयोजन किया जा रहा है।प्राचार्य बलजिंदर सिंह एवं अध्यापक व ईको क्लब के समन्वयक जगदीश नारायण के नेतृत्व में आज अध्यापिका लीना कुमारी ने 'रिड्यूस ई-वेस्ट÷ विषय पर विद्यार्थियों को महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्रदान कीं। उन्होंने बताया कि आज के समय में इलेक्ट्रॉनिक आइटम जैसे फोन, कंप्यूटर,मशीन,लाइट इत्यादि को इस्तेमाल के बाद यूंही कूड़े में नहीं डालना चाहिए। ई-वेस्ट को कम करना बहुत ही आवश्यक है।यह न केवल हमारे पर्यावरण बल्कि हमारे स्वास्थ्य के लिए भी हानिकारक है। उन्होंने बताया कि कैसे ई-वेस्ट को रीसायकल किया जाता है और किस तरह से हम अपने घर पर ई-वेस्ट को पुनः उपयोग करके,दान करके या सृजनात्मक रूप से शिल्प बनाकर घर में सजावट कर सकते हैं।उदाहरण के लिए,सीडी से कोलाज बनाना,डेकोरेटिव हैंगिंग,कीबोर्ड की कीज से पेन होल्डर या फोटो फ्रेम बनाना। विद्यार्थियों ने प्रेरित होकर तरह-तरह के क्राफ्ट बनाए और इस कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक भाग लिया।

## साहू समाज के भवन प्रांगण में स्थापित कर्मा धाम मंदिर की प्रथम वर्षगांठ पर कार्यक्रम आयोजित

# संत माता कर्मा महोत्सव में आरु साहू ने दी शानदार प्रस्तुति






**किरंदुल।** लौहनगरी किरंदुल के फुटबॉल ग्राउंड के समीप स्थित तहसील साहू समाज के भवन प्रांगण में स्थापित कर्मा धाम मंदिर की प्रथम वर्षगांठ के पावन अवसर पर आयोजित श्री संत माता कर्मा महोत्सव के अवसर पर 7 जून को छत्तीसगढ़ प्रदेश की प्रसिद्ध छत्तीसगढ़ी सिंगर आरू साहू ने शानदार प्रस्तुति दी। सर्वप्रथम कार्यक्रम के मुख्य अतिथि किरंदुल परियोजना के किशन आहूजा (सीजीएम वर्कस), वाय वी राघवेलु महाप्रबंधक आर्सेलर मित्तल, राजा कुमार महाप्रबंधक उत्पादन, बी के माधव उप महाप्रबंधक कार्मिक, एस के कोचर महाप्रबंधक खनन, सुब्रमण्यम महाप्रबंधक विधुत, श्रमिक संघ एसकेएमएस के अध्यक्ष देवरायलु, सचिव राजेश संधू, प्रहलाद साहू थाना प्रभारी किरंदुल, इंटक के राकेश लाल त्रिलोक बांदे, एवम अन्य अतिथियों द्वारा कमार्धाम मंदिर में माता कर्मा जी की पूजा अर्चना की गई। तत्पश्चात छत्तीसगढ़ की प्रसिद्ध गायिका आरू साहू का शानदार कार्यक्रम प्रारंभ किया गया। जिनमे आरू साहू व उनकी टीम ने अपनी प्रस्तुति दी कर सभी को कार्यक्रम में बांधे रखा। आज के इस कार्यक्रम में नगर के सभी समाज के प्रतिनिधि भी विशेष रूप आए आमंत्रित थे।

# कॉलेज में मनाया गया विश्व पर्यावरण दिवस



**नारायणपुर।** भारत सरकार युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय एवं पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के निर्देशानुसार प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी ईको क्लब के सदस्यों एवं स्टाफ द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एस. आर. कुंजाम के संरक्षक में महाविद्यालय के ईको प्रभारी ने महाविद्यालय प्रांगण में वृक्षारोपण कर पेड़ पौधे संरक्षित रखने की शपथ दिलाई गई। प्राचार्य ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को पेड़ लगाने की आवश्यकता है, जिससे हमारे पर्यावरण में अवनयन की स्थिति ना हो और संतुलन व अनुकूलन वातावरण बना रहे। जिला संगठक श्री बी. डी. चांडक ने बताया कि पेड़ पौधे हमारे पृथ्वी के श्रृंगार ही नहीं बल्कि दीर्घ जीवन देने वाले औषधि का अनुपम वरदान है, जिसे संरक्षण की आवश्यकता है। हरीश चन्द्र वैध ने बताया कि हमारे सुनहरे भविष्य के लिए पेड़ लगाने की आवश्कता है क्योंकि वनों की कमी के चलते हमारा पर्यावरण में असंतुलन हो रहीं हैं, जिससे जलवायु परिवर्तन और स्वास्थ सम्बधित समस्याओं से सामना करना पड़ रहा है। समस्या निदान के लिए पेड़ लगाना की आवश्कता है। कन्या महाविद्यालय की श्रीमति फिंगिम नेताम ने कहा कि आज के आधुनिक युग में पर्यावरण प्रदूषण एक बहुत गंभीर समस्या है। प्राकृतिक संतुलन को बनाए रखने के लिए पर्यावरण की सुरक्षा व संरक्षण करना हम सभी का नैतिक दायित्व है। विश्व पर्यावरण दिवस पर आइए, पर्यावरण प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने का संकल्प लें।

# संपादकीय

## आवेग व प्रतिरोध

फिल्म अभिनेत्री से नेता बनी कंगना रानावत को चंडीगढ़ एयरपोर्ट पर महिला कांस्टेबल ने थप्पड़ मार दिया। सीआईएसएफ की यह कांस्टेबल कुलविंदर कौर दो साल से यहां तैनात है। कौर को फौरन गिरफ्तार कर सस्पेंड कर दिया गया। कंगना मंडी से भाजपा की सांसद चुनी गई हैं। वह संसदीय दल की बैठक में हिस्सा लेने दिल्ली आ रही थीं। सांसद द्वारा जारी वीडियो में कहा थप्पड़ मारने वाली किसान आंदोलन की समर्थक थी। उसने सामने से चेहरे पर मारा और अपशब्द कहने लगी, जबकि फौरन कपूरथला की कौर का वीडियो भी सोशल मीडिया में आया, जिसमें वह कंगना पर आरोप लगा रही है कि उन्होंने सौ-सौ रुपए लेकर किसान आंदोलन में महिलाओं के बैठने की बात की थी, जिसमें कौर की मां भी शामिल थी। कंगना अपने वीडियो में पंजाब में आतंकवाद व उग्रवाद बढ़ रहा है, उसे हम कैसे हैंडल करेंगे, भी कह रही हैं। जिस पर अलग विवाद हो गया। सुरक्षाकर्मी का यह बर्ताव बेहद निंदनीय व दुर्भाग्यपूर्ण है। आंदोलन करना या उसके खिलाफ बयान देना, निजी मसला है, जिसका संवैधानिक तरीके से विरोध किया जाना चाहिए, परंतु जिस तरह का आवेग व प्रतिरोध के कौर ने जनप्रतिनिधि के प्रति दर्शाया, वह घोर निंदनीय है। साथ ही सुरक्षाबलों पर संदेह उपजाने वाला साबित हो सकता है। गौरतलब है कि केंद्र सरकार द्वारा लाए कृषि कानूनों को लेकर 2020-2021 के दरम्यान किसानों ने धरना-प्रदर्शन किया था। उस वक्त भी कंगना ने अपने ट्वीट पर विवाद होते ही, उसे डिलिट कर दिया था। मगर कौर के प्रति अपनी नाराजगी जाहिर करते हुए उन्होंने एकबार फिर समूचे पंजाब को आतंकवाद व उग्रवाद की तरफ बढ़ता बता कर, जल्दबाजी दिखा दी। यह सांप्रदायिक विभाजन की लकीर खींचने सरीखा है। देश के तमाम लोग सुरक्षाकर्मी के पक्ष में भी आ खड़े हुए। उन्होंने सोशल मीडिया में किसानों, पंजाबवासियों व आंदोलनकारियों की पक्षधरता में कोई संकोच नहीं किया। चूंकि अब कंगना मात्र फिल्मकार नहीं हैं, उन्हें जनता ने चुन कर संसद तक पहुंचाया है। इसलिए उनका हर बयान गंभीर व तथ्यपरक होना चाहिए। उनके साथ जो अभद्रता हुई, वह गलत है मगर समुदाय विशेष, राज्य या जाति पर बंटवांरा करके उसे गलत ठहराना उचित नहीं कहा जा सकता।

# दुर्लभ ग्रंथों एवं शास्त्रों की रक्षा का महापर्व

■ श्रुत पंचमी है ज्ञान की आराधना का महान पर्व

-डॉ. सुनील जैन संचय, ललितपुर



जैन परंपरा में आगम को भगवान महावीर की द्वादशांगवाणी के रूप में प्रस्तुत किया गया है। श्रुत परंपरा जैन -धर्म -दर्शन में ही नहीं वैदिक परंपरा में भी चरमोत्कर्ष पर रही है। इसी के फलस्वरूप वेद को श्रुति के नाम से संबोधित किया जाता रहा। श्रुत पंचमी जैन धर्म का प्रमुख पर्व है। जैन धर्म की मान्यतानुसार आचार्य पुष्पदंत जी महाराज एवं भूतबली जी महाराज ने करीब 2000 वर्ष पूर्व गुजरात के गिरनार पर्वत की गुफाओं में ज्येष्ठ शुक्ल पंचमी के दिन ही जैन धर्म के प्रथम ग्रन्थ श्री षटखंडागम की रचना को पूर्ण किया था। इसी कारण ज्येष्ठ शुक्ल के पंचमी दिन श्रुत पंचमी का पर्व मनाया जाता है। पहले भगवान महावीर केवल उपदेश देते थे और उनके प्रमुख शिष्य (गणधर) उसे सभी को समझाते थे, क्योंकि तब महावीर की वाणी को लिखने की परंपरा नहीं थी। उसे सुनकर ही स्मरण किया जाता था इसीलिए उसका नाम 'श्रुत' था। एक कथा के अनुसार दो हजार वर्ष पहले जैन धर्म के एक प्रमुख संत धरसेनाचार्य को अचानक यह अनुभव हुआ की उनके द्वारा अर्जित जैन धर्म का ज्ञान केवल उनकी वाणी तक सीमित है। उन्होंने सोचा की शिष्यों की स्मरण शक्ति कम होने पर ज्ञान वाणी नहीं बचेगी। ऐसे में मेरे समाधि लेने से जैन धर्म का संपूर्ण ज्ञान खत्म हो जाएगा। तब धरसेनाचार्य ने पुष्पदंत एवं भूतबलि की सहायता से षटखण्डागम की रचना की और उसे ज्येष्ठ शुक्ल की पंचमी को प्रस्तुत किया। देश की प्राचीन भाषा प्राकृत में लिखे इस शास्त्र में जैन धर्म से जुड़ी कई अहम जानकारियां हैं। इस ग्रंथ में जैन साहित्य, इतिहास, नियम आदि का वर्णन है जो किसी भी धर्म के लिए बेहद आवश्यक होते हैं।



ज्ञान आराधना का पर्व : श्रुत पंचमी पर्व ज्ञान की आराधना का महान पर्व है, जो जैन भाई-बंधुओं को वीतरागी संतों की वाणी सुनने, आराधना करने और प्रभावना करने का संदेश देता है। इस दिन मां जिनवाणी की पूजा अर्चना सभी करते हैं। इस पावन दिवस पर श्रद्धालुओं द्वारा षटखण्डागम, श्री धवल, महाधवलादि ग्रंथों को विराजमान कर श्रद्धाभक्ति से महोत्सव के साथ उनकी पूजा-अर्चना की जाती है और सिद्धभक्ति का पाठ किया जाता है। इस दिन जैन धर्म के लोग जिनवाणी की शोभा यात्रा निकालते हैं। व्याख्यान, प्रवचन एवं विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता है। इसी दिन पहली बार जैन धर्मग्रंथ लिखा गया था।

भारतीय संस्कृति का अक्षय भंडार है जैन साहित्य : जैन परंपरा का साहित्य भारतीय संस्कृति का अक्षय भंडार है । जैन आचार्यों ने ज्ञान -विज्ञान की विविध विधाओं पर विपुल मात्रा में स्व- परोपकार की भावना से साहित्य का सृजन किया। आज भी अनेक शास्त्र भंडारों में हस्तलिखित प्राचीन ग्रंथ विद्यमान हैं ।जिनकी सुरक्षा, प्रचार-प्रसार, संपादन, अनुवाद निरंतर हो रहा है। प्राचीनकाल में मंदिरों में देव प्रतिमाओं को विराजमान करने में जितना श्रावक पुण्य लाभ मानते थे उतना ही शास्त्रों को ग्रंथ भंडार में विराजमान करने का भी मानते थे । यह श्रुत पंचमी महापर्व हमें जागरण की प्रेरणा देता है कि हम अपनी जिनवाणी रूपी अमूल्य निधि की सुरक्षा हेतु सजग हों तथा ज्ञान के आयतनों को प्राणवान स्वरूप प्रदान करें।

जैन पांडुलिपियां हमारी अमूल्य धरोहर : जैन प्राचीन पांडुलिपियों में हमारी सभ्यता आचार-विचार और अध्यात्म विकास की कहानी समाहित है । उस अमूल्य धरोहर को हमारे पूर्वजनों ने अनुकूल सामग्री एवं वैज्ञानिक साधनों के अभाव में रात-दिन खून पसीना एक करके हमें विरासत में दिया है। इस पर्व पर संकल्प लें कि पांडुलिपियों का सूचीकरण करके व्यवस्थित रखवाया जाय, लेमिनेशन करके अथवा माइक्रोफिल्म तैयार करवा कर सैकड़ों हजारों वर्षों तक के लिए सुरक्षित रखा जा सकता है और अप्रकाशित पांडुलिपियों को प्रकाशित किया जाए । मां जिनवाणी को संरक्षित करने, उसका हम संरक्षण और संवर्द्धन करने के लिए आगे आएं।

आज तो ग्रन्थ रचना सुलभ है एक प्रति बनने के बाद अल्प समय में मशीनो द्वारा उसकी सैकड़ो प्रतियाँ छपकर तैयार हो जाती हैं किन्तु उस समय जब कागज भी नहीं था तब हमारे श्रमण-जैनाचार्यों पांडुलिपि पर लेखन कार्य करते थे कितना कष्टप्रद होगा वह लेखन एक पन्ना लिखने में ही समय का बहुधा भाग चला जाता है जबकि आचार्यों ने हजारों-लाखों की संख्या में गाथाएँ लिखी हैं।

अनमोल धरोहर प्राकृत भाषा : श्रुत पंचमी को प्राकृत भाषा दिवस के रूप में भी मनाते हैं। प्राकृत भाषा भारत की भाषा है। यह जनभाषा के रूप में लोकप्रिय रही है। जनभाषा अथवा लोकभाषा ही प्राकृत भाषा है । इस लोक भाषा 'प्राकृत' का समृद्ध साहित्य रहा है, जिसके अध्ययन के बिना भारतीय समाज एवं संस्कृति का अध्ययन अपूर्ण रहता है। प्राकृत में विविध साहित्य है। यह जैन आगमों की भाषा मानी जाती है। भगवान महावीर ने भी इसी प्राकृतभाषा के अर्धमागधी रूप में अपना उपदेश दिया था । राष्ट्र की यह अनमोल धरोहर प्राकृत भाषा आज इतनी उपेक्षित क्यों है? इस भाषा को आज अपनी अस्मिता एवं पहचान बनाने के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है। प्राकृत भाषा प्राचीन काल में जनभाषा के रूप में एक समृद्ध भाषा रही है। विदेशियों ने भी प्राकृत भाषा एवं उसके साहित्य का अध्ययन किया है जिनमें याकोबी, वूल्नर एवं रिचर्ड पिशेल के नाम प्रमुख हैं। रिचर्ड पिशेल ने प्राकृत भाषाओं पर जर्मन में व्याकरण ग्रन्थ लिखा था, जिसका हिन्दी अनुवाद प्रकाशित है। वर्तमान में इसका विशाल साहित्य उपलब्ध है, किंतु सरकार की ओर से इसके व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु अभी तक अत्यल्प ही प्रयास हुए हैं। प्राकृत भाषा के संरक्षण और सम्वर्द्धन के लिए भारत सरकार द्वारा भाषाओं की मान्य आठवीं अनुसूची में प्राकृत भाषा को भी सम्मिलित किया जाए, ताकि इसकी चरणबद्ध रूप में निरंतर प्रगति होती रहे। साहित्य को समाज का दर्पण कहा जाता है। क्योंकि यदि आज हम गौतम गणधर की वाणी को सुन रहे हैं, पढ़ रहे है तो वह श्रुत की है। यदि शास्त्र नहीं होते तो हम उस प्राचीन इतिहास को नहीं जान सकते थे।

यह पर्व ज्ञान की आराधना का महान पर्व है। साथ ही श्रुत के संरक्षण, संवर्धन के प्रति अपने कर्त्तव्य एवं दायित्वों को भी निभाने का दिन है।

परुसा सक्कअ बंधा पाउअ बंधोवि होउ सुउमारो।
पुरुसमहिलाणं जेत्तिअमिहन्तरं तेत्तिअमि माणं ।।

विशेष लेख

# मिशन में असफल

योगेश कुमार गोयल

अठारहवीं लोक सभा के लिए हुए चुनावों के जो परिणाम सामने आए हैं, वे बेहद चौंकाने वाले हैं। न तो भाजपा स्वयं के 370 और न ही एनडीए के 400 पार के मिशन को पूरा करने में सफल हो पाई। हालांकि चुनाव परिणामों की घोषणा के दो ही दिन पहले जारी हुए तमाम एग्जिट पोल में एनडीए के 400 पार होने की संभावना जताई गई थी लेकिन हुआ इसका उलट यानी एनडीए 300 का आंकड़ा भी नहीं छू पाया जबकि इंडिया गठबंधन अप्रत्याशित रूप से 230 से भी ज्यादा सीटें हासिल करते हुए मजबूत विपक्ष बनने में सफल हुआ है। भाजपा जहां 240 सीटों पर और एनडीए 291 सीटों पर सिमट गया, वहीं यह भी पूरी तरह स्पष्ट हुआ है कि इस बार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का जादू 2014 और 2019 की भांति नहीं चल सका। हालांकि भाजपा एक बार पुन॰ देश की सबसे बड़ी पार्टी बनी है लेकिन अपने बूते बहुमत के जादुई आंकड़े को छूने से काफी पीछे रह गई। उसके लिए चिंता की बात यह है कि 7 राज्यों तमिलनाडु, पंजाब, सिक्किम, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम और नागालैंड तथा 4 केंद्रशासित प्रदेशों पुडुचेरी, चंडीगढ़, लद्दाख और लक्षद्वीप में खाता खोलने में भी नाकाम रही। मोदी के नेतृत्व में केंद्र में उनके लगातार तीसरे कार्यकाल में यह पहली बार है, जब उन्हें स्थायी सरकार चलाने के लिए सहयोगी दलों पर निर्भर रहना पड़ेगा यानी 10 वर्षों बाद फिर से गठबंधन की अहमियत का दौर लौट आया है। जद (यू) और टीडीपी इस बार किंगमेकर की भूमिका में उभरे हैं। हालांकि हिमाचल, दिल्ली, उत्तराखंड और मध्य प्रदेश में भाजपा ने क्लीन स्वीप किया है और गुजरात में भी एक सीट छोड़कर बाकी सभी सीट उसकी झोली में गई हैं, लेकिन उत्तर प्रदेश और प. बंगाल में पार्टी को जितना बड़ा झटका लगा है, उसका अनुमान संभवत॰ पार्टी के शीर्ष नेतृत्व को भी नहीं था। हरियाणा, राजस्थान, पंजाब और महाराष्ट्र में भी भाजपा को नुकसान हुआ है। हालांकि कर्नाटक में एनडीए का प्रदर्शन शानदार रहा और टीडीपी के साथ मिलकर आंध्र प्रदेश में भी इसने विजय पताका लहराई, केरल की भी एक सीट जीतने में भाजपा सफल रही लेकिन दक्षिण भारत में भाजपा का वैसा जादू नहीं चला, जैसी पार्टी को उम्मीद थी। दूसरी ओर, कांग्रेस ने जिस तरह का दमदार प्रदर्शन करते हुए 99 सीटें जीतीं उससे कांग्रेस को निश्चित रूप से संजीवनी मिली है। कांग्रेस 2014 में केवल 44 और 2019 में 52 सीट ही जीत सकी थी। उस गिरते ग्राफ का ठीकरा राहुल गांधी पर फोड़ने के प्रयास हुए थे लेकिन 2024 के चुनाव में 99 सीटें जीतने के बाद गठबंधन में राहुल की स्वीकार्यता बढ़ने के साथ ही निश्चित रूप से कांग्रेस कार्यकर्ताओं के मनोबल को भी मजबूती मिलेगी। 1984 में कांग्रेस को करीब 12.01 करोड़ वोट प्राप्त हुए थे, उसके बाद इस बार उसे अब तक के सबसे ज्यादा 13.6 करोड़ से भी अधिक मत प्राप्त हुए हैं तथा कांग्रेस धरातल पर मजबूती से खड़ी होने में सफल हो पाई है। हालांकि यह अलग बात है कि चुनाव आयोग के आंकड़ों के अनुसार भाजपा को 23.45 करोड़ से भी ज्यादा वोट मिले हैं, और कांग्रेस अभी भी उसके मुकाबले कहीं नहीं खड़ी है। कांग्रेस के साथ गठबंधन कर उत्तर प्रदेश में अखिलेश यादव के नेतृत्व में समाजवादी पार्टी ने करिश्माई जीत दर्ज की है। दरअसल, 2019 के चुनाव में सपा ने बसपा के साथ गठबंधन किया था और बसपा को 10 लेकिन सपा को 5 सीटें ही मिल सकी थीं। लोक सभा चुनाव में वोट शेयर के लिहाज सपा का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 1998 में था, जब उसे करीब 29 प्रतिशत वोट मिले थे जबकि सीटों के दृष्टिगत उसका बेहतरीन प्रदर्शन 2004 में था, जब उसे 35 सीटों पर जीत मिली थी लेकिन 2024 के चुनाव में सपा 37 सीटें जीतने में सफल रही। जहां तक पूरे आत्मविश्वास के साथ 400 पार का नारा देने वाले एनडीए की हार के प्रमुख कारणों की बात है तो सबसे हैरानी बात तो यही है कि राम मंदिर जैसा आस्था और सनातन से जुड़ा बड़ा मुद्दा भी भाजपा के ज्यादा काम नहीं आया। जनवरी महीने में ही अयोध्या में प्रधानमंत्री मोदी ने राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा की थी और चुनाव में इस मुद्दे को भुनाने के लिए भाजपा ने हरसंभव प्रसास भी किए थे लेकिन विपक्ष के बेरोजगारी, महंगाई और सेना में भर्ती की अग्निपथ योजना जैसे मुद्दे इस पर कहीं ज्यादा हावी रहे। महंगाई का मुद्दा भी चुनाव के सातों चरणों के दौरान छाया रहा। हालांकि सरकारी आंकड़ों के मुताबिक 2014 से 2024 तक के एनडीए सरकार के एक दशक के कार्यकाल में महंगाई बढ़ने की बजाय घटी है। आंकड़ों के अनुसार 2013 में महंगाई दर 10.02 प्रतिशत थी, जो 2023 में घटकर महज 5.69 प्रतिशत रह गई थी लेकिन यह बात थी केवल सरकारी आंकड़ों की जबकि आम जन के दैनिक जीवन से जुड़ी जरूरतों के सामान की कीमतें पिछले पांच वर्षों में 30 प्रतिशत से भी ज्यादा बढ़ी।


# शिक्षा और कौशल विकास

सतीश सिंह

मौजूदा समय में शिक्षा और कौशल विकास के बीच तालमेल नहीं दिख रहा है। शिक्षा के माध्यम से कौशल का विकास होना चाहिए, लेकिन ऐसा नहीं हो पा रहा है। हमारे अकादमिक कल-कारखानों से लाखों की संख्या में डॉक्टर, इंजीनियर, एमबीए आदि की भारी-भरकम डिग्रियां लेकर युवा निकल रहे हैं, लेकिन उनमें से अधिकांश कौशलयुक्त एवं ज्ञानवान नहीं हैं। ऐसे लोग किसी भी कार्य को कुशलतापूर्वक अंजाम तक नहीं पहुंचा पाते, लेकिन होनहार के लिए रोजगार की कमी नहीं है।तकनीकी एवं व्यावहारिक ज्ञान रखने वाले, भले ही डिग्री एवं अंग्रेजी के मामले में पीछे होते हैं, लेकिन वे हर किस्म की मुश्किलों को आसानी से सुलझा सकते हैं क्योंकि किसी कार्य को करने के लिए डिग्री से ज्यादा कौशल की जरूरत होती है। कौशल को विकसित करके युवा बिना किसी डिग्री के भी हर कार्य कुशलतापूर्वक कर सकते हैं। हमारे देश के स्कूल और कॉलेज के अध्यापकों का मानना है कि जो बच्चा लगातार हर परीक्षा में अव्वल आ रहा है, उसी को सिर्फ होनहार माना जा सकता है, जो छात्र इस कसौटी पर खरा नहीं उतर पाते हैं, उन्हें कमअक्ल माना जाता है। इसमें दो मत नहीं हैं कि स्कूल-कॉलेजों में प्राप्त अच्छे अंक छात्र-छात्राओं की पढ़ाई के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं किंतु इसका मतलब कदापि नहीं है कि हम इसे मेधावी होने या न होने का प्रमाण मानें। किसी विषय में कम या ज्यादा अंक प्राप्त करने से किसी भी छात्र को मेधावी या कमअक्ल नहीं माना जा सकता। हर विषय में हर छात्र की रु चि का होना जरूरी नहीं है। महान वैज्ञानिक थॉमस अल्वा एडिसन की रुचि केवल भौतिक विज्ञान में थी। महान वैज्ञानिक अल्बर्ट आइंस्टीन की कहानी भी कुछ ऐसी ही है। लता मंगेशकर की भी गणित या विज्ञान में रु चि नहीं थी। सचिन तेंदुलकर या महेंद्र सिंह धोनी का अकादमिक रिकॉर्ड बहुत खराब रहा है, लेकिन वे अपने क्षेत्र में महान हैं। दरअसल, यहां फंडा 'जब जागा तभी सवेरा' वाला है। जिन छात्रों के अंदर जीवन में सफलता हासिल करने की जिजीविषा जागृत हो जाती है वे हर कक्षा में तृतीय या द्वितीय श्रेणी से उत्तीर्ण होने के बावजूद आईएएस की परीक्षा में शीर्ष 20 या 50 में स्थान बनाने में सफल हो जाते हैं। बारहवीं फेल फिल्म में एक ऐसे ही युवा की कहानी फिल्माई गई है। फिल्म 'थ्री इडियट' में दिखाए गए दर्शन को भी हम नकार नहीं सकते। जरूरी नहीं कि हर बच्चा इंजीनियर या डॉक्टर बने। दुनिया में करने के लिए इतने सारे क्षेत्र हैं कि आप किसी बच्चे को कमतर नहीं मान सकते। बस आपके दृष्टिकोण पर निर्भर करता है कि आप किसे होनहार मानते हैं। भारत में जो बच्चे कॉलेज तक लगातार अच्छे अंक लाकर नौकरी के लिए आवेदन करने लायक अर्हता अंक प्राप्त करने में सफल हो जाते हैं, उन्हें ही जहीन माना जाता है। संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) ने 2013 में पहली बार प्रारंभिक और मुख्य परीक्षा के अंकों को सार्वजनिक किया था, जिसमें 1004 अभ्यर्थी सफल हुए थे और शीर्ष स्थान प्राप्त करने वाले प्रत्याशी ने समग्र रूप 53 प्रतिशत अंक हासिल किए थे जबकि अंतिम पायदान पर सफल रहने वाले अभ्यर्थी ने लिखित परीक्षा में 30 प्रतिशत अंक प्राप्त किए थे। पूर्व में धारणा थी कि यूपीएससी की परीक्षा में 75 से 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले अभ्यर्थी ही सफल होते हैं। मामला यूपीएससी तक सीमित रहे तो बात समझ में आए। हालात तो इतने बदतर हैं कि बैंक या अन्य निजी तथा सार्वजनिक क्षेत्र के संस्थानों में कर्मचारियों की भर्ती हेतु आयोजित प्रतियोगी परीक्षा में सर्वोच्च स्थान प्राप्त करने वाले अभ्यर्थी 100 तो छोड़िए 60 प्रतिशत अंक भी स्कोर नहीं कर पाते हैं। देश में इंजीनियरिंग, मेडिकल,आईटीआई एवं अन्य रोजगारपरक शिक्षा की शुरु आत जरूर की गई है, लेकिन इन पाठ्यक्रमों की सार्थकता नाममात्र की है, क्योंकि यहां से पढ़कर बाहर निकलने के बाद भी अधिकांश युवा कौशलहीन होते हैं, जबकि हुनरमंद युवा देश के समावेशी विकास को सुनिश्चित करने में आगे रहते हैं। हुनरमंद बेरोजगार नहीं रहता। आसानी से अपने परिवार का भरण-पोषण कर लेता है। बढ़ई, लोहार, प्लंबर, बिजली मिस्त्री, राज मिस्त्री, वाहन की मरम्मत करने वाले कारीगर आदि कभी भूखे नहीं मरते। सरकार को कर भी देते हैं, और देश के अर्थ चक्र को गतिमान भी रखते हैं। अस्तु, आज सरकार को डिग्री बांटने की जगह युवाओं को हुनरमंद बनाने पर जोर देना चाहिए और योग्यतानुसार रोजगार उपलब्ध कराने की दिशा में अग्रतर कार्रवाई करनी चाहिए क्योंकि सभी के ज्ञान का स्तर एक समान नहीं होता पर निरंतर मेहनत सभी कर सकते हैं। मामले में अंकों की बाजीगरी की तह तक पहुंचने की भी आवश्यकता है। ऐसा होता है तो सरकार और लोग स्वत॰ कौशल विकास को प्राथमिकता देंगे।

# कन्याकुमारी में साधना से नए संकल्प

नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री



लोकतंत्र की जननी में लोकतंत्र के सबसे बड़े महापर्व का एक पड़ाव आज 1 जून को पूरा हो रहा है। तीन दिन तक कन्याकुमारी में आध्यात्मिक यात्रा के बाद मैं दिल्ली जाने के लिए हवाई जहाज में आकर बैठा ही हूं...काशी और अनेक सीटों पर मतदान चल रहा है। कितने सारे अनुभव हैं, कितनी सारी अनुभूतियां हैं... मैं एक असीम ऊर्जा का प्रवाह स्वयं में महसूस कर रहा हूं। वाकई, 2024 के चुनाव में कितने ही सुखद संयोग बने हैं। अमृतकाल के इस प्रथम लोकसभा चुनाव में मैंने प्रचार अभियान 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम की प्रेरणास्थली मेरठ से शुरू किया। मां भारती की परिक्रमा करते हुए इस चुनाव की मेरी आखिरी सभा पंजाब के होशियारपुर में हुई। संत रविदास जी की तपोभूमि, हमारे गुरुओं की भूमि पंजाब में आखिरी सभा होने का सौभाग्य भी बहुत विशेष है। इसके बाद मुझे कन्याकुमारी में भारतमाता के चरणों में बैठने का अवसर मिला। उन शुरुआती पलों में चुनाव का कोलाहल मेरे मन-मस्तिष्क में गूंज रहा था। रैलियों में, रोड शो में देखे हुए अनगिनत चेहरे मेरी आंखों के सामने आ रहे थे। माताओं-बहनों-बेटियों के असीम प्रेम का वह ज्वार, उनका आशीर्वाद ...उनकी आंखों में मेरे लिए विश्वास, दुलार...मैं सब कुछ आत्मसात कर रहा था। मेरी आंखें नम हो रही थीं...मैं शून्यता में जा रहा था, साधना में प्रवेश कर रहा था। कुछ ही क्षणों में राजनीतिक वाद विवाद, वार-पलटवार...आरोपों के स्वर और शब्द, वह सब अपने आप शून्य में समाते चले गए। मेरे मन में विरक्ति का भाव और तीव्र हो गया...मेरा मन बाह्य जगत से पूरी तरह अलिप्त हो गया। इतने बड़े दायित्वों के बीच ऐसी साधना कठिन होती है, लेकिन कन्याकुमारी की भूमि और स्वामी विवेकानंद की प्रेरणा ने इसे सहज बना दिया। कन्याकुमारी के उगते सूर्य ने मेरे विचारों को नई ऊंचाई दी, सागर की विशालता ने मेरे विचारों को विस्तार दिया और क्षितिज के विस्तार ने ब्रह्मांड की गहराई में समाई एकात्मकता का निरंतर एहसास कराया। ऐसा लग रहा था, जैसे दशकों पहले हिमालय की गोद में किए गए चिंतन और अनुभव पुनर्जीवित हो रहे हों। कन्याकुमारी संगमों के संगम की धरती है। हमारे देश की पवित्र नदियां अलग-अलग समुद्रों में जाकर मिलती हैं और यहां उन समुद्रों का संगम होता है। और यहां एक और महान संगम दिखता है- भारत का वैचारिक संगम! यहां विवेकानंद शिला स्मारक के साथ ही संत तिरुवल्लूवर की विशाल प्रतिमा, गांधी मंडपम और कामराजर मणि मंडपम हैं। भारत हजारों वर्षों से विचारों के अनुसंधान का केंद्र रहा है। हमने जो अर्जित किया, उसे कभी अपनी व्यक्तिगत पूंजी मानकर आर्थिक या भौतिक मापदंडों पर नहीं तौला। इसीलिए, इदं न मम यह भारत के चरित्र का सहज एवं स्वाभाविक हिस्सा हो गया है। भारत के कल्याण से विश्व का कल्याण, भारत की प्रगति से विश्व की प्रगति, इसका एक बड़ा उदाहरण हमारी आजादी का आंदोलन भी है। आज भारत का गवर्नेंस मॉडल दुनिया के कई देशों के लिए एक उदाहरण बना है। सिर्फ10 वर्षों में 25 करोड़ लोगों का गरीबी से बाहर निकलना अभूतपूर्व है। 'प्रो-पीपल गुड गवर्नेंस' जैसे अभिनव प्रयोग की आज विश्व में चर्चा हो रही है। भारत का डिजिटल इंडिया अभियान आज पूरे विश्व के लिए उदाहरण है कि हम कैसे टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल गरीबों को सशक्त करने, पारदर्शिता लाने, उनके अधिकार दिलाने में कर सकते हैं। भारत में सस्ता डाटा आज सूचना और सेवाओं तक गरीब की पहुंच सुनिश्चित करके सामाजिक समानता का माध्यम बन रहा है। आज भारत की प्रगति और भारत का उत्थान केवल भारत के लिए बड़ा अवसर नहीं है। ये सभी सहयात्री देशों के लिए भी एक ऐतिहासिक अवसर है। जी-20 की सफलता के बाद से विश्व भारत की इस भूमिका को और अधिक मुखर होकर स्वीकार कर रहा है। आज भारत को ग्लोबल साउथ की एक सशक्त आवाज के रूप में स्वीकार किया जा रहा है। अब एक भी पल गंवाए बिना हमें बड़े दायित्वों और बड़े लक्ष्यों की दिशा में कदम उठाने होंगे। हमें नए स्वप्न देखने हैं और उन सपनों को जीना शुरू करना है। आज की वैश्विक परिस्थितियों में युवा राष्ट्र के रूप में भारत का सामर्थ्य हमारे लिए एक ऐसा सुखद संयोग और सुअवसर है, जहां से हमें पीछे मुड़कर नहीं देखना है। 21वीं सदी की दुनिया आज भारत की ओर बहुत आशाओं से देख रही है और वैश्विक परिदृश्य में आगे बढ़ने के लिए हमें कई बदलाव भी करने होंगे। भारत सुधार को केवल आर्थिक बदलावों तक सीमित नहीं रख सकते हैं। हमें जीवन के हर क्षेत्र में सुधार की दिशा में आगे बढ़ना होगा। हमें हर पल इस बात पर गर्व होना चाहिए कि ईश्वर ने हमें भारत भूमि में जन्म दिया है। ईश्वर ने हमें भारत की सेवा और इसकी शिखर यात्रा में हमारी भूमिका निभाने के लिए चुना है। हमें प्राचीन मूल्यों को आधुनिक स्वरूप में अपनाते हुए अपनी विरासत को आधुनिक ढंग से पुनर्परिभाषित करना होगा। हमें एक राष्ट्र के रूप में पुरानी पड़ चुकी सोच और मान्यताओं का परिमार्जन भी करना होगा। हमें हमारे समाज को पेशेवर निराशावादियों के दबाव से बाहर निकालना है। हमें याद रखना है, नकारात्मकता से मुक्ति, सफलता की सिद्धि तक पहुंचने के लिए पहली जड़ी-बूटी है। सकारात्मकता की गोद में ही सफलता पलती है। भारत की अनंत और अमर शक्ति के प्रति मेरी आस्था, श्रद्धा और विश्वास भी दिन-प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है। मैंने पिछले 10 वर्षों में भारत के इस सामर्थ्य को और ज्यादा बढ़ते देखा है, ज्यादा अनुभव किया है। जिस तरह हमने 20वीं सदी के चौथे-पांचवें दशक को अपनी आजादी के लिए प्रयोग किया, उसी तरह 21वीं सदी के इन 25 वर्षों में हमें विकसित भारत की नींव रखनी है। स्वतंत्रता संग्राम के समय देशवासियों के सामने बलिदान का समय था।

# सहस्त्रकूट जिनालय में जिन प्रतिमाएं स्थापित करने का क्रम निरंतर जारी

## बड़े बाबा जिनालय में भव्य कलशारोहण 11 जून को होगा, आचार्य श्री समयसागर महाराज जी के प्रवचन हुए





**कुंडलपुर दमोह ( विश्व परिवार )।** सुप्रसिद्ध सिद्ध क्षेत्र, जैन तीर्थ कुंडलपुर में जिन सूर्य संत शिरोमणि युग श्रेष्ठ आचार्य भगवन श्री विद्यासागर जी महाराज के वरद हस्त से दीक्षित विद्या शिरोमणि आचार्य श्री समयसागर जी महामुनिराज के चतुर्विध संघ के मंगल सानिध्य में आयोजित बड़े बाबा जिनालय कलशारोहण एवं सहस्त्रकूट जिनबिम्ब वेदी प्रतिष्ठा महा महोत्सव के अवसर पर 10 जून को प्रातः अभिषेक, शांतिधारा नित्यमह पूजन हुई।पूज्य बड़े बाबा का अभिषेक, शांतिधारा, पूजन, विधान हुआ। शांतिधारा का वाचन निर्यापक श्रमण मुनि श्री योग सागर जी महाराज द्वारा किया गया।भगवान श्री धर्मनाथ जी के निर्वाण महोत्सव पर निर्वाण लाडू चढ़ाया गया। नवनिर्मित बुंदेलखंड के प्रथम सहस्त्रकूट जिनालय में प्रतिमा स्थापित करने का क्रम आज भी निरंतर जारी रहा। प्रचार मंत्री जयकुमार जैन जलज ने बताया कि बड़ी संख्या में जिन श्रावक श्रेष्ठि को सहस्त्रकूट जिनालय में प्रतिमा विराजमान करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है उन्होंने अपने परिवार जनों के साथ अपने कर कमल से सहस्त्रकूट जिनालय में प्रतिमा विराजित करने का सौभाग्य अर्जित किया।श्रद्धालु भक्तगण बहुत उत्साह के साथ प्रतिमाएं लेकर सहस्त्रकूट जिनालय में स्थापित कर रहे हैं। क्रेन के माध्यम से गगन विहार करते हुए प्रतिमा सहस्त्रकूट के ऊपरी भाग में स्थापित की जा रही हैं।समस्त मुनि संघ एवं आर्यिका संघ ने सहस्त्रकूट जिनालय पहुंचकर जिनालय का अवलोकन किया। इस अवसर पर चित्र अनावरण एवं दीप प्रज्वलन श्रेष्ठी सुधीर जी विपिन जी ने किया। पाद प्रक्षालन एवं शास्त्र भेंट का सौभाग्य भी श्रेष्ठी सुधीर जी विपिन जी परिवार को प्राप्त हुआ। जिन्हें बड़े बाबा मंदिर के ऊपर कलशारोहण करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। इस अवसर पर परम पूज्य आचार्य श्री समय सागर जी महाराज ने मंगल प्रवचन देते हुए कहा आत्मगत भावों की यहां पर चर्चा की जा रही है। कुछ भाव उत्पन्न होते हैं आत्मा में जो की परक्षापेक्ष्य हुआ करते हैं।कुछ भाव ऐसे भी उत्पन्न होते हैं जो कर्म निरपेक्ष हुआ करते हैं। उसे समझने के लिए प्रथम गुणस्थानवर्ती जीव जो कि वह मिथ्या दृष्टि माना जाता है और मिथ्यात्व कर्म के उदय से श्रद्धान रूप जो भाव उत्पन्न होता है उसको मिथ्यात्व बोला है यह कर्म सापेक्ष भाव सिद्ध होता है। इसलिए इस प्रकार बहुत सारे भाव हैं किंतु कर्मनिरपेक्ष भाव हुआ करते हैं जिन भावों के उत्पन्न होने में ना कर्म के उदय की अपेक्षता है ना कर्म के उपशम की न क्षयोपशम की ना क्षय की अपेक्षा है किंतु उनकी अपेक्षा के बिना भी भाव उत्पन्न होते हैं। जिनको परिणामिक भाव की संज्ञा दी गई है।समझने के लिए उदाहरण के माध्यम से स्पष्ट करेंगे। क्योंकि सिद्धांत का विषय गूढ़ हुआ करता है उसको समझने के लिए एक छोटा सा दृष्टांत दिया जाता है की अग्नि की उष्णता अग्नि में ईंधन को जलाने की क्षमता है अग्नि में वस्तु को प्रकाशित करने की क्षमता है और अग्नि में अन्न को पकाने की क्षमता है यह सारी की सारी क्षमताएं उस अग्नि में है किंतु वह अग्नि ईंधन को जलाती है।किसके माध्यम से जलाती है अग्नि ईंधन को उष्ण गुण के माध्यम से ही ईंधन को जलाती है। जो अग्नि में उष्ण गुण का संबंध है किसी कर्म की अपेक्षा के बिना उसका संबंध हो जाता है। इसी को परणामिक भाव बोला है। अग्नि की उष्णता अपने आप में किसी अन्य कारण की अपेक्षा रखें बिना स्वयं का ही वह गुण माना जाता है किसी कारण से अग्नि गर्म हुई हो इन्हीं कारण को लेकर के हम अग्नि को उसकी उष्णता सिद्ध करते हैं तो उष्ण गुण के अभाव में अग्नि ठंडी होनी चाहिए थी ऐसा तो होता नहीं है उसमें कारण निरपेक्ष वह उष्णता मानी जाती है।इसी प्रकार जल की शीतलता भी किसी कारण अपेक्षा के रखे बिना उसमें शीतलता अपने आप में निजी परणति है।वह भाव है इसी प्रकार कुछ भाव पारणामिक हुआ करते हैं।जो की जीवगत भाव माने जाते हैं। समझने के लिए भव्यत्व भाव और अभव्यत्व भाव और जीवत्व भाव यह तीनों भाव किसी कर्म की अपेक्षा नहीं रखते हैं। स्वयं चैतन्य गुण की अपेक्षा से वह जीव जी रहा है जियेगा और जी चुका है।उसका नाम जीव कहा है उसमें भाव और अभव्यत्व भाव सामने आते हैं। बहुत मार्मिक विषय है गुरुदेव के सामने किसी सज्जन ने अपनी पीड़ा व्यक्त की भगवन मुझे बहुत विकल्प सताता है क्यों सताता है इसलिए सताता है मैं भव्य हूं कि अभव्य हूं।यह मुझे बड़ी आकुलता है और पीड़ा है मैं भव्य हूं कि अभव्य हूं।तो गुरुदेव ने कहा शांति से बैठो क्योंकि अभव्य को कोई पीड़ा होती नहीं। क्योंकि मोक्ष को प्राप्त करने की उत्कंठा जिसमें है अपना हित चाहता है उसका नाम भव्य बोला है।हित कहां पर निहित है दिल्ली में आप कहां रहते हैं मैं दिल्ली रहता हूं मैं आगरा रहता हूं मैं मुंबई रहता हूं अपने-अपने स्थान को वह बताते हैं किंतु आचार्य कहते हैं मैं आत्मा में रहता हूं वस्तुतः भव्य किसको बोलते हैं जो रत्नात्रय को प्राप्त करने प्रकट करने की क्षमता जिसमें विद्यमान रहती है उसको भव्य घोषित किया है। और रत्नात्रय को प्राप्त करने की अभिव्यक्त करने की क्षमता योग्यता जिसमें नहीं है उसे अभव्य कहा है। भव्य और अभव्य जो विषय हैं दोनों परिणामिक भाव हैं केवली भगवान जान सकते हैं कौन भव्य कौन अभव्य है।

# जैन कल्याण बोर्ड के माध्यम से मध्य प्रदेश के प्राचीन जैन तीर्थ और धरोहर सूचीबद्ध होकर संरक्षित हो : संजय जैन



**भिंड ( विश्व परिवार )।** भिंड में बतासा बाजार में स्तिथ चैत्यालय जैन मंदिर में 9 जून को जैन तीर्थों के संरक्षण एवम प्रचार हेतु आयोजित विशेष सभा में दिल्ली से आए विश्व जैन संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री संजय जैन ने कहा कि मध्य प्रदेश में प्राचीन जैन तीर्थों, धरोहर और समाज के संरक्षण के लिए जैन कल्याण बोर्ड के अतिशीघ्र गठन की आवश्यकता है।

श्री संजय जैन ने कहा कि मध्य प्रदेश चुनाव से पूर्व भाजपा ने वायदा किया था कि सरकार बनने पर जैन कल्याण बोर्ड का गठन किया जाएगा लेकिन अभी तक बोर्ड का गठन नहीं हुआ। प्रदेश के सभी जैन तीर्थों को तक्क्र और तक्क्र के माध्यम से डिजिटल सूचीबद्ध होना आवश्यक है ताकि उनका संरक्षण हो सके।

सभा के संयोजक सचिन जैन फूप ने सर्वोच्च जैन तीर्थ शिखर जी की पवित्रता के लिए देशव्यापी आंदोलन, तीर्थ संरक्षण और जनसेवा के लिए विश्व जैन संगठन द्वारा 19 वर्षो से किए जा रहे कार्यों की सभा में जानकारी दी।

सभा को संगठन की इटावा शाखा से कार्यकारिणी सहित आए शाखा अध्यक्ष आकाशदीप जैन, त्रिशला माता ट्रस्ट, ग्वालियर से सुभाष जैन दाऊ, दिल्ली से संगठन की युवा प्रकोष्ठ से देवेश जैन और भिंड से रवि सैन जैन, संगीता पवैया, दिनेश जैन सर, नीरज पुजारी और अन्य प्रमुख वक्ताओं ने समाज के गणमान्यों की गरिमामय उपस्तिथि में संबोधित किया और जैन कल्याण बोर्ड की मांग करते हुए विशेषरूप से उपस्थित महिला संगठनों की पदाधिकारियो ने तीर्थ संरक्षण का संकल्प लिया।

**-बॉबी जैन**

# आचार्य श्री प्रसन्न सागर जी महाराज ससंघ पदविहार विहार, तेलंगाना की भूमि में प्रवेश किया तेलंगाना गुरु भक्तों में खुशी की लहर



**औरंगाबाद ( विश्व परिवार )।** साधना शिरोमणि अंतर्मना आचार्य श्री 108 प्रसन्न सागर जी महाराज ससंघ निरंतर विहार करते हुए महाराष्ट्र कर्नाटक से विहार करते हुए आज प्रातः आंध्र प्रदेश की भूमि से बिहार करते हुए तेलंगाना की भूमि में प्रवेश किया तेलंगाना गुरु भक्तों में खुशी की लहर चातुर्मास होगा कुलचाराम. इस अवसर पर आचार्य प्रसन्न सागर महाराज ने प्रवचन मे कहाँ की आज का कड़वा सच तो यही है कि लोग धनपतियों को खूब इज्जत सम्मान देते हैं। चाहे उनका चरित्र, इमान, इरादा और जीवन व्यसनों से क्यों ना परिपूर्ण हो। पापी, दुष्ट, अधर्म, दुष्कर्म करने वाले, मन्दिर में सम्मान पाने लगे हैं।

धर्म के ठेकेदार अब मधुशाला जाने लगे हैं। काक अब कोयल की मज़ाक उड़ाने लगे हैं। यदि ऐसा चलता रहा तो हमें, हमारे पुरखें कभी क्षमा नहीं कर पायेंगे,, और आने वाली पीढ़ियां भी कभी माफ नहीं कर पायेगी। जैनी भाईयों-अपनी पहचान, अपनी आन, बान, शान की मुस्तैदी से रक्षा करो। आदर्शों और बुजुर्गों से जो विरासत में मिला है, उसकी सार-सम्हाल करो तथा उसे और अधिक समृद्ध करके आने वाली पीढ़ियों को सौंप दो।

जैन समाज एक अहिंसक, शाकाहारी और शान्ति प्रिय समाज है। पुरी दुनिया में हमारी यही पहचान है और यह पहचान हमें दो चार दिन में नहीं मिली बाबू। इस पहचान को बनाने में हमने सदियों तपस्याएं और साधनाएं की है, तब कहीं जाकर हम इस मुकाम को हासिल कर पाये हैं। आज हमारी पहचान को ही हमारे अपनों से खतरा पैदा हो गया है। हमारे वजूद पर संकट के बादल मंडरा रहे हैं। अनूप मण्डल जैसे और कितने मण्डल कुकुर मुत्तो की तरह डर से शांत बैठे हैं। अब हमें इस खतरे से आँख नहीं चुराना है, बल्कि इसका सख्ती से मुकाबला करना है। खतरा सामने आया हुआ देख कर आँख बन्द करके बैठ जाना और यह सोचना कि खतरा टल गया, तो ना समझी और नादानी की पराकाष्ठा होगी।और अभी हमारे समाज में यही हो रहा है। खतरा सिर पर है और हम पंथवाद, सन्तवाद, ग्रन्थ वाद एवं समाज वाद के मकड़जाल में उलझते जा रहे हैं। यही कारणों से हमारी नव पीढ़ी धर्म से गुमराह हो रही है, जैनत्व के मूल संस्कारों को समय के अनुसार खत्म करते जा रहे हैं। **-नरेंद्र अजमेरा, पियुष कासलीवाल**

# कृषि विश्वविद्यालय में तीन दिवसीय राष्ट्रीय आम महोत्सव 12 से 14 जून तक आयोजित

## आम की 150 से अधिक किस्मों एवं आम से निर्मित 'छप्पन भोग' का प्रदर्शन किया जाएगा

### कृषि मंत्री रामविचार नेताम करेंगे राष्ट्रीय आम महोत्सव का शुभारंभ

### इंदिरा गांधी कृषि विवि, संचालनालय उद्यानिकी एवं प्रक्षेत्र वानिकी, छत्तीसगढ़ शासन तथा प्रकृति की ओर सोसायटी के संयुक्त तत्वावधान में ओयोजित होगा राष्ट्रीय आम महोत्सव

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, संचालनालय उद्यानिकी एवं प्रक्षेत्र वानिकी, छत्तीसगढ़ शासन तथा प्रकृति की ओर सोसायटी के संयुक्त तत्वावधान में दिनांक 12, 13 एवं 14 जून को कृषि महाविद्यालय परिसर रायपुर में राष्ट्रीय आम महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। राष्ट्रीय आम महोत्सव का शुभारंभ श्री रामविचार नेताम मंत्री, कृषि विकास एवं किसान कल्याण तथा जैव प्रौद्योगिकी विभाग, आदिम जाति, अनुसूचित जाति, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विकास विभाग, छत्तीसगढ़ शासन करेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल, करेंगे। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में श्री अनुज शर्मा, विधायक, धरसींवा, श्री मोतीलाल साहू, विधायक, रायपुर ग्रामीण एवं डॉ. संजय अलंग, कुलपति महात्मा गांधी उद्यानिकी विश्वविद्यालय, पाटन, दुर्ग उपस्थित रहेंगे।



राष्ट्रीय आम महोत्सव में आम की 150 से अधिक किस्मों एवं आम से बने 56 व्यंजनों का प्रदर्शन किया जायेगा। इस कार्यक्रम में आम की विभिन्न किस्मों की प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है जिसमें छत्तीसगढ़ एवं देश के विभिन्न राज्यों के आम उत्पादक शामिल होंगे। अवसर पर आम से बने विभिन्न व्यंजनों की प्रतियोगिता भी आयोजित है।

इसके अतिरिक्त आम की सजावट प्रतियोगिता भी आयोजित की जा रही है जिसमें विद्यालयीन एवं महाविद्यालयीन विद्यार्थी, महिलाएं तथा अन्य सामान्यजन भी पंजीयन कर भागीदारी कर सकते है। इस प्रतियोगिता में पंजीयन एवं प्रवेश पूर्णतया निःशुल्क रहेगा। राष्ट्रीय आम महोत्सव में संस्थागत एवं व्यक्तिगत प्रतियोगी भी सहभागी हो सकते हैं। आयोजन के प्रथम दिवस 12 जून को प्रातः 9 बजे से 12 बजे तक प्रविष्टियों का पंजीयन किया जाएगा। इसके पश्चात सामान्यजनों के लिए प्रदर्शनी अवलोकनार्थ सायः 9 बजे तक खुली रहेगी। इस प्रदर्शनी में आम की विभिन्न किस्मों के फल, आम के विभिन्न उत्पाद एवं आम के पौधे भी सामान्यजनों हेतु विक्रय के लिए उपलब्ध रहेंगे। आयोजन के द्वितीय दिवस आम उगाने वाले कृषकों एवं जिज्ञासुओं के लिए 13 जून को 12 बजे से 4 बजे तक तकनीकी मार्गदर्शन एवं परिचर्चा का आयोजन किया गया है, जिसमें छत्तीसगढ़ में उच्च गुणवत्ता के आम की विभिन्न किस्मों का उत्पादन, आम के विभिन्न उत्पाद एवं उनके विपणन के साथ ही आम उत्पादन हेतु छत्तीसगढ़ शासन की योजनाओं की भी जानकारी प्रदान की जायेगी, जिससे नयी पीढ़ी के लोग आम उत्पादन की ओर बढ़ सके। आम उत्पादन को पर्यावरण के संरक्षण के साथ एक स्वास्थ्यवर्धक व्यवसाय के रूप में अपनाने की जानकारी आम लोगों को प्रदान की जा जाएगी।

राष्ट्रीय आम महोत्सव के अंतिम दिन प्रदर्शनी के अवलोकन के साथ ही प्रतिभागियों के लिए पुरस्कार वितरण एवं सम्मान समारोह का आयोजन भी किया जायेगा। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य राष्ट्रीय फल ''आम'' जो कि आम जनता का प्रिय फल है उसकी समस्त सामान्य एवं खास किस्मों, विशिष्ट उत्पादों एवं भविष्य में अधिक उत्पादन के लिए रोजगार के साधनों की जानकारी सामान्य नागरिकों, महिलाओं, विद्यर्थियों, नव उद्यमियों एवं कृषकों को प्रदान करना है।

राष्ट्रीय आम महोत्सव के अवसर पर आयोजित प्रतियोगिता में प्रतिभागी न्यूनतम 10 आम प्रति किस्म के साथ भाग ले सकते हैं। इस अवसर पर आयोजित आम से बने विभिन्न व्यंजनों की प्रतियोगिता सामान्य जन न्यूनतम 250 ग्राम आम के उत्पाद को पंजीयन कर इस प्रतियोगिता में शामिल हो सकते हैं। राष्ट्रीय आम महोत्सव में 'प्रकृति की ओर' सोसायटी की तरफ से आम की पांच गुठलियां लाने पर एक आम का फल दिया जाएगा। प्रति व्यक्ति एक आम ही दिया जाएगा। इस आयोजन में पंजीयन एवं प्रवेश निशुल्क है अतः इस अवसर का लाभ प्राप्त करने हेतु सहभागी बने।

# जैन पत्रकार महासंघ का केशोरायपाटन में आयोजित क्षेत्रीय अधिवेशन सफलतापूर्वक सम्पन्न

### समाचार पत्रों में सामग्री ऐसी हो जिसे पाठक वर्ग पढ़ने के प्रति आकर्षित हो : आर्यिका स्वस्तिभूषण माताजी



**केशोरायपाटन/बूंदी ( विश्व परिवार )।** 9 जून। जैन पत्रकार महासंघ का हाड़ौती संभाग में क्षेत्रीय अधिवेशन, श्री मुनिसुव्रतनाथ दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र, केशोरायपाटन (जिला बूंदी) में 9 जू न को दोपहर 1.30 बजे से गणिनी आर्यिकारत्न 105 श्री स्वस्तिभूषण माताजी के पावन सानिध्य में आयोजित किया गया।

सर्वप्रथम जैन पत्रकार महासंघ के सभी पदाधिकारियों ने पूज्य माताजी को श्रीफल भेंट कर अधिवेशन में सानिध्य प्रदान करने के लिये निवेदन किया, तत्पश्चात श्री मुनिसुव्रतनाथ स्वामी के चित्र के समक्ष अनिल ठोरा-सुनीता ठोरा, विज्ञान नगर, कोटा द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

इसके बाद जैन पत्रकार महासंघ के राष्ट्रीय महामंत्री उदयभान जैन जयपुर ने महासंघ की गतिविधियों पर प्रकाश डाला और उपस्थित सभी पदाधिकारियों व सदस्यों के लिये अपने शब्दों के माध्यम से स्वागत उद्बोधन दिया। समारोह अध्यक्षीय उद्बोधन अतिशय क्षेत्र केशोरायपाटन के अध्यक्ष गुलाब चन्द जैन ने दिया और अतिशय क्षेत्र के बारे में जानकारी प्रदान की।

अशिवेशन के मुख्य विषय ''प्रिंट मीडिया की आवश्यकता एवं जैन पत्रकारों के संरक्षण'' पर बोलते हुए महासंघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजेन्द्र जैन ''महावीर'', सनावद ने कहा कि हमें अपने समाचार-पत्रों में सकारात्मक समाचार ही प्रकाशित करने चाहिये। उन्होंने कहा कि इलैक्ट्रोनिक मीडिया इतिहास का साक्ष्य नहीं बनता है जबकि प्रिंट मीडिया साक्ष्य बनता है इसलिये प्रिंट मीडिया का महत्व कभी समाप्त नहीं हो सकता। उन्होंने पूज्य माताजी से यह भी निवेदन किया कि माताजी, आचार्य श्री ज्ञानसागर जी महाराज के बाद आपसे समाज को बहुत अपेक्षायें हैं।

महासंघ के राष्ट्रीय संयुक्त महामंत्री अकलेश जैन, अजमेर ने कहा कि हमें जैन पत्रकार कहलाने से बात नहीं बनेगी बल्कि पत्रकारिता के क्षेत्र में अपनी जिम्मेदारी भी निभानी होगी। जैन गजट के सह संपादक सुनील जैन ''संचय'', ललितपुर ने बताया कि सोशल मीडिया पर भरोसा नहीं किया जा सकता। हालांकि सोशल मीडिया के आगे प्रिंट मीडिया दबा-दबा सा नजर आता है क्योंकि कोई समाचार जब तक पेपर में छपता है, उससे पहले वह समाचार सोशल मीडिया पर आ जाता है।

महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष रमेश जैन तिजारिया ने अपने वक्तव्य में कहा कि जैन पत्रकार निःस्वार्थ सेवा करते हैं, समाज के श्रेष्ठीगणों को इन्हें प्रोत्साहित करना चाहिये। ब्र. मनीष जैन ने जहाजपुर स्थित स्वस्ति धाम के बारे में और वहां के अतिशय के बारे में विस्तार से बताया।

परम पूज्य गणिनी आर्यिकारत्न श्री स्वस्तिभूषण माताजी ने अपने मंगल प्रवचन में पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि यह अधिवेषन दो दिवसीय होना चाहिये और प्रथम दिन, इसके तीन चरण होने चाहिये ताकि सभी लोग अपनी बात रख सकें और उनके बारे में विस्तृत चर्चा हो सके। उन्होंने प्रिंट मीडिया की आवश्यकता पर बोलते हुए कहा कि आपके समाचार-पत्र को लोग क्यों पढ़े, इस पर विचार करने की आवश्यकता है, सामग्री ऐसी होनी चाहिये कि पाठक वर्ग उसको पढ़ने के प्रति आकर्षित हो, उसमें रूचि पैदा हो। पूज्य माताजी ने यह भी कहा कि प्रिंट मीडिया के साथ-साथ, सोशल मीडिया को भी नहीं भुलाया जा सकता, उसकी भी आवश्यकता है।

इस अवसर पर जैन पत्रकार महासंघ के फोल्डर, जैनाग्र संदेश पत्रिका ,जैन गजट और समाचार जगत के अंक का विमोचन हुआ। अधिवेशन में पधारे सभी पत्रकारों और अतिथियों का आभार क्षेत्रीय अधिवेशन के संयोजक पारस जैन (पत्रिका), कोटा ने व्यक्त किया। मंच संचालन समारोह के मुख्य संयोजक एव ? महासंघ के राष्ट्रीय मंत्री राकेश जैन 'चपलमन' कोटा ने किया। अधिवेशन के दौरान पूज्य माताजी ने जैन पत्रकार महासंघ के संयुक्त महामंत्री सुनील जैन 'संचय'-ललितपुर और महासंघ के जयपुर जिला संयोजक चक्रेश जैन, समाचार जगत (जयपुर) को उनके सक्रिय योगदान के लिये महासंघ के पदाधिकारियों से विषेष रूप से सम्मानित करवाया। महासंघ के राष्ट्रीय संगठन मंत्री मनीष जैन विद्यार्थी, शाहगढ़ की इस क्षेत्रीय अधिवेशन को आयोजित करवाने में विषेष भूमिका रही। क्षेत्रीय अधिवेशन के मुख्य संयोजक राकेश जैन 'चपलमन', कोटा जिला संयोजक पारस जैन (पत्रिका), बूंदी जिला संयोजक महावीर सरावगी, जयपुर जिला संयोजक चक्रेश जैन और केशोरायपाटन के स्थानीय संयोजक मुकेश जैन थे। प्रबंधकारियाणी समिति श्री मुनिसुव्रतनाथ दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र, केशोरायपाटन का पूरा सहयोग इस अधिवेशन में प्राप्त हुआ।

जैन पत्रकार महासंघ के अधिवेशन में महासंघ के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष दिलीप जैन-जयपुर, राष्ट्रीय प्रचार मंत्री महेन्द्र जैन बैराठी- जयपुर, राकेश जैन सोनी-इंदौर, नरेन्द्र कुमार जैन-बिजौलिया, डॉ.आर.के.जैन-कोटा, प्रकाश पाटनी-भीलवाड़ा, सुरेन्द्र प्रकाश जैन-जयपुर, अशोक राणा-जयपुर, नवीन कुमार जैन-जहाजपुर, राजेश जैन 'बंटी'-कोटा, अभिषेक लुहाड़िया - रामगंजमंडी, राजेन्द्र कुमार जैन-इटावा,नवनीत जैन -इटावा, सुबोध जैन- कोटा, पदम शाह-नैनवा, त्रिलोक चन्द जैन-खटकड़ (जिला बूंदी), विमल कुमार जैन , ब्र. डॉ. कल्पना जैन नोयडा, पारस जैन 'पार्श्वमणि'-कोटा, रविन्द्र काला-बूंदी, चन्द्रेश कुमार जैन भोपाल, भागचन्द जैन- जयपुर व गौरव पाटनी कापरेन आदि सम्मिलित हुए।

**-उदयभान जैन**

# ग्राम सेमरहा के हताहत बच्चों से विधायक भावना बोहरा ने की बातचीत, कहा- मैं आपके साथ हूँ

### ग्राम सेमरहा के बच्चों को भावना समाज सेवी संस्थान द्वारा वितरित की गई सामग्री



**पंडरिया ( विश्व परिवार )।** पंडरिया विधानसभा के वनांचल क्षेत्र कुकदुर अंतर्गत ग्राम सेमरहा में तेंदुपत्ता संग्राहकों के सड़क दुर्घटना में दिवंगत हुए परिजनों के बच्चों से आज विधायक भावना बोहरा ने विडियो कॉल के माध्यम से बातचीत की और उनका कुशलक्षेम जाना। दिल्ली प्रवास पर गई भावना बोहरा ने सभी 24 बच्चों से बातचीत की और उनसे कहा कि मैं हर क्षण आपके साथ हूँ। विधायक भावना बोहरा के साथ बातचीत के दौरान बच्चों की आँखों में उम्मीद की एक किरण जागी है।

अपने परिवारजनों को खोने का उनके दुःख को बांटते हुए भावना बोहरा ने उन्हें हर संभव मदद करने के लिए आश्वस्त किया तो वहीं उन्हें अच्छे से पढाई-लिखाई करने व अपने उज्ज्वल भविष्य के लिए मेहनत करने हेतु प्रोत्साहित किया। विधायक भावना बोहरा ने कहा कि मैं आपके परिवारजनों की कमी तो पूरी नहीं कर सकती लेकिन एक अभिभावक के रूप में आप सभी की शिक्षा, रोजगार एवं विवाह तक आपकी जिम्मेदारी अब मेरी है। विदित हो कि विधायक भावना बोहरा ने इस दुखद हादसे के बाद घटना में जिनके परिजनों के निधन हुआ उन सभी 24 बच्चों की पूरी जिम्मेदारी उठाने का निर्णय लिया। उनके इस निर्णय के बाद से बच्चों का भविष्य जहाँ सुरक्षित हुआ है वहीं उन्हें मानसिक रूप से संबल भी मिला है। दिल्ली प्रवास पर होने की वजह से विधायक भावना बोहरा ने अपने भावना समाज सेवी संस्थान के प्रतिनिधियों द्वारा आज उन सभी 24 बच्चों को लंच बॉक्स, वाटर बॉटल, छाता, कम्बल और टॉर्च वितरित किया गया। भावना बोहरा ने कहा कि आप सभी निश्चिंत होकर अपनी शिक्षा पर ध्यान दीजिये, मैं आपके दुःख को समझ सकती हूँ। मैं आप सभी के साथ हर कदम पर हूँ और आपका भविष्य उज्ज्वल हो, इसके लिए मैं हर संभव प्रयास करुँगी।

# कुष्ठ बस्ती में लोगो के बीच केक काटकर जुनेजा ने मनाया जन्मदिन



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** रायपुर उत्तर विधानसभा के पूर्व विधायक श्री कुलदीप जुनेजा ने अपना जन्मदिन प्रति वर्ष की भांति कुष्ठ बस्ती में लोगो के बीच जाकर केक काटकर मनाया। यह कि सरल सहज व्यक्तित्व के जुनेजा सदैव अपना जन्मदिन इसी तरह मनाते आ रहे हैं। इससे पूर्व देवेंद्र नगर चौराहे में कार्यकर्ताओ ने बधाई देने पहुंचे. इस अवसर पर बड़ी संख्या में उनके शुभचिंतक भी मौजूद रहे। पूर्व पार्षद जसबीर ढिल्लन ने उनके जन्मदिन पर बधाई देते हुए उनके दीर्घायु की कामनाएं किया। प्रमुख रूप से पार्षद अमितेष भारदाज, जसबीर ढिल्लन, ठाकुर राम साहू सुब्रत डे,पप्पू बंजारे, ब्लॉक अध्यक्ष संजय सोनी,सत्तू सिंह,मनोज राठी, बलजीत भाटिया,महेंद्र बघोडिया, महेंद्र सेन महादेव अग्रवाल कमल धृतलहरे, गौतम यादव, राकेश वाकडे, सेवक महानंद चिंतामणी गणपायले, सन्नी भाई सहित अन्य समस्त जन उपस्थित रहे।

### अमृत सरोवर स्थलों में मनाया गया पर्यावरण दिवस

# 2 जून तक स्वच्छ हरित ग्राम सप्ताह के तहत चलाई जाएंगी विभिन्न गतिविधियां

**दुर्ग।** कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देशन एवं जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी अश्वनी देवांगन के मार्गदर्शन में जिले के कई ग्राम पंचायतों एवं अमृत सरोवर के पास विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर स्वच्छ हरित ग्राम सप्ताह के तहत विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही है। 5 जून को हर साल विश्व पर्यावरण दिवस यानी ''वर्ल्ड एनवारयमेंट डे'' मनाया जाता है। लोगों को प्रकृति से जुड़ी समस्याओं के बारे में जागरुक किया जाता है, ताकि इसके लिए कुछ ठोस कदम उठाए जा सकें। इसी कड़ी में 5 जून से 12 जून तक ''स्वच्छ हरित ग्राम सप्ताह'' अभियान चलाकर विभिन्न ग्राम पंचायतों में ग्रामीणों को जलवायु परिवर्तन के दुष्परिणामों से अवगत कराते हुए पर्यावरण के प्रति जागरुक होने का संदेश दिया गया।






विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर जिले के अमृत सरोवर स्थलों के पास विशेष उत्सव आयोजित किया गया। इस मौके पर अमृत सरोवर स्थलों पर वृक्षारोपण अभियान, सफाई गतिविधियां, जल संरक्षण एवं जैव विविधता के महत्व के बारे में जागरूकता अभियान भी चलाया जा रहा है। जल निकायों के कायाकल्प एवं जीर्णोधार के सकारात्मक प्रभावों को प्रदर्शित कर, महात्मा गांधी नरेगा अंतर्गत गांवों में पर्यावरण प्रबंधन को बढ़ावा देने के लिए ही स्वच्छ हरित ग्राम सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान भू-जल को रिचार्ज करने एवं जल भराव को लंबे अवधि तक रोकने में सोक पिट का निर्माण करने प्रोत्साहित किया जाएगा। इसके अलावा वर्मी कम्पोस्ट, नाडेप पिट से जैविक कचरे को पोषक तत्व के रूप में जैविक खाद बनाने, कचरे से कम्पोस्ट खाद, अपशिष्ट पदार्थों का पुनः उपयोग एवं गैर-बायोडिग्रेडबेल कचरे का रिसायकलिंग के लिये प्रोत्साहित किया जाएगा। पर्यावरण दिवस उत्सव के दौरान ग्राम पंचायतों के नागरिकों, हितग्राहियों को आयोजन से संबंधित गतिविधियों के बारे में जानकारी देते हुए प्रोत्साहित किया गया। सरोवर की सफाई की गई। इस दौरान तकनीकी सहायक मती खिलेशवरी कुर्रे, सचिव शांतनु प्रसाद गायकवाड़, सरपंच बरसन नवरंगे, रोज़गार सहायक कन्हैयालाल ठाकुर, कंप्यूटर ऑपरेटर और समस्त ग्रामवासी उपस्थित रहें। वहीं ग्राम पंचायत दमोदा खुर्सीडीह के अमृत सरोवर तालाब में भी विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया। जिसमें ग्राम पंचायत के जनपद सदस्य मती माना बाई देशमुख, सरपंच अश्वनी यादव, सचिव मति वर्षा उइके, तकनीकी सहायक मती दीप्ति सिंह, रोजगार सहायक पुकेश्वर, पंच, वरिष्ट नागरिक एवं ग्रामवासी उपस्थित रहें।

# ओवरलोड ट्रक का यातायात पुलिस ने काटा 44 हजार का चालान

**रायगढ़।** पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल सड़क दुर्घटनाओं को लेकर बेहद गंभीर हैं। पुलिस अधीक्षक द्वारा यातायात पुलिस व सभी थाना, चौकी प्रभारी को यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर नियमानुसार मोटर व्हीकल एक्ट कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए हैं। निर्देशों के पालन में प्रतिदिन यातायात पुलिस द्वारा वाहन चेकिंग व चालानी कार्यवाही की जा रही है।
इसी कड़ी में कल सुबह रायगढ़-पूंजीपथरा मुख्य मार्ग पर वाहन चेकिंग दौरान ट्रक क्रमांक सीजी 07 सीपी 0232 में फैक्ट्री मटेरियल क्षमता से अधिक लोड पाया गया। वाहन का पंचनामा कर ट्रैफिक डीएसपी रमेश कुमार चंद्रा द्वारा वाहन चालक नवीन यादव निवासी जमुई




(बिहार) हाल मुकाम भिलाई दुर्ग का मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 113,194 के तहत 44,000 का चालान काटा गया है। यातायात पुलिस की आगे भी यातायात मानदंडों का पालन नहीं करने वालों पर कार्रवाई जारी रहेगी।

# 'आओ बात करे', सामुदायिक मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम कार्यशाला का हुआ आयोजन

दुर्ग। जिला प्रशासन, यूनिसेफ एवं एग्रिकॉन फाउंडेशन के संयुक्त प्रयास से 'आओ बात करें' सामुदायिक मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम कार्यशाला का आयोजन जनपद पंचायत दुर्ग के सभागार मे हुआ। इस कार्यक्रम मे दुर्ग, पाटन एवं धमधा खंड से सचिव, रोजगार सहायक, आँगनवाड़ी कार्यकर्ता, बिहान, एनजीओ सहित 70 लोगों की भागीदारी रही। कार्यशाला का उद्घाटन युवोदय कार्यक्रम जिला समन्वयक शशांक शर्मा ने किया। अपने उद्घाटन भाषण में उन्होंने मानसिक स्वास्थ्य के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि मानसिक स्वास्थ्य शारीरिक स्वास्थ्य जितना ही महत्वपूर्ण है, और हमें इसे नजर अंदाज नहीं करना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि इस तरह की कार्यशालाओं के माध्यम से लोगों में मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाई जा सकती है। कार्यक्रम मे एग्रीकान फाउंडेशन से मानसिक स्वास्थ्य राज्य समन्वयक दानिश के हुसैन, युवोदय एवं युवा कार्यक्रम



राज्य स्तरीय समन्वयक जागृति गर्ग के द्वारा मानसिक स्वास्थ्य एवं युवोदय कार्यक्रम से जुड़े विषयों के बारे में जानकारी दी गई। प्रारंभ में जागृति गर्ग के द्वारा स्वयंसेवा एवं स्वयंसेवकों के भूमिका, युवोदय क्या है के विषय में चर्चा की गई। जिससे समाज मे युवाओं के द्वारा समुदाय में उचित बदलाव लाया जा सके, इसके साथ सामाजिक व्यवहार परिवर्तन के द्वारा समाज में अच्छे व्यवहारों को अपनाने हेतु कैसे कार्य कर सकते है इस विषय मे चर्चा की गई। दानिश के. हुसैन के द्वारा मानसिक स्वास्थ्य विषयों को लेकर चर्चा में भावनाये 'आप कैसा महसूस कर रहे है', मानसिक रूप से स्वस्थ्य व्यक्ति के गुण, मानसिक स्वास्थ्य क्यो महत्वपूर्ण है, मानसिक स्वास्थ्य के महत्व और इसके प्रभावों पर चर्चा की गई। तनाव प्रबंधन योग और ध्यान के माध्यम से तनाव को कैसे प्रबंधित किया जा सकता है, इस पर विशेष सत्र आयोजित किया गया। सकारात्मक सोच और आत्म-सम्मान बढ़ाने और सकारात्मक सोच को प्रोत्साहित करने के लिए विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यशाला के प्रमुख अंश में विभिन्न व्यावहारिक गतिविधियाँ कराई गई, बायो मेडिकल मॉडल, मनो सामाजिक मॉडल, मानसिक स्वास्थ्य बनाये रखने के उपाय के बारे मे बताया गया। गतिविधियों मे प्रतिभागियों ने सक्रिय रूप से हिस्सा लिया।

मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याओं और उनके समाधान के

# एनटीपीसी लारा बालिका सशक्तिकरण अभियान के माध्यम से बालिकाओं का भविष्य संवार रहा

**रायगढ़।** वे सपने देख सकती हैं, दृढ़ निश्चय कर सकती हैं और अपना भाग्य बना सकती हैं। एनटीपीसी लारा ने 13 जून 2024 तक चलने वाले अपने बालिका सशक्तीकरण अभियान 2024 कार्यक्रम के जरिए 10-12 साल की उम्र की लड़कियों में यह जुनून जगाया है। इस कार्यक्रम के तहत सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाली आसपास के गांवों की 40 लड़कियों का चयन किया गया है। यह पूरी तरह से आवासीय और निःशुल्क व्यक्तित्व विकास कार्यक्रम है। गर्मी की छुट्टियों के बेहतर उपयोग के लिए एनटीपीसी ने सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाली लड़कियों की बेहतरी के लिए यह कार्यक्रम तैयार किया है।
एनटीपीसी लारा एक बार फिर आसपास के गांवों की लड़कियों की मदद के लिए आगे आया है, ताकि उन्हें उनके अंतर्निहित गुणों को समझने और महसूस करने में मदद मिल सके और उन्हें अपने जीवन में नई ऊंचाई हासिल करने के लिए उन गुणों को विकसित करने के लिए प्रेरित किया जा सके। एनटीपीसी लारा में बालिका सशक्तीकरण मिशन (जीईएम) 2024 का तीसरा संस्करण, एक महीने तक




चलने वाला एनटीपीसी का प्रमुख कार्यक्रम, 17 मई को शुरू हुआ है। पिछले वर्षों की तरह इस वर्ष भी आसपास के गांवों छपोरा, कांडागढ़, बोड़ाझरिया, लारा, देवलसुरा, रियापल्ली, लोहाखान और झिलगिटार की 10 से 12 वर्ष की 40 बालिकाओं की चयन इस कार्यक्रम के लिए की गई थी। नियमित पाठ्यक्रम के अलावा, इन लड़कियों को कला, नृत्य, नाटक और संगीत के प्रशिक्षण के साथ-साथ योग, आत्मरक्षा, बुनियादी अंग्रेजी, हिंदी, गणित, विज्ञान, सामान्य ज्ञान और जीवन कौशल जैसे क्षेत्रों में सॉफ्ट स्किल और ज्ञान से लैस किया जाएगा। श्वेता और साक्षी गांव बोड़ाझरिया और झिलगिटार की दो लड़कियां आईएएस अधिकारी बनकर देश की सेवा करने का सपना देख रही हैं। संख्या यहीं नहीं रुकती, जैसे रीना डॉक्टर बनना चाहती है, राखी पुलिस अधिकारी बनना चाहती है सावित्री खेलकूद में अच्छी है, इसलिए वह भविष्य में कबड्डी खिलाड़ी बनना चाहती है। चंचल को नृत्य और गायन का शौक है, इसलिए वह डांसर बनना चाहती है और अन्य छात्राओं को सिखाएगी।
प्रत्येक लड़की ने भविष्य में कुछ हासिल करने के लिए अपना लक्ष्य निर्धारित किया है। जैसा कि उन्होंने कहा, मेरे गांव की कई बड़ी बहनें, जो जीईएम कार्यशालाओं के पिछले संस्करणों में इस कार्यक्रम का हिस्सा थीं, ने शिविर की सराहना की। उन्होंने विभिन्न नृत्य रूप, योग, कला और नाटक सीखे। मैं इसे लेकर उत्साहित थी! मैं एनटीपीसी लारा की आभारी हूँ क्योंकि उन्होंने मुझे इस वर्ष कार्यक्रम में शामिल होने दिया। एक बालिका उन्मुख कार्यक्रम होने के नाते, एनटीपीसी लारा की महिला कल्याण संस्था प्रेरिता महिला समिति घरेलू माहौल में आयोजन के लिए अपना समर्थन दे रही है।
भारत की सबसे बड़ी एकीकृत बिजली कंपनी एनटीपीसी लिमिटेड इस प्रमुख सीएसआर पहल के अंतर्गत बालिका सशक्तीकरण अभियान का आयोजन कर रही है।

# दुर्ग, बालोद एवं बेमेतरा के ग्रामीण क्षेत्रों के युवक-युवतियों को दिया जाएगा निःशुल्क प्रशिक्षण

### प्रथम प्रशिक्षण 10 जून से प्रारंभ

**दुर्ग।** बैंक ऑफ बड़ौदा ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान दुर्ग भारत सरकार द्वारा संचालित एक प्रशिक्षण संस्थान है, जो ग्रामीण क्षेत्रों में आत्मनिर्भरता के लक्ष्य को प्राप्त करने के उद्देश्यों को पूरा करने के लिए विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रदान करता है। इसी उद्देश्य की प्राप्ति हेतु संस्थान द्वारा दुर्ग, बालोद एवं बेमेतरा जिले के ग्रामीण क्षेत्र के युवक-युवतियों हेतु 10 जून से निःशुल्क आवासीय (भोजन व्यवस्था के साथ) प्रशिक्षण आयोजित किया जा रहा है। उक्त प्रशिक्षण हेतु दुर्ग, बालोद एवं बेमेतरा जिले के ग्रामीण क्षेत्र के 18 से 45 वर्ष के युवक-युवतियों से आवेदन आमंत्रित किया गया है। प्रशिक्षण हेतु आवश्यक दस्तावेज आधार कार्ड, राशन कार्ड, नरेगा जॉब कार्ड, पासपोर्ट फोटो, मार्कशीट की छायाप्रति लाना अनिवार्य होगा। ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों के बेरोजगार युवक-युवतियों को निःशुल्क आवासीय प्रशिक्षण प्रदान कर रोजगार विकास को सुगम बनाना है। ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान द्वारा प्रदान किए जाने वाले प्रशिक्षण कार्यक्रम आत्म उत्पादकता, सशक्तिकरण, कौशल विकास, उद्यमिता, बैंकिंग और वित्तीय सेवाओं के बारे में शिक्षण प्रदान करते हैं। ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान द्वारा प्रदान किए जाने वाले प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में आत्मनिर्भरता को बढ़ाने में मदद मिलती है। निदेशक बैंक ऑफ बड़ौदा ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान से प्राप्त जानकारी अनुसार 10 जून को फास्ट फूड मेकिंग का प्रशिक्षण (10 दिन तक), 20 जून को आर्टिफीशियल ज्वेलरी मेकिंग का प्रशिक्षण (13 दिन तक), 28 जून को कम्प्यूटर एकाउंटिंग का प्रशिक्षण (30 दिन तक), 15 जुलाई को फोटोग्राफी एवं वीडियोग्राफी प्रशिक्षण (30 दिन तक) एवं 27 जुलाई को मोबाईल रिपेयरिंग का प्रशिक्षण (30 दिन तक) दिया जाएगा।

अधिक जानकारी के लिए फोन नम्बर

# मनरेगा श्रमिकों ने मनाया रोजगार दिवसः स्वच्छ ग्राम हरित ग्राम सप्ताह अभियान अंतर्गत पर्यावरण संरक्षण की दिशा में कर रहे कार्य

**दुर्ग।** जिले के प्रत्येक मनरेगा ग्राम पंचायत में आज रोजगार दिवस का आयोजन किया गया। स्वच्छ हरित ग्राम सप्ताह के तहत् ग्राम पंचायतों में पर्यावरण सरंक्षण कार्यों के विषय में मजदूरों को जानकारी दी जा रही है। जिसमें मजदूरों को वर्षाजल की एक-एक बूंद का संरक्षण करने, भू-जल का रिचार्ज करने एवं जल भराव को लंबे अवधि तक रोकने में सोक पीट एवं वाटर हार्वेस्टिंग सरंचना के बारे में जानकारी दी गई। वर्षा जल के प्रभावी प्रबंधन के लिये उपयुक्त स्थानों की पहचान कर सभी सार्वजनिक नल कूप/हैण्डपम्प के पास सोक पिट का निर्माण तथा सार्वजनिक पक्के भवनों में वाटर हार्वेस्टिंग सरंचना बनाने के लिए ग्राम पंचायतों में विशेष रैली कार्यक्रम व चौपाल का आयोजन किया जा रहा है। रोजगार दिवस के उपलक्ष्य में रोजगार देना व रोजगार से संबंधित शिकायतों का निराकरण संबंधित चर्चा की गई। साथ ही ग्राम पंचायत को स्वच्छ एवं बूंद-बूद जल को बचाने का मुहिम भी चलायी जा रही है। वहीं वर्मी कम्पोस्ट नाडेप पिट से



जैविक कचरे को पोषक तत्व के रूप में जैविक खाद बनाने, जैविक कचरे का प्रबंधन एवं मृदा-स्वास्थ्य में सुधार के लिये गांवों में हितग्राहियों को प्रोत्साहित कर जानकारी दी गयी।

ग्राम पंचायतों बेस्ड भुगतान एवं एन.एम.एम.एस ऐप मास्टर की एन्ट्री की जा रही है। रोजगार दिवस के अवसर पर मनरेगा के निर्माण कार्य की मांग, मजदूरों के आधार शिडिंग व कार्य से सबंधित शिकायत जैसी जानकारियां दी गयी। रोजगार दिवस मजदूरों के हक की बाते बताने का एक माध्यम रहा है। ग्राम पंचायत में मनरेगा स्थाई परिसम्पति निर्माण एवं गांव का विकास किया जा सकता है। योजना अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2023-2024 में 304 ग्राम पंचायतों के 296 ग्रामों में 1069 निर्माण कार्य चल रहे है। कुल मजदूरों की संख्या 67 हजार 2 सौ 49 है। जिसमें मानव दिवस 22 लाख 09 हजार 2 सौ 33 उपलब्ध कराया गया है। रोजगार दिवस के दौरान ग्राम पंचायत ठेंगाभाट जनपद पंचायत धमधा जिला दुर्ग मे जल संरक्षण जागरूकता अभियान अंतर्गत शपथ एवं जागरूकता रैली निकाला गया और लोगों को जल का महत्व बताया गया। जिसमे पंचायत सचिव, सहायक विस्तार अधिकारी, तकनीकी सहायक, सरपंच उपसंरपंच पंच गण रोजगार सहायक समूह की महिलायें एवं ग्रामीणवासी उपस्थित थे। इसके अलावा ग्राम पंचायत मटिया गुजरा ब्लॉक पाटन में विश्व पर्यावरण दिवस और स्वच्छ हरित ग्राम सप्ताह का आयोजन किया गया।

जिसमें 112 मजदूरों को अमृत सरोवर

# जिलावार प्रथम गो-लाईव करने वाली शाखा व समितियों को कलेक्टर ने किया सम्मानित

**दुर्ग।** भारत सरकार, सहकारिता मंत्रालय की महत्वाकां योजना अत्तर्गत 'पैक्स कम्प्यूटराईजेशन' देश के समस्त प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों का डिजिटलाइजेशन किया जाना है। उक्त योजना का क्रियान्वयन राज्य शासन के आयुक्त सहकारिता एवं पंजीयक सहकारी संस्थाएं छत्तीसगढ़ रायपुर, नाबार्ड रायपुर एवं अपेक्स बैंक रायपुर के दिशा-निर्देशानुसार जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित दुर्ग के कार्यक्षेत्र तीनों जिले दुर्ग, बालोद व बेमेतरा की प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों में पैक्स कम्प्यूटराईजेशन का कार्य सम्पादित किया जा रहा है। कलेक्टर एवं प्राधिकृत अधिकारी जिला सहकारी बैंक दुर्ग ऋचा प्रकाश चौधरी ने आज कलेक्टर कार्यालय दुर्ग में जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित दुर्ग के अंतर्गत जिले से प्रथम गो-लाईव करने वाली शाखा एवं सहकारी समितियों को प्रशस्ति




पत्र एवं स्मृतिचिन्ह देकर सम्मानित किया। सम्मान पाने वाले शाखा प्रबंधक एवं समिति कर्मचारी जिला बालोद से हेमलाल गजेन्द्र शाखा प्रबंधक, शाखा बालोद एवं अधीनस्त समितियों के प्रभारी क्रमशः मधुसूदन देशमुख बालोद व मेढ़की, जगतराम साहू पाररास व तरीद, सुशीलदास मानिकपुरी साकरा (ज) है। जिला बेमेतरा से एस. के जागड़े, शाखा प्रबंधक शाखा बेमेतरा, विनोद राजपुर समिति बेमेतरा, रोशन बैस लोलेसरा व मोहतरा, उत्तरा टंडन डूण्डा, लल्लू, वर्मा कंतेली को सम्मानित किया गया। इसी प्रकार जिला दुर्ग से युवराज चन्द्राकर शाखा प्रबंधक शाखा दुर्ग, घनश्याम बेलचंदन समिति कोडिया, ज्वाला देशमुख समिति आलबरस, राजकमल साहू समिति थनौद व तिरगा, मती किरण साहू समिति चंदखुरी एवं कोलिहापुरी, दुमनलाल साहू, समिति सिरसा को सम्मानित किया गया। उक्त कार्यक्रम में हृदेश शर्मा मुख्य कार्यपालन अधिकारी, एस.के निवसरकर वर्ग-1 अधिकारी, सु कुसुम ठाकुर अतिरिक्त मुख्य पर्यवेक्षक, सी.आर.रावटे, नोडल अधिकारी बालोद, धीरेन्द्र देवांगन, शाखा प्रबंधक मुख्यालय दुर्ग, दीनबंधु ठाकुर अधीक्षक उपस्थित रहे।

# गर्मी एवं लू से बचाव के लिए करें उपाय

**दुर्ग।** जिले में लगातार बढ़ रहे लू और बुखार के मरीज के संबंध में कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देशानुसार मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जे.पी. मेश्राम, जिला सर्वेलेंस अधिकारी डॉ. सी.बी.एस. बंजारे, आईडीएसपी दुर्ग के मार्गदर्शन में मती रितीका मसीह, जिला एपिडेमियोलॉजिस्ट, समस्त कॉम्बेट टीम, महिला एवं पुरूष स्वास्थ्य कार्यकर्ता, सुपरवाईजर एवं मैदानी स्तर पर मितानिन सहित अन्य स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं के द्वारा आम जनता को लू-तापघात से बचाव हेतु जनसाधारण को जागरूक करते हुये नियमित निगरानी की जा रही है। लू लगने के लक्षण सिर में भारीपन और दर्द होना, तेज बुखार के साथ मुंह का सूखना, चक्कर और उल्टी आना, कमजोरी के साथ शरीर में दर्द होना, शरीर का तापमान अधिक हो जाने के बाद भी पसीने का न आना, अधिक प्यास और पेशाब कम आना, भूख कम लगना, बेहोश होना उक्त स्थिति से निपटने तथा सभी निजी तथा शासकीय अस्पतालों के पैरामेडिकल स्टाफको हीट स्ट्रोक (हीट स्ट्रोक) को तुरंत पहचानने और मरीज को असरदार ईलाज देने के लिए गर्मी से होने वाली बीमारियों के प्रबंधन की तैयारी के निर्देश दिये गये है। जिला प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा लू का अलर्ट जारी किया गया है। आम जनता को लू के लक्षण से अवगत कराया जाकर जन-जागरूकता लायी जा रही है। लू-तापघात के प्रारंभिक उपचार जैसे बुखार पीड़ित व्यक्ति के सिर पर ठंडे पानी की पट्टी लगाएँ, पेय पदार्थ का सेवन करें जैसे नारियल पानी, आम का पना, जलजीरा आदि। पीड़ित व्यक्ति को पंखे के नीचे हवा में लेटा दें, खुले में हवादार एवं ठंडे स्थान में रखें। शरीर पर ठंडे पानी का छिड़काव करते रहें। पीड़ित व्यक्ति को यथाशीघ्र किसी नजदीकी चिकित्सा केन्द्र में उपचार हेतु ले जाए। मितानिन, ए.एन.एम. से ओ.आर.एस. के पैकेट हेतु संपर्क करें। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जे.पी. मेश्राम ने सभी शासकीय चिकित्सालयों में लू के प्रबंधन हेतु निर्देश दिये गये हैं जैसे बाह्य रोगी विभाग में आने वाले सभी मरीजों में लू के लक्षण की जॉच अवश्य करें। प्रत्येक अस्पतालों में कम से कम दो बिस्तर इन मरीजों के लिए आरक्षित किया गया है। वार्ड में शीतलता हेतु कूलर की व्यवस्था की गयी है। प्रत्येक संस्था में ओ.आर.एस. कार्नर बनाया गया है। मितानिन व संबंधित क्षेत्र के स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को पर्याप्त मात्रा में दवाईयाँ उपलब्ध करा दी गयी है। लू-तापघात की रोकथाम व बचाव हेतु नगरीय निकाय एवं शुद्ध पेयजल हेतु लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग से निरन्तर समन्वय बनाया जा रहा है। दुर्ग जिले में लू-तापघात से संबंधित 07 जून 2024 को ओ.पी.डी. में कुल 152 व्यक्ति जॉच के लिये आये जिनमें से कोई भी लू-तापघात के मरीज नहीं मिले।
वर्तमान में दुर्ग जिले में लू-तापघात से किसी भी व्यक्ति की मृत्यु नहीं हुई है।

# निगम आयुक्त ने ट्रांसपोर्ट नगर में किए जा रहे निर्माण कार्यों का किया निरीक्षण

### समय सीमा में कार्य पूर्ण करने दिए निर्देश

**भिलाई-3।** कलेक्टर रिचा प्रकाश चौधरी के निर्देशानुसार नगर निगम भिलाई-चरौदा कमिश्नर डी.एस. राजपूत ने अपनी टीम के साथ को ट्रांसपोर्ट नगर का दौरा किया। इस दौरान ट्रांसपोर्ट नगर के फेस-1 और फेस-2 में किये जा रहे निर्माण कार्य को लेकर उपस्थित अधिकारियों को निर्देश भी प्रदान किये। उल्लेखनीय है कि ट्रांसपोर्ट नगर के फेस-2 में शॉपिंग कॉम्पलेक्स का निर्माण किया जा रहा है। निर्माण कार्य स्लैब लेवल तक पहुंच चुका है। कार्य की गति धीमी होने के कारण निगम कमिश्नर डी.एस. राजपूत द्वारा नाराजगी जाहिर करते हुये समय-सीमा में कार्य पूर्ण कराने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। इसके अलावा



फेस-1 और फेस-2 में डिवाईडर, पार्किंग, निकासी नाली सहित सुगम आवागमन हेतु रोड निर्माण का कार्य गुणवत्ता युक्त शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए। इस दौरान निगम के कार्यपालन अभियंता सुनिल जैन, सहायक अभियंता प्रशांत शुक्ला, सहायक अभियंता डी.के. पाण्डेय सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

# धवार को जिला अस्पताल दुर्ग में वृद्धजनों के लिए विशेष शिविर का आयोजन

- **विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा अब तक 2579 वृद्धजनों का किया गया जांच एवं उपचार**

**दुर्ग।** जिला चिकित्सालय दुर्ग में प्रति बुधवार को वृद्धजनों हेतु विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर में सभी प्रकार की जांच सुविधा उपलब्ध है। मधुमेह, उच्च रक्तचाप, मोतियाबिंद, गठिया रोग, श्रवण जांच एवं अन्य सभी प्रकार की जांच व उपचार निःशुल्क किया जाता है। सिविल सर्जन डॉ. हेमंत साहू से मिली जानकारी अनुसार मई माह में कुल 2579 वृद्धजनों को जांच उपचार से लाभान्वित किया गया है। बुधवार को आयोजित वृद्धजनों के लिए शिविर में मेडिसिन विशेषज्ञ चिकित्सक डॉ. के.के. जैन, डॉ. मनोज दानी, डॉ. देवेन्द्र साहू, डॉ. तृप्ती तिवारी और डॉ. अनिल विवेक सिन्हा। नाक, कान, गला विशेषज्ञ डॉ. रीनू तिवारी। जनरल सर्जरी विशेषज्ञ डॉ. वाई.के. शर्मा, डॉ. सरिता मिंज, डॉ. ए.के. सन्याल और डॉ. कामेन्द्र ठाकुर। नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. संगीता भाटिया, डॉ. बी.आर. कोसरिया, डॉ. अल्पना अग्रवाल और डॉ. कल्पना जेफ्र अर्थोपेडिक विशेषज्ञ डॉ. अखिलेश यादव, डॉ. विपिन जैन और डॉ. आर.के. नायक। दन्त रोग विशेषज्ञ डॉ. कंचन गुप्ता, डॉ. रेणुका जायसवाल, डॉ. कामनी डड़सेना, डॉ. शिवांशी अग्निहोत्री, डॉ. अंजू यादव और डॉ. तान्या जायसवाल। स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. ममता पाण्डे, डॉ. उज्जवला देवांगन, डॉ. बी.आर. साहू और डॉ. स्मिता। आयुर्वेद चिकित्सा विशेषज्ञ डॉ. जयप्रकाश चन्द्राकर तथा त्वचा रोग विशेषज्ञ डॉ. गरिमा बालपाण्डे अपनी सेवाएं दे रहे हैं। विगत मई माह में मेडिसीन से संबंधित 853, कान, नाक, गला से संबंधित 88, जनरल सर्जरी से संबंधित 73, नेत्र रोग से संबंधित 323, अर्थोपेडिक से संबंधित 374, दन्त रोग से संबंधित 80, स्त्री रोग से संबंधित 07, आयुर्वेद से संबंधित 261, त्वचा रोग से संबंधित 67 तथा अन्य प्रकार के रोग से संबंधित 453 मरीजों की जांच उपचार कर लाभान्वित किया गया है।

www.dainikvishwapariwar.com
vishwapariwarraipur@gmail.com

दैनिक
# विश्व परिवार



## व्यापार समाचार

### ब्रिटेन में निवेश करने में भारत से महाराष्ट्र कर्नाटक और दिल्ली टॉप पर

**नईदिल्ली।** ब्रिटेन में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) करने वाले भारत के शीर्ष तीन राज्य- महाराष्ट्र, उसके बाद कर्नाटक और दिल्ली हैं। भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) और ब्रिटेन में भारतीय उच्चायोग द्वारा तैयार की गई एक नई संयुक्त रिपोर्ट में यह बात कही गई है। इस सप्ताह लंदन में पेश की गई रिपोर्ट से पता चला कि महाराष्ट्र में मुख्यालय वाली कंपनियों ने 2023 में ब्रिटेन में सबसे अधिक 20 प्रतिशत प्रत्यक्ष विदेशी निवेश किया। इसके बाद कर्नाटक (12 प्रतिशत) और दिल्ली (8.6 प्रतिशत) का स्थान है। शीर्ष 10 राज्यों में गुजरात (7.1 प्रतिशत), तमिलनाडु (6.7 प्रतिशत), तेलंगाना (6.5 प्रतिशत), उत्तर प्रदेश (5.9 प्रतिशत), हरियाणा (4.5 प्रतिशत), पश्चिम बंगाल (3.14 प्रतिशत) और केरल (3.05 प्रतिशत) शामिल हैं। यह भारत से ब्रिटेन में कुल एफडीआई का 78 प्रतिशत है। ब्रिटेन में भारतीय उच्चायुक्त विक्रम दोरईस्वामी ने लंदन में रिपोर्ट जारी करते हुए कहा, भारत-ब्रिटेन गलियारे की पुनर्कल्पना करने वाले हमारे कारोबार सुरक्षित और टिकाऊ भविष्य के लिए हमारे साझा दृष्टिकोण और आकांक्षाओं को साकार करेंगे। विश्लेषण में पाया गया कि कंपनियों और कर्मचारियों की संख्या के लिहाज से भारत से एफडीआई लाने वाला अग्रणी क्षेत्र आईटी और सॉफ्टवेयर है। रिपोर्ट के अन्य निष्कर्षों में एक यह भी है कि पिछले वर्ष ब्रिटेन के छात्र वीजा में पांच प्रतिशत की वृद्धि के साथ नए भारतीय छात्रों ने कुल मिलाकर ब्रिटेन के विश्वविद्यालयों में अनुमानित 4.3 अरब पाउंड का योगदान दिया है।

### सैमसंग ने क्वॉन्टम डॉट फीचर, 4K अपस्केलिंग के साथ 2024 क्यूएलईडी 4K

**गुरुग्राम।** भारत के सबसे बड़े कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड सैमसंग ने आज भारत में 65990 रुपये की शुरुआती कीमत पर 2024 क्यूएलईडी 4K टीवी सीरीज लॉन्च की है । 2024 क्यूएलईडी 4K टीवी लाइन-अप ढेर सारे प्रीमियम फीचर्स के साथ आता है। 2024 क्यूएलईडी 4K टीवी तीन साइज 55 इंच, 65 इंच और 75 इंच में आएगा। यह आज से Samsung.com और Amazon.in सहित ऑनलाइन प्लेटफॉर्म्स पर उपलब्ध है। क्वॉन्टम प्रोसेसर लाइट 4K से पावर्ड, 2024 क्यूएलईडी 4K टीवी सीरीज़ क्वॉन्टम डॉट और क्वॉन्टम एचडीआर के साथ 100% कलर वॉल्यूम प्रदान करती है। यह 4K अपस्केलिंग के साथ भी आता है जो यूजर्स को हाई-रिज़ॉल्यूशन 4K कॉन्टेंट, Q-सिम्फनी साउंड टेक्नोलॉजी, डुअल एलईडी, गेमिंग के लिए मोशन एक्सेलेरेटर और पैनटोन वैलिडेशन का मजा देता है और इससे उपभोक्ताओं को जीवंत पिक्चर क्वालिटी की सुविधा मिलती है। सैमसंग इंडिया के विजुअल डिस्प्ले बिज़नेस के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट मोहनदीप सिंह ने कहा पिछले कुछ सालों में कॉन्टेंट की खपत में तेज़ी से बदलाव आया है, क्योंकि यूज़र्स ज़्यादा शानदार और प्रीमियम व्यूइंग एक्सपीरियंस की मांग कर रहे हैं। इस मांग को पूरा करने के लिए, हमने 2024 क्यूएलईडी 4K TV सीरीज़ लॉन्च की है, जो प्रीमियम और बेहतरीन व्यूइंग एक्सपीरियंस की दुनिया में एक नया कदम है। नई TV सीरीज़ 4K अपस्केलिंग फ़ीचर के साथ जीवंत पिक्चर क्वॉलिटी प्रदान करती है, जो पर्दे पर कंटेंट को नियर-4K लेवल्स में बदल देती है, जिससे टीवी देखने का अनुभव बहुत शानदार हो जाता है।

### कैस्ट्रॉल ने भारत में एज उत्पादों की नई रेंज लॉन्च की

**मुंबई:** कैस्ट्रॉल इंडिया लिमिटेड ने आज कैस्ट्रॉल एज (श्वष्ठलश्व)लाइन के तहत उत्पादों की एक नई रेंज लॉन्च की है। ऑन-डिमांड परफॉर्मेंस के लिए डिज़ाइन किए गए इस प्रीमियम और एडवांस इंजन ऑयल में अब पैसेंजर कार सेगमेंट के लिए तीन नए वैरिएंट मिलेंगे। ये नए वैरिएंट ऑटोमोटिव उपभोक्ताओं की बदलती ज़रूरतों को पूरा करेंगे। इस लॉन्च का प्रचार एक प्रभावशाली टेलीविजन कमर्शियल (ञ्जङ्कष्ट) कैंपेन द्वारा किया जा रहा है, जिसका शीर्षक 'स्टे अहेड' है, जिसमें बॉलीवुड सुपरस्टार और ब्रांड एंबेसडर शाहरुख खान शामिल हैं। इस टीवी विज्ञापन का भव्य प्रीमियर 9 जून 2024 को बहुप्रतीक्षित भारत बनाम पाकिस्तान ञ्20 मैच के दौरान हुआ, जिसमें शाहरुख खान को एक नए और रोमांचक अवतार में दिखाया गया है। इसमें कैस्ट्रॉल एज का बेहतरीन प्रदर्शन दिखाया गया है। यह विज्ञापन बहुत चतुराई से आज की पैपराजी संस्कृति पर आधारित है। इसमें मशहूर हस्तियों को शटरबग्स से 'आगे रहने' के लिए नए-नए तरीके खोजते हुए दिखाया गया है। इस टीवी विज्ञापन का मुख्य संदेश यह है कि कैस्ट्रॉल एज में जरूरत के मुताबिक इंजन के प्रदर्शन (परफॉर्मेंस) को बढ़ाने की क्षमता है, जिससे ड्राइवर किसी भी स्थिति और इलाके में इसके बेहतरीन प्रदर्शन पर भरोसा कर सकते हैं। इस टीवी विज्ञापन की शुरुआत शाहरुख खान से होती है, जो अपनी खड़ी कार के पास कैस्ट्रॉल एज का पैकेट हाथ में लेकर मजेदार डांस मूव्स दिखा रहे हैं। जल्दी ही, बाइक पर सवार पैपराजी, जो उनका पीछा करते-करते थक चुके हैं, शाहरुख को देखकर आश्चर्यचकित होते हुए उनके पास आते हैं।

### इक्सिगो का आईपीओ दस जून से खुलेगा

**नई दिल्ली।** ट्रैवल वेबसाइट इक्सिगो की प्रवर्तक कंपनी ले ट्रैवेन्यूज टेक्नोलॉजी लिमिटेड का आईपीओ सोमवार से खुल रहा है। आम निवेशक बुधवार तक इसके लिए बोली लगा सकते हैं। इक्सिगो आईपीओ का इश्यू साइज 740 करोड़ रुपये का है। इसमें फ्रेश इश्यू 120 करोड़ रुपये का और ऑफर फॉर सेल 620 करोड़ रुपये का है। कंपनी ने आईपीओ का प्राइस बैंड 88 रुपये से लेकर 93 रुपये प्रति शेयर तय किया है। इसका लॉट साइज 161 शेयरों का है।


## अदाणी फाउंडेशन ने एसीसी की चिल्हाटी साइट पर सीएससी के ज़रिये लोहारसी गांव में प्रदान की प्रौद्योगिकी-सक्षम ई-सेवाएं

**बिलासपुर :** विविधीकृत अदाणी पोर्टफोलियो की सीमेंट एवं निर्माण सामग्री कंपनी एसीसी लिमिटेड को गर्व है कि उसने अपने परिचालन क्षेत्र के लोगों में आत्मनिर्भरता लाने के लिए डिजिटल परिवर्तन लाने में मदद की। एसीसी ने अदाणी फाउंडेशन के साथ मिलकर हाल ही में छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में लोहारसी गांव में इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (मेइटी) से संबद्ध कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) स्थापित कर एसीसी चिल्हाटी साइट के पास ऐसे ही परिवर्तन का सूत्रपात किया। अदाणी फाउंडेशन की सीएसआर टीम ने पाया कि 17,000 की आबादी के बावजूद लोहारसी और उसके आस-पास के गांवों के निवासियों को




बुनियादी सरकारी ई-सेवाओं का लाभ उठाने के लिए 8 किलोमीटर तक की यात्रा करनी पड़ती है, जिससे इन सेवाओं तक उनकी पहुंच सीमित हो जाती है। इसलिए, टीम ने एक स्थानीय व्यक्ति, देवी प्रसाद तिवारी की पहचान की, जिन्हें कंप्यूटर के उपयोग के बारे में कुछ जानकारी थी। उन्हें सरकार से सीएससी आईडी प्राधिकरण की तैयारी के लिए मार्गदर्शन और प्रशिक्षण प्रदान किया गया। परीक्षा पास करने के बाद, सीएसआर टीम ने उन्हें गांव में सीएससी शुरू करने में मदद करने के लिए एक कंप्यूटर, प्रिंटर, टेबल, कुर्सी और बायोमेट्रिक्स डिवाइस प्रदान किया। नए सीएससी का प्रचार लोहारसी और आस-पास के गांवों में मौजूद अदाणी फाउंडेशन के स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) के सदस्यों द्वारा किया गया। इसके परिणामस्वरूप, तिवारी अब अपने साथी ग्रामीणों को सरकार के डिजिटल इंडिया कार्यक्रम के तहत सभी सेवाएं प्रदान करने में सक्षम हैं। इसमें विभिन्न सरकारी आईडी का लाभ उठाना, साथ ही बीमा, यात्रा और भुगतान सेवाएं, नकद निकासी, साथ ही विभिन्न सरकारी प्रमाण पत्र, योजनाएं, साथ ही छात्रों के लिए फोटोकॉपी जारी करना शामिल है। सीएससी इतना लोकप्रिय है कि अब आस-पास के अन्य गांवों के निवासी भी मामूली लागत पर ई-सेवाएं प्राप्त करने के लिए यहां आ रहे हैं। अब तक इस केंद्र ने लगभग 1,000 परिवारों को सरकार की विभिन्न सेवाओं और योजनाओं का लाभ उठाने में सहायता की है, जिसकी कुल राशि 1.1 करोड़ रुपये है और इसमें लोगों को आभा स्वास्थ्य योजना से जोड़ने पर जोर दिया गया है, जिससे लगभग 50 लाख रुपये का लाभ हुआ। इसे देखते हुए, एसीसी और अदाणी फाउंडेशन ने अब दो नए सीएससी स्थापित करने के लिए इस क्षेत्र में दो और गांवों की पहचान की है।

## टॉप 10 मूल्यवान कंपनियों में आठ का एमकैप 3.28 लाख करोड़ रुपये बढ़ा



**सबसे ज्यादा फायदे में रही तीन कंपनियां**

**नईदिल्ली।** पिछले सप्ताह 10 सबसे मूल्यवान घरेलू कंपनियों में आठ ने अपने बाजार मूल्यांकन में कुल मिलाकर 3.28 लाख करोड़ रुपये जोड़े। इस दौरान टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, हिंदुस्तान यूनिलीवर और रिलायंस इंडस्ट्रीज को सर्वाधिक लाभ हुआ। उतार-चढ़ाव से भरे सप्ताह में बीएसई सेंसेक्स 2,732.05 अंक या 3.69 प्रतिशत उछल गया। शीर्ष 10 कंपनियों में रिलायंस इंडस्ट्रीज, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक, इंफोसिस, हिंदुस्तान यूनिलीवर (एचयूएल) और आईटीसी को लाभ हुआ। इन कंपनियों ने अपने बाजार मूल्यांकन में कुल 3,28,116.58 करोड़ रुपये जोड़े। शीर्ष 10 कंपनियों में भारतीय स्टेट बैंक और भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) के बाजार मूल्यांकन में गिरावट हुई। समीक्षाधीन सप्ताह में टीसीएस का बाजार मूल्यांकन 80,828.08 करोड़ रुपये बढ़कर 14,08,485.29 करोड़ रुपये हो गया। हिंदुस्तान यूनिलीवर ने 58,258.11 करोड़ रुपये जोड़े, जिससे इसका बाजार मूल्यांकन 6,05,407.43 करोड़ रुपये हो गया। रिलायंस इंडस्ट्रीज का मूल्यांकन 54,024.35 करोड़ रुपये बढ़कर 19,88,741.47 करोड़ रुपये और इंफोसिस का मूल्यांकन 52,770.59 करोड़ रुपये बढ़कर 6,36,630.87 करोड़ रुपये हो गया।

## अदाणी एयरपोर्ट्स ने वित्त वर्ष 24 में संभाला एक मिलियन टन से ज्यादा कार्गो

**मुंबई।** अदाणी एयरपोर्ट होल्डिंग्स लिमिटेड (एएएचएल) की ओर से रविवार को कहा गया कि वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान कंपनी ने एक मिलियन टन एयर कार्गो संभाला है। इसमें सालाना आधार पर 7 प्रतिशत की बढ़त देखने को मिली है। पिछले वित्त वर्ष कंपनी ने 9,44,912 मीट्रिक टन कार्गो संभाला गया था। अदाणी ग्रुप देश में सात एयरपोर्ट्स संभालता है और वित्त वर्ष 2023-24 में 10 लाख मीट्रिक टन कार्गो संभालने के साथ कंपनी का मार्केट शेयर 30.1 प्रतिशत हो गया है। एएएचएल के सीईओ अरुण बंसल ने कहा कि अदाणी एयरपोर्ट होल्डिंग्स लिमिटेड में हम लगातार संचालन के नए




बेंचमार्क सेट कर रहे हैं। कार्गो टर्मिनल की ओर से एक मिलियन टन का बड़ा माइलस्टोन हासिल किया गया है। कंपनी ने कहा कि हैंडल किए गए सभी कार्गो में 65 प्रतिशत अंतरराष्ट्रीय था। अंतरराष्ट्रीय कार्गो सालाना आधार पर 9 प्रतिशत बढ़कर 6,62,258 मीट्रिक टन हो गया है, जो कि इससे पिछले वित्त वर्ष 6,06,348 मीट्रिक टन था। कंपनी द्वारा संभाले गए कार्गो में ऑटोमोबाइल, फार्मा, जल्द नष्ट होने वाली चीजें, इलेक्ट्रॉनिक्स और इंजीनियरिंग गुड्स थे। बंसल ने आगे कहा कि हमारी ये उपलब्धि घरेलू और अंतरराष्ट्रीय कार्गो हैंडल करने में हमारी स्थिति को और मजबूत करती है।

## बजाज हाउसिंग फाइनेंस ने 7,000 करोड़ जुटाने के लिए आईपीओ लाने की तैयारी शुरू की

**नई दिल्ली।** बजाज फाइनेंस की सब्सिडियरी कंपनी बजाज हाउसिंग फाइनेंस जल्द ही शेयर मार्केट में आने की तैयारी में है। कंपनी ने इसके लिए जरूरी दस्तावेज भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) के पास दाखिल कर दिए हैं। इस पब्लिक ऑफरिंग (आईपीओ) के जरिए कंपनी करीब 7,000 करोड़ रुपये जुटाना चाहती है। इस राशि को जुटाने के लिए कंपनी दो तरीके अपनाएगी। पहला, वो 4,000 करोड़ रुपये के नए शेयर जारी करेगी। दूसरा, बजाज फाइनेंस लिमिटेड अपनी मौजूदा हिस्सेदारी बेचेगी, जिससे अनुमान है कि उन्हें करीब 3,000 करोड़ रुपये मिल जाएंगे। शेयर की फेस वैल्यू 10 रुपये रखी गई है। ये घोषणा बजाज हाउसिंग फाइनेंस के बोर्ड द्वारा कंपनी को लिस्ट कराने की योजना को हरी झंडी मिलने के एक दिन की गई है।




जरूरी नियमों को पूरा करने के लिए ये फैसला लिया गया है, लेकिन इसे शेयर बाजार के हालातों पर भी निर्भर रखा गया है। साथ ही, बजाज फाइनेंस (बजाज हाउसिंग फाइनेंस की मूल कंपनी) ने ये भी बताया है कि वो अपनी इस सब्सिडियरी कंपनी में 3,000 करोड़ रुपये के शेयर बेचेगी। बजाज हाउसिंग फाइनेंस 100 प्रतिशत सब्सिडियरी कंपनी है। कंपनी को इस आईपीओ से मिलने वाले पैसों का इस्तेमाल अपने पूंजी को मजबूत करने और भविष्य में लोन देने की जरूरतों को पूरा करने में किया जाएगा। भारतीय रिजर्व बैंक ने सितंबर 2022 में 15 ऐसे गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी) की लिस्ट जारी की थी जिनका लोन बुक 50,000 करोड़ रुपये से जयादा था। इन्हें अपर लेयर का एनबीएफसी माना जाता है। आरबीआई के नियमों के अनुसार, ऐसी कंपनियों को सितंबर 2025 तक शेयर बाजार में लिस्ट होना जरूरी है। बजाज हाउसिंग फाइनेंस को इसी वजह से आईपीओ लाना पड़ रहा है. इस आईपीओ को कई बड़े इन्वेस्टमेंट बैंकों जैसे कोटक महिंद्रा कैपिटल कंपनी लिमिटेड, बोफा सिक्योरिटीज इंडिया लिमिटेड, एक्सिस कैपिटल लिमिटेड, गोल्डमैन सैक्स (इंडिया) सिक्योरिटीज प्राइवेट लिमिटेड, एसबीआई कैपिटल मार्केट्स लिमिटेड, जेएम फाइनेंशियल लिमिटेड और आईआईएफएल सिक्योरिटीज लिमिटेड का साथ मिल रहा है। कंपनी का प्रदर्शन भी अच्छा रहा है। वित्त वर्ष 24 में कंपनी का नेट प्रॉफिट पिछले साल के मुकाबले 38 प्रतिशत बढ़कर 1,731 करोड़ रुपये हो गया है।

## ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ हार से बढ़ीं इंग्लिश टीम की मुश्किलें

**ब्रिजटाउन (बारबाडोस)।** सलामी बल्लेबाज डेविड वॉर्नर, ट्रेविस हेड और एडम जम्पा के शानदार प्रदर्शन की बदौलत टी20 विश्व कप 2024 के अहम मुक़ाबले में ऑस्ट्रेलिया ने वर्तमान चैंपियन इंग्लैंड को 36 रनों से पटखनी दे दी। ऑस्ट्रेलिया ने 20 ओवरों में 201/7 का विशाल स्कोर खड़ा किया और मौजूदा टूर्नामेंट में 200 रन का आंकड़ा पार करने वाली पहली टीम बन गई। इंग्लैंड इस स्कोर के जवाब में निर्धारित 20 ओवरों में 6 विकेट पर 165 रन ही बना पाई। ऑस्ट्रेलिया के 201 रनों के जवाब में इंग्लैंड ने आक्रामक शुरुआत की। जोस बटलर और फ़िल सॉल्ट ने इंग्लैंड को आक्रामक शुरुआत दिलाई, लेकिन एडम ज़म्पा ने मोर्चा संभालते ही इंग्लैंड को बैकफुट पर धकेल दिया। ज़म्पा ने इंग्लैंड के दोनों सेट ओपनरों सॉल्ट और बटलर के रूप में इंग्लैंड को जो झटके दिए उससे इंग्लैंड उबर ही नहीं पाया। ज़म्पा को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। इस जीत से ऑस्ट्रेलिया अंक तालिका में ग्रुप बी की नंबर एक टीम बन गई है। वहीं इंग्लैंड को टूर्नामेंट की अपनी पहली जीत का इंतज़ार है। ग्रुप बी में स्कॉटलैंड और नामीबिया जैसी टीमें भी इंग्लैंड से ऊपर हैं। इंग्लैंड के लिए यहां से मुश्किलें बढ़ गई हैं। उसे ग्रुप स्टेज के बचे अपने दोनों मैच जीतने होंगे, इसके साथ ही उसे अपने नेट रन रेट पर भी ध्यान देना होगा।

## शब्द सामर्थ्य -083

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**
1. जल छिड़कना, राजा के सिंहासन रोहन का अनुष्ठान 4. मवाद, पीब (अं) 6. जाति 7. हाथ से धीरे-धीरे ठोंकना, थपकना 9. कमल रोग से ग्रसित व्यक्ति (उ.) 11. किरण 12. छौंक, तड़का 13. दुखदायी, दर्दनाक 15. विवाद, कहासुनी, तकरार 18. समूह, दल, समुदाय 19. दण्ड 20. काजल 22. अनाथ, निराश्रित, यतीम 24. दुख, शोक 25. एक प्रसिद्ध सफेद पक्षी, वक 26. राज्य का विदेश में प्रतिनिधि।

**ऊपर से नीचे**
1. विचित्र, अद्‌भूत 2. अंदर ही अंदर हानि पहुंचाना 3. वचन, वाणी 4. गुमराह, जो रास्ते से भटक गया हो 5. मुलायम सिंह की पार्टी का संक्षिप्त नाम 8. ब्रह्मपुत्र एक प्रसिद्ध देवर्षि 10. कार्यावली, करस्तानी, प्रशंसनीय कार्य 13. दासी, नौकरानी, बांदी, गुलाम स्त्री 14. प्रवृत्त करने वाला, प्रेरित करने वाला, आविष्कारक 16. श्रीकृष्ण के बड़े भाई, हलधर 17. सामान (उ.) 21. संसार, दुनिया 22. समय, चमेली की जाति का एक पौधा और फूल 23. पराजित, परास्त।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | 3 | ■ | 4 | 5 | ■ | ■ |
| 6 | | ■ | 7 | | | | 8 | ■ |
| 9 | | 10 | | ■ | | ■ | 11 | |
| 12 | | | ■ | 13 | | 14 | | ■ |
| ■ | 15 | | | | ■ | | ■ | 16 |
| 17 | ■ | | ■ | 18 | | | ■ | |
| 19 | | ■ | ■ | ■ | ■ | 20 | 21 | |
| | ■ | 22 | | 23 | | ■ | 24 | |
| 25 | | | ■ | 26 | | | | ■ |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 082 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| दि | क्क | त | ■ | आ | सा | न | ■ | आ |
| ल | ■ | मी | ■ | खि | ■ | सी | ख | ना |
| ■ | म | ज | बू | र | ■ | ह | ■ | जा |
| स | र्द | ■ | ■ | का | ■ | त | रा | ना |
| र | ■ | ■ | ■ | र | वि | ■ | ह | ■ |
| प | ह | ना | ना | ■ | ना | रा | ज | ■ |
| ट | ■ | ■ | क | शि | श | ■ | नी | ला |
| ■ | र | ■ | ■ | का | ■ | रा | ■ | य |
| खा | ति | र | दा | री | ■ | त | क्ष | क |

## सू- दोकू क्र.083

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | | | 4 | | | 7 | |
| | | 6 | 9 | | 2 | | | 1 |
| | 7 | | | 6 | | 8 | | 2 |
| 1 | | | | | | | 8 | |
| | 8 | | | 5 | | 2 | | 3 |
| 3 | | 2 | | | 4 | | 1 | |
| | 3 | | 2 | | | 4 | | |
| | | 8 | | 1 | 6 | | | 7 |
| 9 | | | 4 | | | | 2 | |

**नियम**
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र 082 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | 6 | 8 | 2 | 5 | 4 | 7 | 1 |
| 8 | 2 | 5 | 1 | 7 | 4 | 6 | 3 | 9 |
| 7 | 1 | 4 | 6 | 9 | 3 | | 2 | 5 |
| 1 | 8 | 9 | 3 | 6 | 7 | 2 | 5 | 4 |
| 2 | 6 | 7 | 5 | 4 | 8 | 1 | 9 | 3 |
| 5 | 4 | 3 | 9 | 1 | 2 | 7 | 8 | 6 |
| 6 | 7 | 2 | 4 | 3 | 9 | 5 | 1 | 8 |
| 9 | 5 | 1 | 7 | 8 | 6 | 3 | 4 | 2 |
| 4 | 3 | 8 | 2 | 5 | 1 | 9 | 6 | 7 |

दैनिक
# विश्व परिवार
## महानगर

www.dvpnews.in
vishwapariwarraipur@gmail.com

रायपुर, मंगलवार 11 जून 2024



## मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय आज जशपुर जिले के रनपुर जाएंगे

**रायपुर (विसं)।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय मंगलवार 11 जून को जशपुर जिले के दौरे पर रहेंगे। जारी दौरा कार्यक्रम के अनुसार मुख्यमंत्री श्री साय 11 जून को दोपहर 12.35 बजे रायपुर पुलिस ग्राउण्ड हेलीपेड से हेलीकॉप्टर द्वारा रवाना होकर 1.55 बजे जशपुर जिले बगीचा तहसील के ग्राम रनपुर पहुंचेंगे। मुख्यमंत्री यहां 2 से 3 बजे तक स्वयंभू प्रकट श्री गणेश मंदिर के भव्य प्रतिष्ठा कार्यक्रम में शामिल होंगे। मुख्यमंत्री श्री साय अपरान्ह 3.35 बजे रनपुर से हेलीकॉप्टर से रवाना होकर संध्या 4.55 बजे रायपुर लौट आएंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### गिरौदपुरी धाम के जैतखांभ में हुई तोड़फोड़ की होगी न्यायिक जांच : उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** सतनामी समाज के विभिन्न संगठनों एवं प्रतिनिधियों की मांग पर गिरौदपुरी धाम के पवित्र अमरगुफा के नजदीक जैतखांभ में हुई तोड़फोड़ पर मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के निर्देशानुसार उपमुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री विजय शर्मा ने इस पूरे मामले के लिए न्यायिक जांच कराने की घोषणा की है। उन्होंने दो टूक कहा की प्रदेश में कही भी सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने वाली घटनाओं को बर्दाश्त नही की जाएगी ऐसे कृत्य करने वाले दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही सभी से सामाजिक सौहार्द्र बनाए रखने की अपील भी की है। गौरतलब है की विगत दिनों 15-16 मई रात को पूज्य जैतखांभ को क्षति पहुंचाने की कोशिश की गई थी।

### मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय 13 जून से करेंगे विभागों की समीक्षा, विभागों के आला अधिकारी बैठक में होंगे शामिल

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय लोकसभा चुनाव सम्पन्न होने के बाद शासकीय काम-काज में कसावट और तेजी लाने के लिए 13 जून से विभिन्न विभागों के काम-काज और योजनाओं की प्रगति की समीक्षा शुरू करने जा रहे हैं। मुख्यमंत्री द्वारा ली जाने वाली इस समीक्षा बैठक में संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहेंगे। मुख्यमंत्री श्री साय 13 जून को दोपहर 01 बजे से मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में कृषि एवं उद्यानिकी विभाग तथा अपरान्ह 3 बजे से पशुधन विकास, मत्स्यपालन एवं दुग्ध महासंघ के काम-काज की समीक्षा करेंगे। मुख्यमंत्री 14 जून को पूर्वान्ह 11.30 बजे से स्वास्थ्य विभाग तथा अपरान्ह 3 बजे चिकित्सा शिक्षा, खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग की समीक्षा बैठक लेंगे। मुख्यमंत्री 15 जून को पूर्वान्ह 11.30 बजे से लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी तथा दोपहर 2 बजे से गृह एवं जेल विभाग की समीक्षा बैठक लेंगे।

### युवाओं के समग्र विकास पर विचार-मंथन

**रायपुर ( आरएनएस )।** समग्र विकास के विषय पर युवाओं के साथ राजधानी रायपुर की समाज सेवी संस्था-प्रोग्रेसिव यूटिलाइजेशन ऑफ रिसर्च एंड इकोनॉमिक्स (प्योर) ने आज विचार-मंथन का आयोजन किया। युवाओं के साथ वैचारिक आदान-प्रदान इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य था। अटल नगर (नया रायपुर )के एक निजी संस्थान में आयोजित इस कार्यक्रम में युवा लीडर्स टीम में अन्नया चैट्रजी, जिज्ञासा साहू , मानेशा ठाकुर, तनिष्क पोमल , आदर्श दीक्षित,पूजा सोनी , गुलशन मानसरोवर , मिथिलेश चैट्रजी, नव्या ने अपने विचार सबके सामने रखे ।डॉ. सत्यजीत साहू ने युवाओं को कैरियर निर्माण के साथ सामाजिक और आध्यात्मिक चेतना के विकास के लिये ज़रूरी कदमों के बारे में जानकारी दी।

# जैतखाम तोड़े जाने के विरोध में समाज के लोगों ने कलेक्ट्रेट में की तोड़फोड़ और आगजनी



**रायपुर/बलौदाबाजार ( आरएनएस )।** बलौदाबाजार जिले में गिरौदपुरी धाम की एक बस्ती में बने जैतखाम और सतनामी समाज के पूजा स्थल में तोड़-फोड़ के मामले में सोमवार को सतनामी समाज के लोग कलेक्ट्रेट परिसर में जमकर हंगामा किया। इस दौरान उग्र प्रदर्शनकारियों ने कलेक्टर दफ्तर और जिला पंचायत कार्यालय परिसर में खड़े कई वाहनों में तोड़फोड़ कर उन्हें आग के हवाले कर दिया। इस दौरान मौके पर पहुंची पुलिस के साथ भी जमकर झूमाझटकी हुई। घटना में कई लोग घायल भी हुए हैं। इस घटना के बाद शहर में कर्फ्यू जैसे हालात निर्मित हो गए हैं।

बता दें कि गिरौदपुरी धाम से 5 किलोमीटर दूर एक बस्ती मानाकोनी है। यहां पर पुरानी गुफा है, जो बाघिन गुफा के नाम से प्रचलित है। जहां जैतखाम और सतनामी समाज के पूजा स्थल में तोड़-फोड़ की गई थी। इसके बाद समाज के लोगों ने चक्काजाम किया था। पूर्व में इस मामले में गृहमंत्री विजय शर्मा ने रविवार को ट्वीट कर कहा था कि पूरे मामले की न्यायिक जांच की जाएगी। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश थे कि सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने वाली इस घटना की न्यायिक जांच कराई जाए। यह न्यायिक जांच रिटायर्ड जज या कार्यरत जज से कराई जाएगी।

वहीं गिरौधपुरी में जैतखाम तोड़े जाने के विरोध में समाज के हजारों की संख्या में लोग दशहरा मैदान में कई दिनों से प्रदर्शन कर रहे थे। सोमवार को यह भीड़ कलेक्ट्रेट और जिला पंचायत कार्यालय का घेराव करने पहुंच गई। कुछ देर में ही प्रदर्शनकारी उग्र हो गए। लोगों ने कलेक्ट्रेट में खड़े वाहनों में तोड़फोड़ की तथा कलेक्टर कार्यालय और जिला पंचायत कार्यालय में आग लगा दी। इस दौरान आग लगाने के सूचना पर फायर ब्रिगेड की 7 गाड़ियां पहुंची हैं और आग बुझाने का प्रयास कर रही थी पर गुस्साये प्रदर्शनकारियों ने दमकल की 2 गाड़ियों में भी आग लगा दी और एक में तोड़फोड़ की है। इस घटना के दौरान कलेक्टर कार्यालय के अंदर 100 से 150 लोग फंसे रहे, जो अपने काम से गए थे। उन्हें पीछे से किचन के रास्ते पुलिस बल ने बाहर निकाला। इन सभी को मैदान में सुरक्षित रखा गया है। फिलहाल क्षेत्र में भारी पुलिस बल तैनात किया गया है तथा कर्फ्यू जैसे हालात निर्मित हो गए हैं।

# नई दिल्ली में छत्तीसगढ़ जूनियर पावर लिफ्टर्स से मुख्यमंत्री की मुलाकात



**रायपुर/दिल्ली ( विश्व परिवार )।** नई दिल्ली के छत्तीसगढ़ सदन में आज मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने नेशनल जूनियर और सब जूनियर प्रतियोगिताओं में भाग लेने आए छत्तीसगढ़ के 32 पावर लिफ्टर खिलाड़ियों से मुलाकात की।

इस अवसर पर छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा और उप मुख्यमंत्री अरुण साव भी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए उनकी मेहनत और समर्पण की सराहना की।

उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा और अरुण साव ने भी खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। खिलाड़ियों ने अपने अनुभव साझा किए और राज्य सरकार से मिल रहे समर्थन के लिए आभार व्यक्त किया।

# लापरवाही करने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई, मानवीय पहलुओं का रखा जाए ध्यान : स्वास्थ्य मंत्री

### प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र नवानगर में प्रसव को लेकर प्रोटोकॉल का पालन नही करने वाले खण्ड चिकित्सा अधिकारी और स्टाफनर्स निलंबित



**रायपुर ( आरएनएस )।** सरगुजा जिले के विकासखण्ड अंबिकापुर अंतर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र नवानगर में प्रसूता द्वारा जमीन पर प्रसव किए जाने की घटना संज्ञान में आते ही स्वास्थ्य मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल ने घटना की जांच के निर्देश दिए थे। मामले को लेकर स्वास्थ्य विभाग द्वारा जांच करवाई गई। जांच के दौरान बीएमओ, संस्था प्रभारी, बीपीएम, स्टॉफ नर्स, एएनएम एवं स्थानीय मितानिन उपस्थित रहे। जांच के तहत सभी के समक्ष उक्त प्रकरण के बारे में बयान लिया गया, तथा जच्चा-बच्चा प्रसूता महिला एवं नवजात बच्चों को देखा गया। प्रसव को लेकर प्रोटोकॉल का पालन नही करने वाले खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ पी.एन. राजवाड़े को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया। रात्रिकालिन स्टॉफ द्वितीय एएनएम श्रीमती मीना चौहान को तत्काल प्रभाव से हटाकर आयुष्मान मंदिर रेवापुर में कार्यादेशित किया गया। डयूटी में पदस्थ स्टॉफनर्स बिना पूर्व सूचना के स्टॉफ नर्स कन्या पैंकरा कार्य में अनुपस्थित थी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया, निलंबन अवधि में संबंधित का मुख्यालय शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र नवापारा किया गया। निलबंन अवधि में संबंधित को जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी। स्वास्थ्य मंत्री श्री जायसवाल ने विभाग के अधिकारियों को निर्देश जारी किए हैं की भविष्य में भी ऐसी गंभीर लापरवाही करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाए और मरीजों के मानवीय पहलुओं का विशेष ध्यान रखा जाए।

# श्री दिगंबर जैन श्रमण संस्कृति संस्थान सांगानेर द्वारा मालवीय रोड दिगंबर जैन मंदिर में लगाई जा रही हैं विभिन्न धार्मिक कक्षाएं



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** श्री दिगंबर जैन श्रमण संस्कृति संस्थान सांगानेर राजस्थान एवं श्री आदिनाथ दिगंबर जैन बड़ा मंदिर मालवीय रोड़ रायपुर के सयुक्त तत्वाधान में आयोजित 7 दिवसीय श्रवण संस्कृति संस्कार शिक्षण शिविर ट्रस्ट से नरेंद्र जैन मेनेजिग ट्रस्टी, अध्यक्ष यशवंत जैन, सचिव सुजित जैन, कोषाधक्ष्य दिलीप जैन ने बताया द्वितीय दिन आचार्य श्री का चित्र अनावरण व दीप प्रवज्लन ट्रस्ट कमेटी के पदाधिकारीयो ने किया, भगवान को पाडुक शीला में विराजित कर अभिषेक, शांतिधारा श्री सुजित स्वाति जैन परिवार के द्वारा किया गया। तत्पश्चात धार्मिक कक्षाएं सागनेर राजस्थान से प्रशिक्षक विद्वान प.श्री पीयूषजी जैन भारिल्ल,प.श्री सौरभ जी जैन, प .श्री प्रियांशु जी जैन के द्वारा ली गई, सायकालीन आरती, सांस्कृतिक कार्यक्रम की श्रृंखला में आज आचार्य श्री विद्यासागर के जीवन पर आधारित फिल्म का आयोजन श्री दिगम्बर जैन महिला मंडल श्री जैन युवा महासभा रायपुर, दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप रायपुर के द्वारा विद्यासागर हॉल में दिखाया जाएगा।

# विशेष लेख : विष्णु सरकार की सुध से खेती-किसानी को नया सम्बल



**रायपुर (विश्व परिवार)।** देश की जीडीपी में कृषि का बड़ा योगदान है। छत्तीसगढ़ की अर्थव्यवस्था का मूल आधार भी कृषि ही है और यह धान का कटोरा कहलाता है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में प्रदेश सरकार ने अल्पावधि में राज्य के किसानों के हित में कई फैसले लिए हैं, इससे राज्य में खेती-किसानी को नया सम्बल मिला है। किसान बेहद खुश है। उनके मन में एक नई उम्मीद जगी है।

छत्तीसगढ़ की नई सरकार ने प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान की समर्थन मूल्य पर खरीदी तथा दो साल के बकाया धान बोनस की राशि 3716 करोड़ रूपए का भुगतान करके एक ओर जहां अपना संकल्प पूरा किया है, वहीं दूसरी ओर किसानों से बीते खरीफ विपणन वर्ष में 144.92 लाख मेट्रिक टन धान की रिकार्ड खरीदी की है। किसानों को समर्थन मूल्य के रूप में 31,914 करोड़ रूपए का भुगतान एवं किसान समृद्धि योजना के माध्यम से मूल्य की अंतर की राशि 13,320 करोड़ का भुगतान करके यह बता दिया है कि छत्तीसगढ़ की खुशहाली और अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने का रास्ता खेती-किसानी से ही निकलेगा।

किसानों का मानना है कि राज्य सरकार के अब तक के फैसलों से यह स्पष्ट हो गया है कि यह सरकार किसानों की हितैषी है। खेती-किसानी ही छत्तीसगढ़ की अर्थव्यवस्था का प्रमुख आधार है। कृषि के क्षेत्र में सम्पन्नता से ही छत्तीसगढ़ की अर्थव्यवस्था सुदृढ़ होगी और विकसित राज्य बनाने का सपना साकार होगा। इस बात को ध्यान में रखते हुए छत्तीसगढ़ सरकार ने इस साल कृषि के बजट में 33 प्रतिशत की वृद्धि की है।

छत्तीसगढ़ सरकार ने अपने संकल्प के मुताबिक समर्थन मूल्य पर खरीदे गए धान में प्रति क्विंटल 917 रूपए के मान से अंतर की राशि भी दे दी है। किसानों को प्रति क्विंटल के मान से 3100 रूपए के भुगतान की यह राशि देश में सर्वाधिक है। छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा इस साल के बजट में कृषक उन्नति योजना के अंतर्गत 10 हजार करोड़ की व्यवस्था की गई है।

छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा राज्य में कृषि को बढ़ावा देने के लिए कई अभिनव पहल की जा रही है। जशपुर जिले के कुनकुरी में कृषि व्यवसाय प्रबंधन महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र तथा बलरामपुर जिले के रामचंद्रपुर में पोस्ट हार्वेस्ट मैनेजमेंट एवं प्रोसेसिंग टेक्नोलॉजी महाविद्यालय, सूरजपुर जिले के सिलफिली एवं रायगढ़ में शासकीय उद्यानिकी एवं वानिकी महाविद्यालय, तथा मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले के खडगंवा में कृषि महाविद्यालय खोलने की व्यवस्था बजट में की है।

कृषि में आधुनिक उपकरणों के प्रयोग को बढ़ावा देने के लिए कृषि अभियांत्रिकी संचालनालय की स्थापना एवं राज्य स्तरीय नवीन कृषि यंत्र परीक्षण प्रयोगशाला के भवन का निर्माण, दुर्ग एवं सरगुजा जिले में कृषि यंत्री कार्यालय तथा रासायनिक उर्वरकों की जांच के लिए सरगुजा जिले में गुणवत्ता नियंत्रण प्रयोगशाला की स्थापना की जाएगी।

राज्य के किसानों को सहकारी एवं ग्रामीण बैंकों से ब्याज मुक्त कृषि ऋण उपलब्ध कराने के लिए 8 हजार 500 करोड़ का लक्ष्य तथा भूमिहीन कृषि मजदूरों की सहायता हेतु दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर योजना के तहत भूमिहीन परिवारों को प्रतिवर्ष 10 हजार रूपये की आर्थिक सहायता देने के लिए बजट में 500 करोड़ रुपए का प्रावधान है।

छत्तीसगढ़ में किसानों को सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने के लिए प्रधानमंत्री सिंचाई योजना, सौर सुजला योजना के माध्यम से सिंचित रकबे में बढ़ोत्तरी का प्रयास किया जा रहा है। नवीन सिंचाई योजना के लिए 300 करोड़ रूपए, लघु सिंचाई की चालू परियोजनाओं के लिए 692 करोड़ रूपए, नाबार्ड पोषित सिंचाई परियोजनाओं के लिए 433 करोड़ रूपए एवं एनीकट तथा स्टाप डेम निर्माण के लिए 262 करोड़ रूपए का बजट प्रावधान छत्तीसगढ़ सरकार ने किया है।

छत्तीसगढ़ में किसानों एवं भूमिहीन मजदूरों की स्थिति में सुधार, कृषि एवं सहायक गतिविधियां के लिए समन्वित प्रयास पर राज्य सरकार का फोकस है। चालू वित्तीय वर्ष कृषि बजट 33 प्रतिशत की वृद्धि करते हुए 13 हजार 435 करोड़ रूपए का प्रावधान किया गया है। किसानों को सहकारी एवं ग्रामीण बैंकों से ब्याज मुक्त कृषि ऋण उपलब्ध कराने के लिए 8500 करोड़ रूपए की साख सीमा छत्तीसगढ़ सरकार ने तय की है।

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने वर्तमान खरीफ सीजन को देखते हुए राज्यभर की सहकारी समितियों में सोसायटियो में गुणवत्तापूर्ण खाद-बीज भंडारण एवं उठाव की स्थिति पर निरंतर निगरानी रखने को कहा है। मुख्यमंत्री ने कहा है कि किसानों को खाद-बीज के लिए किसी भी तरह की दिक्कत का सामना न करना पड़े, इसलिए पर्याप्त व्यवस्था की जानी चाहिए।

मुख्यमंत्री ने अपने खेती-किसानी के दीर्घ अनुभव के आधार पर कहा है कि खरीफ सीजन में किसान भाईयों द्वारा डी.ए.पी. खाद की मांग ज्यादा की जाती है। इसको ध्यान में रखते हुए डी.ए.पी. खाद की मांग और सप्लाई पर विशेष निगरानी रखी जानी चाहिए। खाद-बीज की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए सेंम्पलिंग एवं प्रयोगशाला के माध्यम से जांच का विशेष अभियान संचालित किया जाए।

खरीफ सीजन 2024-25 के लिए राज्य में 13.68 लाख मैट्रिक टन उर्वरकों की मांग के विरूद्ध अब तक 9.13 लाख मैट्रिक टन उर्वरक की उपलब्धता सुनिश्चित कर ली गयी है, जो मांग का 67 प्रतिशत है। सोसायटियों में विभिन्न खरीफ फसलों के बीज पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं। खरीफ सीजन 2024-25 में 5 लाख 59 हजार 203 क्विंटल बीज की मांग के विरूद्ध 6 लाख 39 हजार 4 क्विंटल बीज उपलब्ध है, जो कि मांग का 114 प्रतिशत है। सोसायटियों से किसान लगातार बीज का उठाव कर रहे है। अब तक 03 लाख 75 हजार क्विंटल बीज का उठाव किसानों ने किया है, जो कि बीज की डिमांड का 67 प्रतिशत है।

**-नसीम अहमद खान, उप संचालक**

# 400 के.वी. उपकेंद्र कुरूद से 220 के.वी फीडर बे एवं 220 के.वी. डबल सर्किट पाटन लाइन चार्ज, आचार संहिता हटते ही विद्युत विकास कार्यों में तेजी



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत पारेषण कंपनी की अत्यंत महत्वाकांक्षी परियोजनाओं में से एक 400 के.वी. अति उच्चदाब विद्युत उपकेंद्र कुरूद से 220 के.वी. फीडर बे को आज प्रबंध निदेशक श्री राजेश कुमार शुक्ला द्वारा चार्ज कर दिया गया है। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय द्वारा अधोसंरचना विस्तार के कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए गए है, जिसके तहत प्रदेश के सचिव ऊर्जा तथा अध्यक्ष छत्तीसगढ़ राज्य ऊर्जा कंपनियां श्री पी. दयानंद के मार्गदर्शन में आज यह प्रगति दर्ज की गई।

छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत कंपनियों के अध्यक्ष श्री पी. दयानंद ने इस उपलब्धि के लिए विद्युत पारेषण कंपनी को बधाई दी है। उन्होंने कहा है कि विगत वर्षों में स्वीकृत तथा लंबित परियोजनाओं को तेजी से पूरा किया जाए। जिन क्षेत्रों में समस्याएं है उनके प्रस्ताव भी बनाए जाएं। विद्युत आपूर्ति की गुणवत्ता और विश्वसनीयता सुनिश्चित करने के लिए कदम तेजी से उठाए जाएं।

लोकसभा चुनाव की आचार संहिता समाप्त होने के पश्चात छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत कंपनियों के कार्यों में तेजी लाने का असर दिखने लगा है। 400 के.वी. कुरूद उपकेंद्र को मिलाकर प्रदेश में इस उच्च दाब क्षमता के 4 उपकेंद्र है जो खेदामारा, रायता, तथा परचनपाल में स्थित है। 400 के.वी. उपकेंद्र कुरूद से 220 के.वी. क्षमता के 6 फीडर बे निकाले जाने है, जिनमें से 2 राजिम के लिए, 2 गुरूर के लिए तथा 2 पाटन के लिए है। इनमें से पाटन के दोनों फीडर बे के निर्माण तथा उन्हें चार्ज करने का कार्य पूर्ण किया जा चुका है। आज 220 के.वी. फीडर बे तथा 20 किलोमीटर लंबी डबल सर्किट 220 के.वी. पाटन लाइन को चार्ज किया गया। इससे पाटन स्थित 220 के.वी. उपकेंद्र को प्रारंभ करने का मार्ग प्रशस्त हो गया है। इस एक कार्य की लागत लगभग 6 करोड़ रुपये है। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत पारेषण कंपनियों के कार्यपालक निदेशकगण श्री राजेश चंद्र अग्रवाल, श्री एम.एस. चौहान, मुख्य अभियंतागण श्री डी.के. तुली, श्री जी. आनंदराव, श्री अविनाश सोनेकर, अतिरिक्त मुख्य अभियंतागण श्रीमती चंद्रकला गिडवानी, श्री ईश्वर सिंह कंवर, अधीक्षण अभियंतागण श्री वी.ए. देशमुख, श्री मनोज राय, श्री प्रसन्न गोसावी तथा अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

# कृषि मंत्री ने 20 हजार करोड़ रुपए किसान सम्मान निधि जारी करने पर प्रधानमंत्री मोदी का माना आभार



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** छत्तीसगढ़ के कृषि विकास एवं किसान कल्याण मंत्री श्री रामविचार नेताम ने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा तीसरे कार्यकाल का शपथ लेते ही देश के 9.3 करोड़ किसानों को 20 हजार करोड़ रुपए की प्रधानमंत्री सम्मान निधि राशि जारी करने पर धन्यवाद ज्ञापित किया है। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत प्रदेश के 38 लाख से ज्यादा किसान पंजीकृत है। कृषि मंत्री श्री नेताम ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली हमारी सरकार किसान हितैषी सरकार है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय छत्तीसगढ़ के किसानों के विकास को प्राथमिकता में लेकर काम कर रही है। साय सरकार ने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा किए गए वादों को पूरा करते हुए प्रति क्विंटल 3100 रुपए के भाव से प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान खरीदनें का वादा निभाया। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने किसानों के पिछले दो सालो के बोनस राशि को भी देकर किसानों का भरोसा जीत लिया है। उन्होंने कहा कि मोदी जी की गारंटी को पूरा करते हुए प्रदेश के गरीबों और वंचितों के लिए 18 लाख प्रधानमंत्री आवास की स्वीकृति प्रदान की है। वहीं प्रदेश की 70 लाख से अधिक माताओं एवं बहनों को महतारी वंदन योजना के तहत प्रति माह 1 हजार रुपए दिए जा रहे हैं।

उल्लेखनिय है कि, प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने देश के किसानों के समृद्धि एवं विकास के साथ-साथ किसानों के सम्मान के लिए 24 फरवरी 2019 को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की शुरूआत की थी।

### श्रीमती एलिजाबेथ सैमुएल का निधन



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** श्रीमती एलिजाबेथ सैमुएल, सेवानिवृत्त शिक्षिका (94 वर्ष) पति स्व. के.सी. सैमुएल का शनिवार 8 जून को केरल स्थित अपने गृह ग्राम में निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 12 जून को प्रात: 11:30 बजे केरल में किया जाएगा। वे एलसी साकरिया, मोहन सैमुएल (रिटा. डी.जी.एम. सेंट्रल बैंक), जैसी, नैंसी और फिलिप (विज्जू) की माता जी थीं। संपर्क सूत्र- मोहन सैमुएल, मो. 7024115001.




लोन लेने के लिए ITR बनवायें मात्र 500/- में
शेखर गुप्ता
ONLYTDS.COM
ITR GST
हमारे TAX Expert आपकी मदद हेतु तैयार है।
G.S.T. रिटर्न
Food Licence
इन्कम TAX फाईल
M.S.M.E. रजिस्ट्रेशन
TDS रिफंड
प्रोजेक्ट रिपोर्ट
IT नोटिस
डिजिटल सिग्नेचर
9300755544, 8878655544

प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी प्रियेश कुमार जैन द्वारा मे. विश्व परिवार इंडस्ट्रीज, प्लॉट नं.-421 सेक्टर-सी, सड़क नं.-7 उरला इंडस्ट्रीयल एरिया उरला, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं ओलंपस जिम के पीछे, सेक्टर-1, शंकर नगर रायपुर ( छ.ग. ) से प्रकाशित। संपादक : प्रदीप कुमार जैन, फोन नं. : 0771- 4017966, मो.- 9981924252 RNI.NO.CHHHIN/2013/50354